सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 305

12 कियारा ने वॉर 2 में नये अवतार की धमाकेदार एंट्री



### बीबीएमकेयू में स्व. बिनोद बाबू की प्रतिमा का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने कहा

# वीरों की धरती झारखंड शिक्षा में भी बेहतर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। प्रदेश खनिज संपदा से भी संपन्न है। बेहतर शिक्षा से इसे और भी बेहतर बनाया जा सकता है। सरकार लगातार इस प्रयास में लगी है, ताकि हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़े। यही कारण है कि चाहे सरकारी स्कूल हो या कॉलेज सभी क्षेत्र में छात्र अच्छे कर रहे है। शिक्षा से युवा पीढ़ी का भविष्य बदला जा सकता है। झारखंड वीरों की धरती है। यह प्रदेश खनिज संपदा से भी संपन्न है। बेहतर शिक्षा से इसे और भी बेहतर बनाया जा सकता है। वह मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के मौके पर बोल रहे थे।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो झारखंड के पुरोधा है शिक्षाविद् है, हमलोग सभी महापुरुषों को सम्मान दे रहे है। इस मौके पर वीसी प्रोफेसर राम कुमार सिंह, समेत कई मंत्री , विधायक व राजनेता मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो एक युग पुरुष थे, उनके शिक्षा और संघर्ष का यह सम्मान है। हमें बिच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इससे पूर्व दोनों अतिथियों का पारंपरिक नृत्य और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।



#### महापुरुषों को सम्मान

सीएम ने कहा कि राज्य के अंदर अलग-अलग गली कस्बों और चौक-चौराहों को हमारे वीर सपूतों के नाम से जाना जाता है। कहीं उनकी मूर्तियां हैं तो कहीं फोटो लगी हुई है। कई ऐसे चौराहे हैं, जो आज भी महापुरुषों की मूर्ति लगने का इंतजार कर रहे है। उन्होंने कहा, यह राज्य आंदोलन की उपज है। यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है। इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और उनके नाम को सजाने के काम कर रही है। सीएम ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को अलग करने के लिए मूलवासियों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार थी, उसी समय बिनोद बाबू के नाम पर विश्वविद्यालय बनाने की परिकल्पना की गयी थी।

#### न्यूज डायरी

##### सेना ने पीओके में आतंक की तोड़ी कमर

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पीओके में आतंकियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सेना ने कई चौकियां, एक गोला-बारूद डिपो, ईंधन भंडारण केंद्र और तोपखाना समेत अन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। जवाबी कार्रवाई इतनी विनाशकारी थी कि पाकिस्तान को इसे फिर से बनाने में साल भर से अधिक समय लग सकते हैं। पुंछ ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर मुदित महाजन ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

##### दो वैज्ञानिकों के निधन पर देश भर में शोक

**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एमआर श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। वहीं खगोल वैज्ञानिक डॉ जयंत नर्लीकर का भी निधन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिखड़गे ने दोनों वैज्ञानिकों के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक साथ दो महान वैज्ञानिकों को खो दिया।

##### पद्म पुरस्कार, नामांकन की तिथि 31 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू है। नामांकन 31 जुलाई तक किये जा सकते हैं।

##### ठनका से एक मजदूर की मौत ,चार घायल

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम गांव स्थित ईंट भट्ठा के पास मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान कन्हैया लाल (55) के रूप में हुई।

#### कार्टून कोना




### सड़कें-गलियां जलमग्न, पेड़ गिरे, बिजली गुल

# भारी बारिश, आंधी से पूरे झारखंड में तबाही

##### आंधी, बारिश व वज्रपात से लोग हलकान, रांची में 30 मिमी वर्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में में मंगलवार को तेज हवा के जोरदार बारिश ने अच्छी-खासी तबाही मचा दी। कई जगहों पर पेड़ गिर गये, जिससे रोड अवरूद्ध हो गया। बिजली के पोल पर पेड़ गिरने से कई पोल भी उखड़ गये। इससे घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान राज्य भर में वज्रपात की घटनाओं में कई लोगों की मौत की भी खबर है।

**राजधानी की सड़कें, गलियां जलमग्न :** राजधानी में ही भारी भारी बारिश से नालियों के पानी से सड़कें और गलियां जलमग्न हो गयीं। मुख्य सड़कों पर भी लगभग दो से ढाई फिट पानी बह रहा था। नालियों की सफाई नहीं करने से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। गंदा पानी कई लोगों के घरों मे घुस गया। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। तापमान में कमी तो हुई पर लागों की परेशानी बढ़ गयी। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश, हवा और वज्रपात को ले कर अलर्ट किया था। (शेष पेज 11 पर)



# शराब घोटाले में विनय चौबे गजेंद्र सिंह गिरफ्तार, जेल गये

### एसीबी की कार्रवाई : तीन जून तक न्यायिक हिरासत में भेजे गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाले के आरोपी आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अगली सुनवायी अब 3 जून को होगी। इससे पहले एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की। पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एसीबी की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों का मेडिकल जांच भी करवाया गया।

मंगलवार सुबह एसीबी की एक टीम तत्कालीन उत्पाद सचिव श्री चौबे के आवास पहुंची और उन्हें गाड़ी में बिठाकर एसीबी ऑफिस लाया गया। जांच टीम ने इसी दौरान पूर्व संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी पूछताछ के लिए बुला लिया था। लंबी पूछताछ के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया।

**क्या है पूरा मामला :** वर्ष 2021 के अंतिम दिनों में राज्य उत्पाद विभाग ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड को झारखंड में शराब के राजस्व बढ़ाने के लिये सलाहकार नियुक्त किया गया। (शेष पेज 11 पर)



##### 38 करोड़ की क्षति पहुंचाने का साक्ष्य

विनय कुमार चौबे (तत्कालीन प्रधान सचिव, उत्पाद एवं मद निषेध विभाग, रांची सह तत्कालीन निदेशक, झारखंड रॉच विबरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, एमडी, जेएसबीसीएल ) और प्राथमिकी अभियुक्त गजेन्द्र सिंह (संयुक्त आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड रांची) के खिलाफ एसीबी थाने में कांड संख्या 09/2025 दर्ज की गयी है। प्रावधान का अनुपालन कियान्वयन नहीं कर जालसाजी धोखाधड़ी कर सामुहिक अपराध और अनैतिक लाभ पहुंचाये जाने परिणाम स्वरूप झारखंड सरकार को लगभग 38 करोड़ का नुकसान होने संबंधित साक्ष्य मिले थे। इसी आधार पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अनुमोदन के बाद श्री चौबे और गजेन्द्र सिंह व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज है।

##### डिमना लेक से दोनों छात्रों के शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** बोड़ाम थाना क्षेत्र स्थित डिमना लेक से मंगलवार को दो किशोर छात्रों के शव बरामद किये गये। सोमवार देर शाम नहाने के दौरान डूबे मानगो के नितिन गोराई (17) और प्रतीक रजक (15) की तलाश प्रशासन और गोताखोरों की टीम की ओर से देर रात तक की गयी, पर शव बरामद नहीं किया जा सका। मंगलवार को सुबह दोनों के शव बरामद कर लिये गये। दोनों शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नितिन चांडिल पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्र था और प्रतीक आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल, बांगुड़दा के शिक्षक जयंत रजक का पुत्र था। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# टीएसी की बैठक आज, भाजपा नहीं जायेगी

### सत्ता पक्ष ने बोला हमला, सियासत तेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लंबे समय बाद 21 मई को हो रहे ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में सीएनटी, पेसा, डीवीसी हाइडल प्रोजेक्ट सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। इन सबके बीच इस बैठक से पहले इसपर सियासत शुरू हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बैठक में भाजपा के नहीं जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी है। लगातार आदिवासी समाज पीड़ित हो रहा। ऐसे में टीएसी की बैठक का भाजपा बहिष्कार करती है। उन्होंने इस बैठक को असंवैधानिक करार दिया।

**झामुमो-कांग्रेस ने भाजपा की निंदा की**

वहीं सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस ने भाजपा के फैसले की निंदा करते हुए आदिवासी विरोधी बताया है।





झामुमो ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि इस राज्य के आदिवासी समाज के मुद्दे पर भाजपा हमेशा से लग रही है। उसे समाज की चिंता नहीं है। झामुमो मे कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जवाब मिला और आगे भी मिलेगा। भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो चुका है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि 'बैठक में भाग नहीं लेना संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन है। इससे साफ जाहिर होता है कि आदिवासियों के उत्थान और विकास की चिंता इन्हें नहीं है।

### वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को पीएम मोदी ने किया संबोधित

# योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ का दिया थीम

##### कमजोर लोगों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को जिनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली के 78वें सत्र को संबोधित किया। उन्होंने बताया, जून में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस साल इसकी थीम है 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ ' दुनिया को योग देने वाले देश से होने के नाते, मैं सभी देशों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करता हूं। मैं विश्व स्वास्थ्य संगठन और सभी सदस्य देशों को क्व्हइ संधि की सफल वार्ता के लिए बधाई देता हूं। यह एक स्वस्थ ग्रह का निर्माण करते हुए भविष्य की महामारियों से अधिक सहयोग के साथ लड़ने की साझा प्रतिबद्धता है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएम ने बताया कि जब उन्होंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो उन्होंने 'वन अर्थ, वन हेल्थ' के बारे में बात की थी।

उन्होंने कहा, एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेशिता, इंटिग्रेटेड अप्रोच और कॉलोब्रेशन पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। हम आयुष्मान भारत चलाते हैं - जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। (शेष पेज 11 पर)



#### कमजोरों की सेहत पर ख्याल

पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर नजर रखने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म और अद्वितीय डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रणाली जैसी भारत की डिजिटल पहलों को रेखांकित किया, जो लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रही है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।

श्रीलेदर्स नमन् करता है अपने संस्थापक को उनकी
35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर



पूज्यनीय सुरेश चंद्र डे
स्वपनद्रष्टा • योद्धा • प्रेरणास्त्रोत
21.04.1911 – 21.05.1990

परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी!
परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें!
आपका प्रेममय स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा!!

Sreeleathers
समस्त साकची श्रीलेदर्स परिवार

## भाजपा ने कांग्रेस और झामुमो पर सरना धर्म कोड के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाया

# यूपीए सरकार ने सरना धर्म कोड को किया था रिजेक्ट

■ कांग्रेस और झामुमो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से हो गई एक्सपोज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झामुमो घड़ियाली आंसू बहाकर आंदोलन का नाटक कर रही है। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए की सरकार में तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को पत्रांक संख्या 16016 के जरिये सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुये इसे खारिज कर दिया था। आदिवासी कल्याण मंत्री किशोर चंद्र देव ने यह भी कहा था कि ऐसी मांग को मानने से दूसरे धर्म से भी सैकड़ों मांग आ सकती है। इसीलिए इस मांग का विरोध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो तो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से एक्सपोज हो गई। उन्होंने कहा कि जब वह केंद्र में सत्ता में थी तो इन्होंने इसे खारिज किया था। आज केंद्र में सत्ता से बाहर है तो इस पर आंदोलन करने की बात कर रहे हैं। जनता इनकी सारी चालबाजियों को समझती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। वर्ष 2014 के अपने सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करने वाले कुकृत्य को भूलकर फिर से एक बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम इन दोनों दलों को सरना आदिवासी समाज से अपने 2014 के कुकृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 50 वर्षों से ज्यादा समय तक देश में शासन की। झामुमो भी लंबे समय तक इनकी पिछलग्गू बनी रही लेकिन, उन्होंने आदिवासी के हितों में कोई कार्य नहीं किया। उल्टे ही आदिवासी कल्याण मंत्री ने आधिकारिक रूप से सरना धर्म कोड को लिखित रूप से खारिज भी किया। इस अवसर पर अजीत भगत, अशोक मुंडा एवं सोनी हेंब्रम भी उपस्थित थीं।

# भाजपा ने आदिवासियों की मांगों को हमेशा किया दरकिनार : झामुमो

### भाजपा के बयान पर झामुमो की प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर झामुमो पर लगाए गए आरोपों को लेकर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस मुद्दे को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का सवाल है, जिसे लेकर झामुमो शुरू से गंभीर रहा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया और उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है।

विनोद पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने न तो 2014 से पहले और न ही बाद में कभी ईमानदारी से सरना धर्म कोड के समर्थन में कोई पहल की। उल्टे उनकी सरकारों ने वनाधिकार कानून और स्थानीय नीति जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर आदिवासियों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग कोई नयी नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी सामाजिक मांग है, जिसे भाजपा अब राजनीति का मुद्दा बना रही है। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार ने इतने वर्षों में इस कोड को लागू क्यों नहीं किया। झामुमो महासचिव ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सरना धर्म कोड को लेकर गंभीर है और इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बना रही है।

### बीजेपी सरना धर्म कोड पर अपनी मंशा स्पष्ट करे : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बीजेपी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा, झामुमो पर आरोप लगाने से पहले अपनी मंशा स्पष्ट करे कि वह सरना धर्म कोड के मामले पर क्या चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासी समुदाय को वोट बैंक का मोहरा बनाती रही है। भाजपा अपने को आदिवासियों का सच्चा हितैषी बताती है लेकिन सच यह है कि वह आदिवासियों के मुद्दों पर गंभीर नहीं है। तना ही नहीं अर्जुन मुंडा केंद्र में जनजातीय मंत्री थे, लेकिन सरना धर्म कोड पर कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने सरना धर्म कोड बिल को पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा है, लेकिन आज तक केंद्र सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

# शराब घोटाले में सीबीआई की जांच से बचने के लिए करायी गयी एसीबी की कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर किया था आगाह

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीबीआई जांच का आदेश देने का किया आग्रह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते रहे हैं कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है। सरकार को हमने यह घोटाला जो आज सामने आ रहा है, के बारे में 19 अप्रैल 2022 को ही पत्र लिखकर पहले ही बता दिया था। हमने तो छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के पहले ही बता दिया था कि माफियाओं के साथ मिलकर किन-किन लोगों को काम में लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सरकार ने मेरी बातों को न सिर्फ- बिल्कुल अनसुना कर दिया। बल्कि मजे से घोटाला किया और घोटाला होने दिया।

उन्होंने कहा कि आज उसी मामले में छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है। मामला ईडी और सीबीआई तक पहुंच गया है। लगता है कि छत्तीसगढ़ में जारी सीबीआई जांच के भय से अब बड़ी मछलियों को बचाने के लिए कुछ लोगों को बली का बकरा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, अगर आप सच में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं, तो इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दें।

### बिनय चौबे की गिरफ्तारी से हेमंत सरकार की खुलेगी पोल : दीपक



**रांची।** शराब घोटाले के सिलसिले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के द्वारा गिरफ्तार किये जाने पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एसीबी की ओर से जिस अधिकारी पर छत्तीसगढ़ और झारखंड शराब घोटाले को लेकर केंद्रीय एजेंसी की जांच चल रही थी, उसे खुद राज्य सरकार की जांच एजेंसी के द्वारा गिरफ्तार किया जाना एक नाटक से अधिक कुछ नहीं है। केंद्रीय एजेंसी की गिरफ्तारी और पूछताछ से बचाने की एक कवायद की जा रही है। उन्होंने कहा कि जबतक इस मामले का पटाक्षेप न हो जाये तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मामले को उचित स्थान पर उठायेंगे और दोषियों को सजा अवश्य दिलवायेंगे।

# आदिवासी युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने का प्रयास कर रही राज्य सरकार : चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासी समाज की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलना चाहती है। दरअसल 21 मई को प्रस्तावित टीएसी की बैठक से पहले झारखंड सरकार ने जो एजेंडों की सूची जारी की है, उसमें राज्य के आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने की बात कही गई है। इसी मुद्दे पर पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि अपने सार्वजानिक जीवन की शुरूआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी। झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।

पूर्व सीएम ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि टीएसी का गठन राज्यपाल के संरक्षण में करने की परंपरा रही है, जिसे इस राज्य सरकार ने तोड़ दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह संस्था आदिवासियों के हित में काम करने के लिए बनी है, तो फिर टीएसी में सरकार का बहुमत होते हुए भी पिछले कई वर्षों से पेसा समेत आदिवासियों से जुड़े अन्य मामलों पर कोई ठोस परिणाम क्यों नहीं दिखते? उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कोल्हान क्षेत्र में में कई वर्षों पहले रूकी हुई ईचा-खरकाई डैम परियोजना को दोबारा शुरू करने का भी विरोध किया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उनकी अध्यक्षता में बनी समिति ने इस मुद्दे पर बहुत पहले फैसला लिया था, तो फिर से 124 गाँवों को विस्थापित करने का निर्णय क्यों लिया जा रहा है?


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़**
Email ID - eedwsd.ramgarh@gmail.com
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25 दिनांक 23.12.2024 जिसका P.R.No. 342704 Drinking Water & Sanitation(24-25)#D तकनीकी /अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
रामगढ़

PR 353056 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1590(अनु०) दिनांक 09.05.2025 पी०आर०संख्या–352046 Building(25-26):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div. No.-1, Ranchi/ 08/2025-26 | Renovation of Multipurpose Hall in Judges Colony at Kanke Road, Ranchi | 5804400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 21-05-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 28-05-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 29-05-2025 at 11.00 AM | |

एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 352976 Building(25-26)#D


### जेपीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए 22 से इंटरव्यू




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 110 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू की नई तारीखें घोषित कर दी हैं। अब यह इंटरव्यू 22 से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी जन्मतिथि और रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**73 अभ्यर्थियों के आवेदन खारिज :** 73 अभ्यर्थियों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। अनुभव की अनिवार्यता पूरी न करना, न्यूनतम आयु सीमा से कम होना और अन्य तकनीकी या दस्तावेज संबंधी खामियों के कारण अवेदन खारिज किये गये हैं। केवल वही अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की शर्तें पूरी की हैं।

# प्रधानमंत्री कल गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का उद्घाटन 22 मई को सुबह 9:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इस अवसर पर देशभर के 103 स्टेशनों का लोकार्पण और समर्पण भी किया जाएगा, जिनमें गोविंदपुर रोड स्टेशन भी शामिल है। स्टेशन के उद्घाटन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची डिवीजन की वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सूची सिंह ने स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर रोड स्टेशन का कायाकल्प लगभग 6.65 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

**यात्रियों के लिए मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं :** मंडल की वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि पुनर्विकास के बाद स्टेशन को यात्रियों के लिए सुविधाजनक, सुरक्षित और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। नई स्टेशन बिल्डिंग, विस्तृत प्रतीक्षालय, आधुनिक कम्प्यूटरीकृत टिकट काउंटर, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेड, फुट ओवर ब्रिज, रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और सामान लेकर चलने वाले यात्रियों के लिए विशेष रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसर में पेयजल सुविधा, स्वच्छ शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सुनियोजित पार्किंग एरिया और बेहतर अप्रोच रोड का निर्माण किया गया है।

**यात्रा अनुभव के साथ स्थानीय विकास को भी मिलेगा बल :** वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि गोविंदपुर रोड स्टेशन अब केवल एक ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और आरामदायक यात्रा अनुभव का केंद्र बन गया है। इस पुनर्विकास से जहां यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, वहीं यह स्थानीय व्यवसाय, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा।

# राज्य की पीडीएस दुकानों में 4जी ई-पॉस मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू

### खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने जारी किया टेंडर

▸▸ 63.72 करोड़ की लागत से पीडीएस दुकानों के लिए ई-पॉस मशीन खरीदने की दी गयी स्वीकृति



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के करीब 25300 जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में 4जी ई-पॉस मशीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने सभी पीडीएस दुकानों में टू जी की जगह फोर जी ई-पॉस मशीन बदलने के लिए टेंडर जारी किया है। जेम पोर्टल से होने वाली टेंडर प्रक्रिया में सभी फोर जी ई-पॉस मशीन का आधार इनेबल होना अनिवार्य किया गया है। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 10 जून है। वहीं, टेंडर का बिड 11 जून को खोला जाएगा। बताते चलें कि राज्य की 23,300 पीडीएस दुकानों के लिए 4 जी ई-पॉस मशीन खरीदने का निर्णय तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल में हुआ था। फरवरी 2024 में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 63.72 करोड़ की लागत से पीडीएस दुकानों के लिए ई-पॉस मशीन खरीदने के विभाग के प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली थी। इसके अलावा मशीन के मेंटेनेंस के लिए भी मंत्रिपरिषद ने प्रति वर्ष 28.67 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है।

बता दें कि वर्तमान में सभी पीडीएस दुकानों में टू जी ई-पॉस मशीन के सहारे राशन कार्ड धारक लाभुकों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इससे कई समस्या सामने आने की शिकायत मिलती रही है। इसका सबसे प्रमुख समस्या नेटवर्क सर्वर की रहती है। इस कारण पीडीएस दुकानों में लंबी कतार देखने को मिलती है। लाभुकों को घंटों लाइन लगने के बाद खाद्यान्न वितरण आंशिक रूप से ही होता है। इससे लाभुकों द्वारा खाद्यान्न वितरण में भ्रष्टाचार की शिकायत की जाती है। इसी तरह प्रत्येक लाभुकों का चावल, गेहूं, चना दाल, थैला एवं कैलेंडर का अलग-अलग फिंगर लेना पड़ता है। इससे डीलरों से मनमुटाव होता है। इसे देखते हुए प्रस्तावित टेंडर में आधार इनेबल फोर जी ई-पॉस सिस्टम का जिक्र किया गया है। टू जी मशीन होने से राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी, दूरदराज या सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लाभुकों को कम खाद्यान्न मिलने की भी समस्या आती रही है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**अज्ञात शव :– आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चन्दवारा थानान्तर्गत अज्ञात वाहन से धक्का लगने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यू हो गया है। उक्त अज्ञात मृतक का शव जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त मृतक पुरुष का हुलिया इस प्रकार है। उम्र–लगभग 30 वर्ष, लम्बाई करीब 05 फीट 06 ईंच, रंग–सावंला, पहनावा–काला रंग का ट्राउजर पहने हुए है। इस संबंध में चन्दवारा थाना कांड सं0–39/25, दिनांक–18.05.2025, धारा–281/106 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। यदि किसी को उक्त अज्ञात पुरुष का शव के बारे में जानकारी मिले तो, इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350,
पुलिस उपा0 (मु0) कोडरमा :– 7004507974,
थाना प्रभारी, चन्दवारा :– 7903896228,

पुलिस अधीक्षक,
कोडरमा

PR 353074 Police(25-26).D


## गोड्डा में संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर निशाना साधा

# संविधान खत्म कर मनुस्मृति लागू करना चाहती है भाजपा : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संविधान बचाओ रैली के दौरान मंच पर उपस्थित कांग्रेस नेता

**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जगह-जगह संविधान बचाओ रैली निकाली जा रही है। इस कड़ी में मंगलवार को गोड्डा में कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान बचाओ रैली आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। संविधान बचाओ रैली में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा के लोग लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रहे थे, क्योंकि वो संविधान को खत्म कर उसकी जगह मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं लेकिन संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन कर रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र कि मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग केवल कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं, बीजेपी के लोगों को संविधान की परवाह नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है, जो संविधान की रक्षा कर सकती है।

**पूंजीपतियों को बचाने में जुटी है भाजपा : प्रदीप यादव**

झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा के नेता संविधान को नहीं, बल्कि अपने पूंजीपति दोस्तों को बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक शत प्रतिशत गोड्डा वासियों को पावर प्लांट में नौकरी नहीं मिलेगी, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे हैं। वहीं सभा को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, फुरकान अंसारी, विधायक सुरेश बैठा समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

# राज्य में नये खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

### 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची की गयी तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खेल निदेशालय द्वारा रांची जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नए खेल प्रशिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। निदेशालय को मिली लगभग 70 आवेदनों में से 13 उम्मीदवारों की प्राथमिक सूची तैयार कर ली गई है। इसे अंतिम मंजूरी के लिए खेल विभाग को भेजा गया है। प्राथमिक सूची में पांच महिला प्रशिक्षकों के नाम भी शामिल हैं। इससे महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। महिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति से खेल जगत में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत किया जा सकेगा।

**नियुक्ति प्रक्रिया और मानदेय :** चयनित प्रशिक्षकों को सुपर स्किल्ड स्तर का मानदेय प्रदान किया जाएगा। ऐसा होने से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति

पारंपरिक खेलों के साथ-साथ मलखंभ, लॉन बॉल और वुशू जैसे नये उभरते खेलों के लिए भी प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे प्रमुख खेलों के लिए भी प्रशिक्षक रखे जाएंगे

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेल केंद्र बनाये जायेंगे

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खेल केंद्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जैसे कि मांडर, नामकुम और नगड़ी। स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

# तेज हवा और बारिश में चरमरायी बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में मंगलवार को तेज बारिश और हवा ने बिजली आपूर्ति को पूरी तरह से चरमरा दिया। शहर के लगभग सभी इलाकों में बत्ती गुल हो गई। बिजली बोर्ड ने गर्मी से पहले मेनटेनेंस के नाम पर दर्जनों बार शट डाउन लिया था, लेकिन इसके बावजूद बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई। अंडरग्राउंड केबलिंग का काम भी अधूरा है,



जिससे आंधी-पानी में बिजली कटने की समस्या बनी हुई है।

**इन इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित :** तेज बारिश और हवा के कारण मोरहाबादी, बोड़ेया, देवी मंडप, हरमू, बूटी मोड़, विकास, चुटिया, सुखदेव नगर, लालपुर, डंगराटोली, कुसई, लापुंग, कांटाटोली, पीस रोड़, बरियातू, रातू रोड़, घाघरा, नामकुम, सामलौंग, अनगड़ा, सहित अन्य शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था चरमरा गयी। विभाग अब बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए फिर से पावर रिस्टोर करने में जुटा है।

**करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था :** बिजली वितरण निगम मेनटेनेंस में सालाना 343.30 करोड़ रुपये खर्च करता है, लेकिन इसके बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। मेनटेनेंस के नाम पर ही दो से तीन घंटे तक बिजली काटी जाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

**रांची नगर निगम की भी खुली पोल :** इधर, रांची में हुई धुआंधार बारिश से सड़कों पर जल जमाव हो गया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इससे रांची नगर निगम की पोल भी खुल गई।

# सभी अंचल कार्यालय में सुनी गयी जनसमस्या

ऑन द स्पॉट समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के हर अंचल में मंगलवार का दिन आम लोगों के लिए रखा गया था। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के कहने पर अंचल अधिकारियों ने अपने-अपने ऑफिस में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने जमीन के बंटवारे,



अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, रजिस्ट्री, मापी, पेंशन, घर बनाने की योजना, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी जैसी कई बातें अधिकारियों के सामने रखीं। कई मामलों को वहीं तुरंत सुलझा दिया गया और बाकी मामलों को जल्दी हल करने के लिए आगे भेज दिया गया। उपायुक्त भजन्त्री ने कहा कि लोगों की परेशानी दूर करना जिला प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। सरकार की योजनाओं का फायदा हर जरूरतमंद तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि जो भी अधिकारी काम में लापरवाही करेगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया कि मंगलवार के अलावा हर दिन दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक लोग अंचल कार्यालय में आकर अपनी बात रख सकते हैं। रांची जिला के सभी अंचलों में मंगलवार का दिन आम जनता के लिए रहा।

# डोरंडा इलाके में मामली विवाद पर दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस बल तैनात



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के पत्थर रोड में मंगलवार को वाहन से खटाल की दीवार में जोरदार धक्का मारने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में कई लोग घायल गए। एक पक्ष के लोगों ने महिलाओं से दुर्व्यवहार भी किया। हालांकि घटना का पता चलने पर पुलिस ने मौके से करीब दर्जन लोगों हिरासत में लिया है। इलाके में घटना को लेकर काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। घटना करीब ढाई बजे की है।

**क्या है घटना :** जानकारी के अनुसार डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मनी टोला, पत्थर रोड मुहल्ले में मंगलवार को वाहन चालक ने सड़क के किनारे पड़े ड्रम में धक्का मारते हुए अनियंत्रित होकर एक घर के दीवार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उक्त घर के लोगों ने चालक की पिटाई कर दी। इसके बाद वाहन चालक ने अपने मुहल्ले में रहनेवाले और पहचान वाले युवकों को मारपीट की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही चालक के मुहल्ले से काफी युवक घटनास्थल पर पहुंचे और मारपीट करने वालों के घर में घुसकर जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्ष में मारपीट हो ही रही थी कि इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तुरन्त कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी केवी रमण, डोरंडा, जगन्नाथपुर, कोतवाली, हिंदपीढ़ी, चुटिया थाना प्रभारी बड़ी संख्या में जवानों के साथ पहुंचे। वहीं पुलिस ने मारपीट करने आये कई लोगों को हिरासत लेकर थाने पहुंची। खबर लिखे जाने तक थाने में दोनों पक्ष के बीच समझौता का प्रयास किया जा रहा था।

## लंबी छलांग लगाते हुए रांची ने राज्य में हासिल किया दूसरा स्थान

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा में रांची जिले के 97.71 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए राज्य में आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला एक मात्र जिला बनने के बाद रांची ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष 8वीं बोर्ड की परीक्षा में लंबी छलांग लगाते हुए रांची जिला ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष राज्य के सभी जिलों के बीच रांची जिला का 21वां स्थान था। उपायुक्त मजूनाथ भजन्त्री ने बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने कहा कि बच्चे इसी तरह परिश्रम करते हुए आगे बढ़ें।



**आठवीं बोर्ड में रांची जिला के 97 .71 प्रतिशत छात्र सफल :** इस वर्ष आठवीं बोर्ड में रांची जिला के 35828 छात्रों ने भाग लिया, इनमें 97 .71 प्रतिशत बच्चे प्रमोट हुए। प्रोन्नत होने वाले छात्रों की संख्या 34442 है। 97 .76 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहनेवाले कोडरमा जिला से रांची सिर्फ 0 .05 प्रतिशत पीछे है। कोडरमा के 09 और रांची के 45 छात्रों का रिजल्ट इंकम्प्लीट है, जिस कारण आंकड़ों में बदलाव संभव है।

### आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा के आयोजन से बेहतर हुआ छात्रों का प्रदर्शन

रांची जिला के आठवीं के बच्चों के बेहतर रिजल्ट की नींव उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रखी थी। जब उनके निर्देशानुसार राज्य में आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला रांची एकमात्र जिला बना। जैक की तर्ज पर 20, 21 एवं 22 जनवरी 2025 को प्री-बोर्ड का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा ऑनलाइन प्रश्न पत्र जारी किये गये और ओएमआर शीट पर परीक्षा ली गयी ताकि छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिल सके।

### प्री-बोर्ड में मार्जिनल पीछे रहनेवाले छात्रों के लिए की गयी स्पेशल क्लास की व्यवस्था

रांची में आठवीं प्री-बोर्ड के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना रहा। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने बताया कि प्री-बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा के बाद मार्जिनल पीछे रहनेवाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। उनके लिए स्पेशल क्लासेस की व्यवस्था गयी, छात्र ज्यादा से ज्यादा अंक अर्जित कर सकें इसे ध्यान में रखते हुए उनकी तैयारी कर्रवाई गयी।

मलेशिया में भारत मंडप का संजय सेठ ने किया उदघाटन

# स्वदेशी रक्षा उद्योग केंद्र सरकार की प्राथमिकता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने मलेशिया के लांगकावी में 20 से 24 मई 2025 तक आयोजित लांगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी लीमा 25 में भारत मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप भारत की मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित होती स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं को दर्शाता है। इस मंडप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बीईएमएल, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और एमआईएल सहित प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के साथ-साथ कई प्रमुख निजी रक्षा कंपनियों ने भाग लिया है। उदघाटन समारोह में मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी तथा डॉ डीके सुनील, एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि लीमा में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति यह दर्शाती है कि यह रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बन चुका है। यह उपलब्धि भारत सरकार की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर की जा रही प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर श्री सेठ ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंडपों का दौरा किया और विश्वभर की निजी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इन बातचीतों से भारत की रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने, रक्षा निर्यात को प्रोत्साहित करने और रक्षा प्रौद्योगिकी में नवाचार तथा सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

# दारोगा संध्या टोपनो हत्याकांड में सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** महिला सब इंस्पेक्टर संध्या टोप्पो हत्याकांड में रांची पुलिस ने सात अभियुक्तों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इनमें मोहम्मद नेजाम खान, अब्दुल वाहिद अंसारी, मोहम्मद दानिश, महमूद कुरैशी, तौसीफ कुरैशी, साजिद अंसारी और मोहम्मद ताहिर मियां शामिल हैं। सभी अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस ने केस सत्य पाते हुये सब इंस्पेक्टर संध्या टोपनो की हत्या में संलिप्त होने का साक्ष्य कोर्ट को दिया है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब कोर्ट आरोपियों के विरुद्ध ट्रायल की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। मालूम हो कि 20 जुलाई 2022 को रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में वाहन चेकिंग के दौरान पशु तस्करों ने महिला दरोगा को गाड़ी से कुचल दिया था। इस घटना में 2018 बैच की दरोगा संध्या टोपनो की मौत हो गयी थी। घटना में शामिल आरोपी कथित तौर पर पशु तस्कर थे। घटना के बाद रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी 179/2022 दर्ज की गयी थी। इसमें मोहम्मद नेजाम खान, अब्दुल वाहिद अंसारी, मोहम्मद दानिश, महमूद कुरैशी, तौसीफ कुरैशी, साजिद अंसारी और मोहम्मद ताहिर मियां के खिलाफ हत्या, षड्यंत्र रचने और पशु तस्करी की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की गयी है।

# बच्चा चोरी का प्रयास करने वाली महिला भेजी गयी जेल

### लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज

- सदर अस्पताल से बच्चा को बहला-फुसला कर ले जाने का कर रही थी प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने बच्चा चोरी के प्रयास करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। पुलिस की गिरफ्त में आयी अभियुक्त सुल्ताना परवीन कांटा टोली की रहनेवाली है। इस संबंध में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि आरोपी महिला के द्वारा सदर अस्पताल से बच्चा को बहला-फुसला कर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसमें बुढ़मू की रहनेवाली निरासो मुंडा के द्वारा आरोपी के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस आरोपी महिला का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

खबर एक नजर में

### आरटीई के तहत 25 फीसदी सीटों पर स्कूलों में दाखिले को लेकर लॉटरी आज

**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रवेश कक्षाओं में 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है। इस लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित समूहों के बच्चों का चयन किया जाएगा, जिन्हें रांची के प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश मिलेगा। लॉटरी शम चार बजे से समाहरणालय के सभागार में होगी। इसकी अध्यक्षता डीसी करेंगे। डीएसई बादल राज ने बताया कि लॉटरी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। इसमें चयनित बच्चों की सूची संबंधित विद्यालयों में प्रदर्शित की जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करना है।

### भाजपा मेसरा मंडल ने सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**रांची।** भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशान सिंदुर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में मंगलवार को मेसरा मंडल अध्यक्ष महानंद महतो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा विकास विद्यालय गेट से नेवरी चौक होते हुए विकास चौक तक गया। भाजपा के लोगों ने शामिल होकर तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया। इसमें मुख्य रूप से कांके विधानसभा के पूर्व विधायक और मंडल के प्रभारी डॉक्टर जीतू चरण राम, जिला के मंत्री संजीत सिंह, कामेश्वर महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजा महतो,अर्जुन मंडल, अजीत, राधा चरण सिंह, राम लखन मेहता, शानू भारती ,नवीन कुमार सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने सेना के समान में तिरंगा यात्रा मे शामिल थे।

### स्कूटी के साथ युवक पकड़ाया

**रांची।** सुखदेव नगर थाना अंतर्गत मिलन चौक के पास से पुलिस ने मंगलवार को एक स्कूटी सवार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बिना नंबर के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। उक्त जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूटी सहित युवक को पकड़कर थाना पहुंची। स्कूटी के नंबर प्लेट में दो अंक मिटा हुआ था। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

# जेल से छूटे नक्सली व पुराने आदतन अपराधियों का करें सत्यापन : आइजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक खूंटी के कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने न्यायालय से संबंधित कार्यों, नक्सल संबंधी कांड, एनडीपीएस के कांड, महिला एवं पॉक्सो से संबंधित कांड और चार वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों की विशेष रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में लंबित



कांडों में तेजी से अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जेल से छूटे नक्सली और पुराने आदतन अपराधियों का नियमित रूप से सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी, खूंटी, एसडीओ तोरपा एवं खूंटी, डीएसपी, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) खूंटी, पुलिस निरीक्षक और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने सीएम-सीएस को सौंपा ज्ञापन

# सभी विभागों में रिक्त पदों पर अनुबंधकर्मियों को नियमित करे राज्य सरकार : महा संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की ओर से मंगलवार को राज्य के सभी जिलों में डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें सभी जिलों में सभी विभागों के नियमित, अनुबंध तथा आउट सोर्सिंग के सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। सभी जिलों के कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में आंदोलन के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान महासंघ ने पूरे राज्य




में आंदोलन में शामिल होने वाले सभी नियमित, अनुबंध आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को धन्यवाद किया है। कार्यक्रम में गोपाल शरण सिंह अध्यक्ष, भूषण कुमार सचिव, सुशीला तिग्गा, महेश कुमार सिंह, मीरा कुमारी, नकी अहमद, जित वाहन उरांव, लोकेश कुमार, मनीष कुमार, वीना कुमारी वीरेंद्र पाठक अजय कुमार ओम प्रकाश, जय गोविंद मुकेश कुमार, लव कुमार, सुधीर बाड़ा, जतरु खड़ी या अरविंद प्रसाद, अरुण कापरि, अरुण यादव, मनोज मिश्र, सौरभ, अरविंद कुमार बैजू झा,अशोक चौधरी, राजीव नयन तिवारी प्राण मुर्मू, नारद मंडल राम चरित शर्मा मो वसीम, वीना कुमारी वंदना कुमारी विनोद तिग्गा, अलका, पिंकी, अनिल गुप्ता, विभूति सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

**क्या है प्रमुख मांगें**

राज्य के सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों के विरुद्ध वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाये। स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर कार्यरत एनएचएम सहित सभी कार्यक्रमों में वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत लोगों को नियमित किया जाये। समान कार्य के लिए समान वेतन न्यूनतम 39000 रुपये भुगतान किया जाये। स्वास्थ्य बीमा के इलाज में देश के सभी प्रतिष्ठित अस्पतालों की सेवा ली जाये। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति दी जाये। सभी विभागों के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र 65 वर्ष किया जाये। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा से आच्छादित किया जाये। चार श्रम कोड को अविलंब रद्द किया जाये। राज्य कर्मियों से एन पी एस में कटौती की गई राशि वापस की जाये। लिपिक संवर्ग को बिना लेखा परीक्षा पास किए एसीपी, एमएसीपी का भुगतान किया जाये। सांख्यिकी पर्यवेक्षकों को 4600 ग्रेड पे दिया जाये, मुफस्सिल लिपिक को सहायक का दर्जा देते हुए समाहरणालय लिपिक के अनुसार प्रोन्नति का लाभ दिया जाये।

# सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर आड्रे हाउस में दो दिनी समर कैम्प शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से ऑड्रे हाउस में मंगलवार से दो दिनी समर कैम्प 2025 का शुभारंभ किया गया। आयोजन के पहले दिन विभिन्न सरकारी एवं प्राईवेट विद्यालयों के लगभग 350 बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया। कैम्प का अधिकारिक उद्घाटन निदेशक संस्कृति आसिफ एकराम ने किया। मौके पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मौज-मस्ती के वातावरण में विधाओं को सीखने के लिए प्रेरित किया। कैम्प में बच्चों के लिए विभिन्न डॉक्यूमेन्ट्री फिल्मस का ऑड्रे हाउस के प्रेक्षागृह में प्रदर्शन होना है, जिसमें शामिल होने के लिए निदेशक ने सभी बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही निदेशक ने कहा कि पारंपरिक लोक नृत्य में कैम्प के निर्धारित मापदंड के अनुसार



आवेदक नहीं होने के कारण इस विधा में आज प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं हो रहा है, जिसमें आवेदन प्राप्त होने पर कैम्प में पारंपरिक लोक नृत्य का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के द्वारा आयोजित इस समर कैम्प में प्राप्त आवेदनों के आधार पर नाटक, चित्रकला, आर्ट क्राफ्ट एवं मेहंदी रंगोली, गजल गायन, भरतनाट्यम, कथक नृत्य, फैन्सी ड्रेस एवं योगा-ध्यान विधाओं में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस कैम्प में निदेशालय द्वारा संचालित झारखंड कला मंदिर, होटवार के प्रशिक्षक मृणालिनि अखौरी, खुशबु कुमारी, बबली कुमारी, कौशिक राय, गौतम बक्शी, सच्चिदानंद मजुमदार, सतीश कुमार मिश्रा, अजय कुमार गोस्वामी, जाहिद खान के अतिरिक्त दीपक लोहार, मुन्ना लोहार, रिजोइस एरिक एवं अंजली चक्रवर्ती के द्वारा इस कैम्प में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# सीसीएल के सीएसआर के तहत सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का शुभारंभ

- सीसीएल की ओर से महिलाओं को कौशल, रोजगार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के लिए कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक नई पहल की गई है। इसी क्रम में सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया गया।

यह केंद्र विशेष रूप से समाज की जरूरतमंद, गरीब एवं निराश्रित महिलाओं/युवतियों के कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण हेतु स्थापित किया गया है। यहां महिलाओं को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त सेल्फ इम्पलॉयड टेलर नामक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कोर्स पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि कुल 97 दिन की होगी, जिसमें प्रत्येक महिला को प्रति दिन 4 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण इस प्रकार तैयार किया गया है कि महिलाएं अपने वर्तमान आजीविका कार्यों को बाधित किए बिना इसमें भाग ले सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीक से युक्त उन्नत मशीनें एवं उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्र में इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन, आरएसएम फुट ऑपरेटेड सिलाई मशीन, फुट ऑपरेटेड ओवरलॉक मशीन जैसी मशीनें अधिष्ठापित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक प्रशिक्षु को एक सिलाई किट भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें प्रशिक्षण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सी.सी.एल. द्वारा इस केंद्र के संचालन के लिए निःशुल्क किराया आधार पर दो क्वार्टर आवंटित किए गए हैं, जो प्रशिक्षण कार्य में उपयोग किए जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में सीसीएल द्वारा समावेशी विकास एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह परियोजना केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने का एक मंच है। इसका उद्देश्य महिलाओं को न सिर्फ कुशल बनाना, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाना और अंततः आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। यह पहल समाज की उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से समर्पित है जो संसाधनों के अभाव में अपने सपनों को साकार नहीं कर पातीं। इस केंद्र का उद्घाटन विमला प्रसाद ने किया। इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति सिंह, क्लब की सदस्यगण एवं क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, सीसीएल कर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सी.सी.एल. का यह प्रयास महिलाओं के समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, जिससे न केवल वे खुद सशक्त होंगी, बल्कि समाज और परिवार को भी मजबूती प्रदान करेंगी।

## देवी अहिल्याबाई के त्रि-शताब्दी वर्ष में भाजपा करेगी सभी जिलों में गोष्ठी

- आज से 31 मई तक होंगे कई कार्यक्रम : विकास प्रीतम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा है कि पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई के त्रि शताब्दी वर्ष में भाजपा की सभी जिलों में गोष्ठी होगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत शोभा यात्रा, संध्या आरती, चित्रांकन, क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि 21 मई को रांची ग्रामीण, जमशेदपुर और गिरिडीह में गोष्ठी होगी। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक नीरा यादव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को भाजपा पूरे धूमधाम से मनाएगी। उन्होंने कहा कि 21 से 31 मई तक सभी जिलों में गोष्ठी होगी।

उन्होंने बताया कि जमशेदपुर की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्णिमा दास, रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विकास प्रीतम और गिरिडीह की गोष्ठी को सांसद मनीष जायसवाल और नीरा यादव संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य जिलों के कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा सहित पार्टी के सांसद, विधायक गण भी शामिल होंगे।

**खबर एक नजर में**

### इनरव्हील क्लब ने रेल दुर्घटना में घायल किशोर को दिया आर्टिफिशियल लिंब



**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने रेल दुर्घटना में घायल किशोर कुमार चौधरी की दोनों पैर कट जाने के कारण उनकी स्थिति खराब हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने आगे आकर उनके दोनों पैरो में आर्टिफिशियल लिंब लगवाया। सदस्यों ने उनका हौसला बढ़ाया, ताकि आगे का जीवन में वह आगे बढ़ें। अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष सोमा भादुड़ी, सचिव नीता शेखर, कोषाध्यक्ष अर्चना त्रिवेदी, एडिटर निशी श्रीवास्तव, डिस्ट्रिक्ट आइ एस ओ नीता नारायण, अम्बुजा शरण, दिवयजानी सन्याल, अनिता जेसवाल, रीता वर्मा, डॉली दुबे मौजूद थीं।

### छोटे-बड़े सभी लोगों का सम्मान करें : डॉ पॉल

रांची। कोकर खोरहा टोली स्थित गुड न्यूज सेंटर में दो दिवसीय प्रार्थना सह धन्यवादी समारोह का समापन मंगलवार को हुआ। सेंटर के संस्थापक डॉ राकेश पॉल ने कहा कि हमारे जीवन में लोगों के साथ मिलकर, उन्हें प्यार करके और उनके जीवन में आशीष का कारण बनना है। हरेक समाज के छोटे-बड़े सभी लोगों का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार चौधरी और मलिका कुजूर ने की। गोस्सपल बैंड के द्वारा ईश्वर की भक्ति में गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा मुंबई से आए गोस्सपल सिंगर सेलडोन भंगरा ने भी प्रार्थना और आराधनामय गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों के माध्यम से उन्होंने लोगों को ईश्वर से जुड़े रहने का आह्वान किया। मौके पर कमल, सोनू, हेमंत, कुलदीप, सूर्या, मनीषा सहमित अन्य लोग मौजूद थे।

### डीएवी हेहल में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर संपन्न



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में दिनांक 15 मई से 20 मई तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेलकूद शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन की प्रेरणा तथा अनुभवी खेल शिक्षकों के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित इस विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों के मौलिक कौशलों से परिचित कराना, उनके शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुणों का विकास करना रहा। कबड्डी, खो खो, हैंडबॉल, शूटिंग, बैडमिंटन, बॉलीबॉल आदि खेलों में बच्चों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय के समर्पित खेल शिक्षक संजय मंडल, एसएम अजीम, प्रोलय करमकार एवं अमरनाथ तिवारी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि बच्चों में अपार संभावनायें होती हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलना चाहिये। उन्होंने इस आयोजन में सहयोग के लिए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा खेल शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना की।

## भारत के कोयला आयात में 1.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 14.84 मिलियन टन और कोकिंग कोयले का आयात 4.41 मिलियन टन रहा, जो कि क्रमशः पिछले वर्ष की तुलना में घटे हुए आंकड़े हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत का कोयला आयात 1.7 प्रतिशत घटकर 263.56 मिलियन टन रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 268.24 मिलियन टन था। मजुक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, यह गिरावट घरेलू बाजार में कोयले के उच्च स्टॉक स्तर और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों के कारण देखी गई।

**गैर-कोकिंग कोयला आयात में उल्लेखनीय गिरावट :** 2024-25 में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 167.10 मिलियन टन रहा, जो कि 2023-24 में 175.96 मिलियन टन था। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात भी घटकर 54.08 मिलियन टन रह गया, जबकि पिछले साल यह 57.22 मिलियन टन था।

**मार्च में भी आयात में गिरावट :** मार्च 2025 में कुल कोयला आयात 22.79 मिलियन टन रहा, जो कि मार्च 2024 के 23.96 मिलियन टन से कम है। इस दौरान गैर-कोकिंग कोयले का आयात 14.84 मिलियन टन और कोकिंग कोयले का आयात 4.41 मिलियन टन रहा, जो कि क्रमशः पिछले वर्ष की तुलना में घटे हुए आंकड़े हैं। मजुक्शन कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनया वर्मा ने कहा, मार्च और पूरे वित्त वर्ष में आयात में गिरावट बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप रही। घरेलू स्तर पर गैर-कोकिंग कोयले का बड़ा भंडार होने के कारण, तब तक आयात में कोई बड़ी तेजी नहीं देखी जाएगी जब तक गर्मियों के पीक सीजन में मांग नहीं बढ़ती।

## पीवीटीजी समुदाय में क्षमता, उन्हें सशक्त करने की आवश्यकता : कंचन सिंह

- जेएसएलपीएस और यूनिसेफ की साझेदारी में किशोर-किशोरी सशक्तिकरण के लिए राज्य स्तरीय रिव्यू मीटिंग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) और यूनिसेफ की संयुक्त साझेदारी से किशोर-किशोरी सशक्तिकरण को चलाई जा रही पीवीटीजी चेंजमेकर पहल की दो दिवसीय राज्य स्तरीय रिव्यू मीटिंग रांची में की गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह ने की। उन्होंने पीवीटीजी चेंजमेकर पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से यह साबित हुआ है कि पीवीटीजी समुदाय में क्षमता है। हमें बस उन्हें सशक्त करने की आवश्यकता है। इस पहल के माध्यम से हमने देखा कि सही मार्गदर्शन और क्षमता निर्माण से समुदाय में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। अब हमें इस कार्य को आगे बढ़ाना है। चेंजमेकर के माध्यम से समुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित किया जा सकता है। उनके साथ यूनिसेफ की चीफ फील्ड ऑफिसर कनीनिका मित्रा, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट प्रीती श्रीवास्तव, यूनिसेफ और कम्युटिनी-दी यूथ कलेक्टिव के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

यह पहल विशेष रूप से पाकुड़ जिले के पांच प्रखंडों में पीवीटीजी समुदाय के किशोरों और किशोरियों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य सामाजिक कुप्रथाओं जैसे बाल विवाह, लिंग आधारित हिंसा आदि के प्रति जागरूकता लाना और युवाओं को नेतृत्व की भूमिका में लाना था। कार्यक्रम में किशोर-किशोरियों को भी अपने अनुभव साझा करने का मंच मिला।

प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें पहले बाल विवाह और लैंगिक हिंसा के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन अब वे इन मुद्दों को समझते हैं, आगे पढ़ना चाहते हैं और समान अधिकारों के बारे में जागरूक हो चुके हैं।

### 8.256 किलो ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रांची।** अड़की थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल दो अभियुक्त दिनबन्धु प्रमाणिक (दिउड़ी, तमाड़) और दुबराज मिर्धा (हेसापीड़ी, थाना-अड़की, खूंटी) को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से गांजा (8.256 किलो ग्राम), नगद 78 हजार आठ सौ रुपया, लुना वाहन (जेएच01एफबी- 4185) और एक डिजिटल तराजू जब्त की है। इस संबंध में खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कोरवा की तरफ से एक व्यक्ति गोल्डेन ब्राउन रंग के लुना वाहन में गांजा लेकर डोरेया की तरफ जाने वाला है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी अड़की पुअनि प्रवीण कुमरा तिवारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी टीम द्वारा कोरवा से डोरेया जाने वाला रास्ता बिरसिंहडीह टोला के पास पहुंचकर चेकिंग लगाया। चेकिंग के क्रम एक गोल्डेन ब्राउन रंग का लुना वाहन में एक व्यक्ति को कोरवा से डोरेया की ओर आता हुआ दिखाई दिया।

## डीएसपीएमयू का नाम बदलकर वीर बुधु भगत किये जाने पर छात्रों ने जताया सरकार का आभार

- शहर में निकाली आभार यात्रा, कहा किसी महापुरुष के नाम किया जानेवाला पहला विवि




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की अस्मिता और गौरव के प्रतीक वीर बुधु भगत के नाम पर राज्य सरकार द्वारा डॉ प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय रखने के फैसले से राज्यभर में उत्साह की लहर है। मंगलवार को आदिवासी छात्र संघ के छात्रों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एकत्र होकर इस निर्णय पर आभार व्यक्त किया। इसके बाद, एक आभार यात्रा गाजे-बाजे के साथ पैदल शुरू हुई, जो रेडियम रोड, कचहरी होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंची। यहां पर यह यात्रा सभा में तब्दील हो गई। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि यह पहला मौका है जब राज्य सरकार ने किसी महापुरुष के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा है।

आदिवासी छात्र संघ की अध्यक्ष दीपिका कच्छप ने कहा कि वीर बुधु भगत के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। वे 1831-32 के कोल विद्रोह के नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। छोटानागपुर की मिट्टी से जन्मे इस महान नेता ने आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजों और जमींदारों के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका था।

**वीर बुधु भगत का जीवन और संघर्ष :** वीर बुधु भगत का जन्म 17 फरवरी 1792 को रांची जिले के सिलागाई गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने मुंडा, उरांव, भूमिज और हो आदिवासियों को संगठित कर कोल विद्रोह का नेतृत्व किया। उनके बढ़ते प्रभाव से घबराकर अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ने के लिए 1000 रुपये का इनाम घोषित किया था। 13 फरवरी 1832 को जब ब्रिटिश सेना ने सिलागई गांव पर हमला किया, तो बुधु भगत के अनुयायियों ने धनुष-बाण, तलवार और कुल्हाड़ियों से अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी। झारखंड सरकार के इस निर्णय को राज्य के आदिवासी समुदाय ने अपनी संस्कृति और इतिहास को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। अब यह विश्वविद्यालय न सिर्फ शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि वीर बुधु भगत के बलिदान और आदिवासी संघर्ष की प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

### श्री श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ आयोजित



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 154वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान माया देवी, विनय प्रसाद, रीना प्रसाद, श्रुति, विनीत प्रसाद ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। प्रसाद परिवार ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ संगीतमय स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद महाआरती हुई और भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, माया देवी, विनय प्रसाद, रीना प्रसाद, श्रुति, विनीत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। वहीं शुक्रवार 23 मई रात्रि 9.30 बजे सेहरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। प्रातः एवं संध्या श्रृंगार कर बाबा श्याम रजत सिंहासन पर भक्तों को दर्शन देंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी श्याम प्रेमियों को एकादशी संकीर्तन में आमंत्रित किया है।

# भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- आज पूर्णाहुति, हवन के उपरांत संध्या 5 बजे से भव्य भंडारा का किया गया है आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिस्का मोड़, रांची स्थित हेसल निकट जतरा मैदान नॉर्थ, श्री हेसल हनुमान मंदिर के सामने गली में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के अंतिम दिन मंगलवार को श्रीमदभागवत कथा का रसपान के लिए भक्तों का जनसैलाब कथा स्थल पर उमड़ पड़ा। कथा का शुभारंभ यजमान संजीव कुमार सिंह (चुन्नू सिंह) एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता सिंह ने आरती गान के साथ किया। प्रयागराज से आए हुए सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल द्विवेदी जी महाराज के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह की कथा, सुदामा चरित्र, पौंड्रक उद्धार, श्री कृष्ण-उद्धव संवाद, प्रभु के स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष और भागवत सार के बारे में भक्तों को विस्तार से बताया। संगीतमय कथा वाचन का रसपान कराया। भक्ति की अथाह सागर में भागवत प्रेमियों ने डुबकियां लगाई। आचार्य ने कहा कि प्रत्येक भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर और रोचक लीलाओं में से एक लीला है, भगवान श्री कृष्ण की 16108 रानियां। नरकासुर एक अत्याचारी असुर था। एक बार नरकासुर ने बहुत से राजाओं को पराजित कर उनकी कन्याओं को बंदी बना लिया और उन 16 हजार कन्याओं को कारागार में डाल दिया तब भगवान श्री कृष्ण ने युद्ध कर नरकासुर का वध किया और उन सभी कन्याओं को कैद से मुक्त कराया। बहुत सी कन्याओं के परिजनों का नरकासुर पहले ही वध कर चुका था और जिनके परिजन जिंदा थे उन सभी कन्याओं के परिजनों ने उन्हें अपनाने से इंकार कर दिया और उनका त्याग कर दिया, तब उन सभी कन्याओं ने भगवान श्री कृष्ण से विनती की कि आपने हमारे प्राणों की रक्षा तो कर ली लेकिन अब हम अकेली जायेंगी कहां तब भगवान श्री कृष्ण उन सभी कन्याओं की मर्यादा की रक्षा के लिए 16 हजार रूपों में एक साथ प्रकट हुए और एक साथ ही उन सभी कन्याओं से विवाह रचाया और सभी का उद्धार किया। भगवान श्री कृष्ण के मित्र सुदामा के चरित्र के बारे में कहा कि निर्धन ब्राह्मण सुदामा की अद्भुत कथा है। सुदामा महान कृष्ण भक्त थे। वह बालपन में कृष्ण के मित्र भी थे। इनकी मित्रता ने समाज में समानता की मिशाल पेश की। कथा समापन के दौरान आचार्य ने श्रीमद्भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हों साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंत में उन्होंने कहा कि 'कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणत क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः' अपने घर में सुख और शांति बनाए रखने के लिए इस मंत्र का रोजाना जाप करें। कार्यक्रम प्रभारी अमृतेश पाठक एवं बिरेंद्र प्रसाद (बिल्लू जी) ने बताया कि कल पूर्णाहुति, हवन के उपरांत संध्या 5 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

इस कथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रमेश सिंह, ऐश्वर्य सेठ, पूर्व पार्षद अशोक यादव, ललित नारायण ओझा, संजय जयसवाल आदि एवं सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

कथा स्थल की विधि व्यवस्था बनाए रखने में सुनील सिंह, अमृतेश पाठक बिरेंद्र प्रसाद (बिल्लू जी), मनमोहन पांडेय, नीतू सिंह, गौरव जयसवाल, सौरभ जयसवाल, मनीष पंडित, मधुकर सिंह आदि ने महत्वपूर्णपूर्ण भूमिका निभाई।

## निर्मला कॉन्वेंट के समर कैंप में बच्चों ने फैंसी ड्रेस तथा फायरलेस कुकिंग में दिखाई प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में चल रहे समर कैंप का तीसरा दिन बच्चों के लिए बेहद खास और यादगार बन गया। मंगलवार का आयोजन पूरी तरह से रचनात्मकता, मनोरंजन और सीख से भरपूर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने विभिन्न सामाजिक और ऐतिहासिक किरदारों की झलक पेश की। बच्चों ने डॉक्टर, स्वतंत्रता सेनानी, किसान, सैनिक, और कई प्रेरणादायक पात्रों की भूमिका निभाकर न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि अपने संदेशों से सबको प्रभावित भी किया। इसके बाद फायरलेस कुकिंग गतिविधि में बच्चों ने बिना आग का उपयोग किए स्वस्थ और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए, जैसे - फ्रूट चाट, ब्रेड रोल, बिस्किट केक, कूलर ड्रिंक्स आदि। उनकी कल्पनाशक्ति और प्रस्तुति की शैली काबिले तारीफ रही। वहीं, गर्मी से राहत के लिए वाटर एक्टिविटी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने मस्तीभरे अंदाज में विभिन्न खेलों का आनंद लिया। यह समय बच्चों के लिए अत्यंत ताजगीभरा और उत्साहवर्धक रहा। स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चों को रसना और स्वादिष्ट स्नैक्स भी वितरित किए गए, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई। बच्चों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इन पलों को भरपूर एंजॉय किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का उत्तम माध्यम हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। वहीं, सचिव सीमा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। उन्होंने कहा कि इस सफल आयोजन ने न केवल बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में आनंदित किया, बल्कि उन्हें रचनात्मक और सामाजिक रूप से भी समृद्ध किया। मौके पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं किरण कुमारी, निधि कुमारी, अनामिका छेत्री, सबा, प्रिया, रोहिणी, बिभा समेत अन्य टीचर्स और बच्चे उपस्थित थे।

## मेदांता हॉस्पिटल के खिलाफ राज्य व केंद्र सरकार से शिकायत

# रिर्पोट में जो बीमारी दिखी नहीं, उसका हुआ उपचार

खबर मन्त्र संवाददाता



शाहीन नाज अपने पति प्रवेज आलम के साथ।

**ओरमांझी।** रांची जिले के एक नामी हॉस्पिल की एक चैकाने वाला मामला सामने आया है। हॉस्पिटल द्वारा मरीज की जो बीमारी नही है, उस बीमारी का उपचार करना बता दिया गया है। इसकी शिकायत पीड़ित द्वारा हॉस्पिटल प्रबंधक व चिकित्सकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए, ओरमांझी थाना सहित झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सचिव, भारत सरकार स्वस्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री किरन रिजीजू व मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक से शिकायत कर जांच कर कार्रवायी करने की मांग की गई है। बताया गया कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के डहु हरचंडा निवासी प्रवेज आलम अपनी पत्नी शाहीन नाज 38 वर्ष को पेट दर्द होने पर 14 मई की रात दो बजे मेदांता अस्पताल इरबा में भर्ती कराया गया। ले जाया गया। आपातकालीन विभाग में उपस्थित डॉ संगीत सौरभ द्वारा किड्नी में पत्थरी होने की संभाना जताते हुए मेदांता हॉस्पिटल के (यूरोलॉजिस्ट) चिकित्सक डॉ शैलेंद्र शुक्ला के अंदर में भर्ती किया गया था। मेदांता हास्पिटल में की गई जांच में पत्थरी नहीं पाई गई। लेकिन तीन बाद उसे छुट्टी दी गई तो डिस्चार्ज रिर्पोट में पत्थरी का उपचार बताया गया। रिर्पोट देखते ही प्रवेज आलम चैंक गया। उसने बताया डिस्चार्ज रिपोर्ट में पत्थरी होना डॉ संगीत सौरभ द्वारा ही प्रमाणित किया गया है। बताया हॉस्पिटल से 16 मई को ही छुट्टी देने की बता कही गई। लेकिन छुट्टी भी एक दिन बाद 17 मई दी गई। प्रवेज आलम का कहना है, उसकी पत्नी का पत्थरी थी नही फिर हॉस्पिटल द्वारा पत्थरी का उपचार कैसे किया, और नही किया तो रिपोर्ट क्यों बनाया। इस संबंध में डॉ संगीत सौरभ का कहना है रिर्पोट जूनीयर चिकित्सक बनाया है। गलती हुई है तो सुधार कर दूसरा रिर्पोट बना दिया जाएगा। वहीं प्रवेज का कहना है शाहीन नाज का कैशलेश स्वास्थ्य बीमा है। लेकिन पत्थरी बीमारी का क्लेम दो वर्ष बाद ही किया जा सकता है। अब रिर्पोट में पत्थरी का बताने से उपचार फिस भरना पड़ा और बीमा क्लेम भी नही किया जा सकता। कहा क्लेम रिजेक्ट होने से आर्थिक छति व मानसिक रूप से काफी परेशानी हुई है। वहीं मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेट डॉ संतोष नायक ने कहा जांच रिर्पोट में भी बीमारी पाया गया है। शिकायत कर्ता समझ नही पाया है। उसे बुलाया गया है। उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

## जालसाजी कर 44 लाख रुपये हड़पने का आरोप

- पंडरा का है आफताब
- पुलिस कर रही जांच

**रातू।** उषामातु के घुरन महतो ने सुखदेव नगर पंडरा निवासी आफताब आलम के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। उस पर धोखाधड़ी कर 44 लाख रुपये हड़प लिये जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, 31 जनवरी 2022 को महतो का विजेता प्रोजेक्ट एण्ड ईफास्ट्रक्चर्च लिमिटेड तथा उसकी समुह कंपनी (सिस्टर कंपनी) इनकन बिल्डर्स इण्डिया प्रालि के बीच मौजा उषामातु के 5 एकड़ 19 डिसमिल जमीन की बिक्री एकरारनामा हुआ था। इसके बाद जब वह जमीन पर प्लॉटिंग कराने गये, तो आफताब आलम ने भूमि पर अपनी दावेदारी कर डाली। इसके उपरांत, उन्होंने इसकी सूचना कंपनी के निदेशकों को दिया। निदेशकों ने 15 अप्रैल 2024 को आफताब और महतो में समझौता करा दिया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आरोपित फरार हो गया है।

### जानें समझौते की शर्तें

आफताब आलम ने लिखित तौर पर स्वीकार किया था कि उसे 10 लाख रुपये मिल गये हैं। भविष्य में छापर गड़हा के उक्त भूखंड पर उसकी कोई दावेदारी नहीं रहेगी। घुरन ने 28 मार्च 2025 तक 44 लाख किश्तवार दिलाने की सहमति जतायी थी और भुगतान भी करवा दिया। लेकिन, आलम के मन से बेईमानी नहीं गयी।

### जालसाजी कर कराया निबंधन

श्री महतो ने एकरारनामे की कुछ जमीन बिक्री-पट्टा के जरिये बेच दखल कब्जा दिला दिया। खरीदारों ने चहारदीवारी भी करा ली और दाखिल-खारिज के लिये सीओ को अर्जी दी। अंचल कार्यालय में पता चला कि आफताब ने 31जनवरी 22 को हुये एकरारनामें में वर्णित जमीन की खाता संख्या 169, प्लॉट नंबर 378 में से 51.38 डिसमिल और प्लॉट 379 के 14.12 डिसमिल का धोखे से बिक्री निबंधन 11 अप्रैल 25 को अपने नाम से करा लिया है, जिसकी पट्टा संख्या 3473 है।

## इनोवा कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में डेढ़ वर्षीय बच्चे कि मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के महुआजाड़ी गांव में इनोवा कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में डेढ़ वर्षीय अयांशी तिग्गा की मौके पर ही मौत हो गई वही उसके माता-पिता घायल हो गए। घटना मंगलवार शाम लगभग 6:00 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ जाड़ी के डेढ़ वर्षीय अयांशी तिग्गा अपने पिता कैलाश तिग्गा और माता अलमणि कुजूर के साथ अपने गांव की ओर वापस लौट रही थी इसी दौरान विपरीत दिशा से काफी तेज गति से आ रहे एक इनोवा कर ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर में आयांशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं उसके माता-पिता भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जैसे ही लोगों को दुर्घटना की सूचना मिली उन लोगों ने कर के ड्राइवर को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। कुछ ग्रामीणों की सूझबूझ से ड्राइवर की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस गांव पहुंची और इनोवा सवार ड्राइवर और लोगों को अपनी सुरक्षा में ले लिया। बच्ची के मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगभग 1 घंटे तक पुलिस की टीम को गांव में ही रोके रखा। मांडर सीओ चंचला कुमारी द्वारा जब उन्हें आश्वासन दिया गया तब उन लोगों ने सभी लोगों को गांव से छोड़ा।

## ट्रेन से कटकर महिला की हुई दर्दनाक मौत

मुरी। मंगलवार को मुरी बरलंगा सीमा कूचू पुल के पास ट्रेन से कटकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मुरी ओपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

## झामुमो प्रधान कार्यालय में बैठक आज

सिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय सिल्ली में आज दोपहर 2 बजे से एक आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें सिल्ली के वर्तमान विधायक अमित कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में 23 मई को प्रधान कार्यालय में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी से संबंधित बातें की जाएगी। इस बैठक में झामुमो के सभी जिला, प्रखंड, पंचायत पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को सम्मिलित होने का अपील किया गया है ताकि बैठक का आयोजन सफल हो सके।

## ऑक्सब्रिज स्कूल में विद्यार्थी हुए सम्मानित



मांडर। कंदरी मोड़ स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में मंगलवार को सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा (2024-2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10वीं के विद्यार्थियों को स्कूल मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मिस ईवोन ई. एक्का ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों के सकारात्मक सोच एवं उनकी अंतर्निहित क्षमता का विकास एवं प्रतिभा को उजागर करना है। समारोह में मौजूद वर्तमान कक्षा 10वीं के छात्रों की उपस्थिति में अतिथि मनीष कुमार (आई. आई. टी. रुड़की) ने बच्चों को अपने सम्बोधन में नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा प्रश्नों को रटने के बजाय समझकर अभ्यास करने पर जोर दिया तथा अपने आत्मविश्वास को बनाए रखने को कहा। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाए और छात्र, छात्राए मौजूद थे।

## बेड़ो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा




बेड़ो में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपाई।

**बेड़ो।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली। जो लोहरदगा रोड,महावीर चौक, बाजार टांड़, देवी मंडप चौक होते हुए महावीर चौक पहुंचकर सभा में बदल गई। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। इस दौरान भाजपाईयों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिन्दुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद व पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए। मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे देश की सेना की अपार सफलता ने हम सबों को गौरवान्वित किया है,हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया,देश की सेना पर हमे गर्व है।आज हम सभी अपने देश की सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। जिसका जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना, जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, अंजली कच्छप, राजेश कुमार, गणेश महथा, आकाश रक्षित, रविशंकर प्रसाद, तुलसी साहु, रंजन गुप्ता जतरू उरांव, जगरनाथ उरांव बसंती देवी, संतोष दास, सुमंत देवी, ज्योति देवी, राधा देवी रामनंदन साहु, गीता देवी, महादेव कुजुर, आदित्य ताम्रकार व शक्ति राम समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दंपति घायल, रिम्स रेफर





**बेड़ो।** लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी नगजुआ मार्ग पर नगजुआ के चरिमा गांव के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे बाइक से असंतुलित होकर गिरने से करगे गांव नरकोपी निवासी सह दंपति 23 वर्षीय कुलदीप उरांव और 18 वर्षीय पत्नी रेशमी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्वजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा सनल सोनू बरवार ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए नगजुआ जा रहे थे। इसी बीच यह हादसा हुआ।

## बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक

# प्रतिमा स्थापित कार्य की गुणवतापूर्ण करने व समिति का विस्तार का निर्णय



**ओरमांझी।** भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति ओरमांझी के अध्यक्ष बीना मुंडा की अध्यक्षता में मंगलवार को समिति की बैठक हुई। जिसमें बिरसा जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की प्रतिमा स्थापित करने को हो रहे निर्माण कार्य गुणवता पूर्ण कराने व समिति का विस्तार करने सहित कई निर्णय लिए गए। वहीं बीना देवी ने जैविक उद्यान में प्रतिमा लगावने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अभार भी जताते हुए झारखंड सरकार के पूर्व टीएसी सदस्य जमाल मुंडा के साथ प्रतिमा लगाने के लिए पिछले चार वर्ष से प्रयासरत सभी स्मारक समिति के सदस्यों को बधाई दी। संचालन सचिव अषोक मुंडा ने किया। मौके पर पूर्व टीएसी सदस्य जामाल मुंडा, बुद्धेष्वर मुंडा, लक्ष्मण उरांव, सुरेंद्र उरांव, सुधीर मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थें।

## ट्रैफिक पुलिस का कारनामा, कार चालक पर लगाया हैमलेट नहीं पहने का फाईन


खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची ट्रैफिक पुलिस का एक अनोखा कारनामा सामने आया है। पुलिस ने बिना हेलमेट के कार चलाने के जुर्म में महेशपुर ग्राम निवासी अमन एहतेशाम का एक हजार का ऑनलाइन चलान भेज दिया है। कार मालिक अमन एहतेशाम ने ने बताया कि जब 19 मई की देर रात परिवहन विभाग द्वारा उसके मोबाइल पर भेजे गए चलान को देखा तो उसके होश उड़ गए और वह हैरत में पड़ गया कि क्या अब कार भी हेलमेट लगाकर चलानी पड़ेगी। चलान के फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि यह दो पहिया वाहन है। स्कूटी सवार बिना हेलमेट पहने स्कूटी चला रहा है। स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 ई डब्ल्यू 2216 स्पष्ट दिख रहा है। वहीं कार का नंबर जेएच 01 ई जेड 2216 है। अमन कहते हैं कि इतना सब कुछ संसाधन और व्यवस्था के बावजूद पुलिस आंख मूंद कर काम कर रही है। ट्रैफिक पुलिस के इस कारनामे से वे काफी परेशान हो गए हैं। उन्होंने एसएसपी से इस गलत चलान को निरस्त करने की मांग की है।

# अज्ञात अपराधियों ने जॉय माइनिंग की एमएसडी कंपनी में बोला धावा

- ऋषिकेश जी के नाम पर बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना का अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता





**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के बीओसी कॉलोनी में अज्ञात अपराधियों ने कंस्ट्रक्शन साइड में घटना का अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार एनके एरिया अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी जॉय माइनिंग कंपनी के द्वारा बीओसी कॉलोनी में भवन निर्माण का कार्य चल रहा था। निमार्णाधीन कार्य में सोमवार की रात लगभग आठ बजे अज्ञात हथियारबंद दो नकाबपोश अपराधी कंस्ट्रक्शन में लगे मजदूरों से पूछताछ करते हुए भवन निर्माण के संवेदक की पूछताछ करने लगे। मजदूरों से पूछताछ करने के बाद संवेदक व इंजीनियर के साइड घर गए। अपराधियों ने नाम पूछते हुए बाहर निकलने लिए कहा,जैसे ही निर्माण कार्य कर रही कंपनी एमएसडी के व्यक्ति अमानतुल्लाह निकला उसी समय उसके मुंह पर हथियार घुसा दिया। अथवा दूसरा हथियार व्यक्ति के पेट में तान दिया। पूछताछ करते हुए अपराधियो ने हथियार के बट से माथा में वॉर कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। अपराधियों ने काम करने से पहले ऋषिकेश जी का नाम लेकर धमकी दिया,व काम नही करने की हिदायत दिया गया। उसके बाद अपराधियों ने दो हवाई फायरिंग करते हुए चलते बने। घटना के बाद निर्माणधीन साइड में लगे मजदूरों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद डरे सहमे मजदूरों ने पुलिस को रात्रि 10: 30 बजे जानकारी दिया गया। पुलिस घटना स्थल में रात्रि 11 बजे पहुँचकर अपराधियों के द्वारा हवाई फायरिंग किया गया खोखा बरामद किया। जिसके बाद पुलिस अपराधियो के धर पकड़ में लगे हुए है।

### अपराधियों पकड़ने के लिए पुलिस की की छापामारी जारी : जय दीप टोप्पो

इस संबध में पुलिस का कहना है कि अभी तक कंपनी का कोई भी व्यक्ति कोई कंप्लेन नही दिया है। घटना घटी है, कंपनी के व्यक्तियों को पुनः बुलाया जाएगा। लेकिन पुलिस की कारर्वाई अपराधियों के खिलाफ जारी है। मौके से एक हवाई फायरिंग किया गया गोली का खोखा बरमबद हुआ है। जांच जारी है।

**कौन है ऋषिकेश :** सोमवार की तड़के रात निर्माणधीन साइड पर घटना का अंजाम दिया गया। जिसमें ऋषिकेश जी का नाम सामने आ रहा है। हालांकि अब तक ऋषिकेश जी कोई गिरोह या टीएसपीसी उग्रवादी का जिम्मा नही लिया गया है। बताया जाता है कि ऋषिकेश जी के नाम पर पूरे कोयलांचल में ऋषिकेश जी यानी टीएसपीसी उग्रवादियों का नाम सामने आता है। इससे पहले भी कंस्ट्रक्शन साइड के साइड इंचार्ज को ऋषिकेश जी के नाम पर धमकी बीते 10 दिन पहले मिल चुकी थी। हाल ही में टीएसपीसी ने प्रेस रिलीज कर पद और संवेदकों व कोल व्यवसायियों को चेताया था।


**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा (जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी)**

**NOTICE FOR EXTENSION IN EOI PRESENTATION AND OPENING DATE**

सरकार प्रायोजित निःशुल्क NSQF aligned Courses (Information Technology) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थान/एन0जी0ओ0/फर्म/कंपनी से कार्य/सेवा प्राप्त करने हेतु दिनांक 09.05.2025 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित (PR NO. 351844 District(25-26) विज्ञापन में अपरिहार्य कारण से निम्न संशोधन किया जाता है:-

| क्र0 | कार्य | पूर्व में निर्धारित स्थान एवं तिथि | संशोधित स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि, समय एवं स्थान | स्थान:- समाहरणालय सभागार, कोडरमा तिथि एवं समय:- 19.05.2025, 02:00 PM | स्थान:- समाहरणालय सभागार, कोडरमा तिथि एवं समय:- 24.05.2025, 02:00 PM |

उक्त EOI में Participated सभी संस्थान से अनुरोध है कि ससमय निर्धारित स्थल एवं तिथि को प्रस्तुतीकरण हेतु उपस्थित हों।

ह0/-
उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, DeGS, कोडरमा

PR 353016 District(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या- 17/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक-17.05.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/93/2024-25 | हंटरगंज | सलैया | सलैया | तीन मुहान अर्जुन कुमार यादव के घर से कुम्हार टोली होते हुए संजय भारती के घर तक PCC पथ निर्माण | 74,93,700.00 | चौहत्तर लाख तिरानबे हजार सातसौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/CHATRA/94/2024-25 | हंटरगंज | सलैया | पहाड़पुरा | हुलास यादव के घर से गंझु टोली तक PCC पथ निर्माण | 99,46,500.00 | निन्यानबे लाख छियालीस हजार पाँच सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 23.05.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 29.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.05.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 352981 Rural Work Department (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची**
**4th call PR No. 347109**

**पंचम अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं०-LAB/DWSD/23/2024-25**
**दिनांक- 19.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉंची। |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | दिनांक 22.05.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 3 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय, | दिनांक 29.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक। |
| 4 | ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 31.05.2025 पूर्वाह्न 11.00 बजे। |
| 5 | ई-निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, रॉंची-02। |
| 6 | ई-मेल | dwsdhatiaproject@gmail.com |
| 7 | निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष | 9204931335 |

**कार्य की विस्तृत विवरणी:-**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Request Proposal for Supplying various Equipment's Chemicals standard reference Microbial Cultures, Glassware's/ Plasticwares and General items in 9 Numbers of District Level Water Testing Laboratories of Jharkhand B-Dumka Zone (Deoghar, Jamtara, Godda, Dumka, Pakur, Sahibganj, Dhanbad, Chas, Giridih) | 4,30,000/- | 10,000/- |

**NB:- For Details**
1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई-गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, रॉंची

PR 353022 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग**
**Office e-mail id- govitichurchu@gmail.com,Website- https://iti.jharkhand.gov.in**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग। में**
**शैक्षणिक सत्र-2025-26-27 में नामांकन संबंधित सूचना-**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक-639, दिनांक-07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र-2025-26-27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से, जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और निचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन-पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in » Admission Tab) पर आमंत्रित किये जाते हैं।
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-
(क) वेल्डर व्यवसाय के लिए आठवीं (8वीं) उत्तीर्णता।
(ख) इलेक्ट्रीशियन, फीटर एवं मैकेनिक डिजल व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ:-

| क्रम0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे |
| 04 | औपबंधित राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक-DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015], दिनांक-08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चुरचू, हजारीबाग में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नं0, ई-मेल आई0डी0 एवं आधार नं0 आवश्यक है, तथा एन0टी0सी0 उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download section के Notification Tab में देखा जा सकता है।
5. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Web portal https://iti.jharkhand.gov.in के Download section के Notification Tab में देखा/download किया जा सकता है।
6. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0नं0-8252575749/9308058506/7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in के download section के Notification Tab में देखा/download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चुरचू, हजारीबाग

PR 352996 Labour Employment and Traning(25-26).D



**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**OFFICE OF THE PROJECT MANAGER**
**SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT**
**AT & P.O. -SIKIDIRI-835219DIST. RANCHI ( JHARKHAND)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound agencies / contractors /firms for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| S. No. | NIT no. | Name of works | Earnest Money to be deposited (Refundable) (Rs.) | Cost of Tender Document (Non-refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/PR/JUU NL/ 25-26 | Construction of Treated Earth Pit and Cable lying at 132/33/11 KV Switchyard SRHP Sikidiri. | 2,600 /- | 590/- (500+ GST @18%) |
| 2. | 07/PR/JUU NL/ 25-26 | Complete Servicing and Replacement of damaged parts of CGLS System in PH-I & II, SRHP Sikidiri. | 4,500/- | 590/- (500 + GST @18%) |

| | |
|---|---|
| End date & time of sale of BID | 06.06.2025 upto 04:00 PM |
| End date and time of submission of tender | 07.06.2025 upto 03:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 07.06.2025 at 04:00 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi – 835219. |
| Contact Number | 9431707312 |

Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.

- Cost of tender Document (cash/DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft (DD) issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase/submission of tender documents shall be entertained.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.

For any clarification please contact phone no. 9431707312 during office hours

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 353026 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 25-26 (D)

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार. 21 मई 2025

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# विदा विराट

अब टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की पारी खत्म हो गई है। कई लोगों का मानना है कि यह समय से पहले लिया गया फैसला है, जबकि कोहली का मानना है उनके पास टेस्ट क्रिकेट की कठिन स्थितियों में सफल होने के वास्ते जो ऊर्जा, मानसिक शक्ति और कौशल होना चाहिए, खासकर इंग्लैंड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में, अब पहले जैसा नहीं रहा। यहां तक कि दस हजार टेस्ट रन का मील का पत्थर, जो कि बहुत करीब था, वह भी इंग्लैंड जाने और क्रिकेट के मैदान पर अपनी ज्वलनशील ऊर्जा को बाहर निकालने का पर्याप्त लालच न बन पाया।

कोहली अब 36 वर्ष के हैं, दो बच्चों के पिता हैं। उनकी जीवन साथी फिल्म स्टार अनुष्का हैं, जिन्होंने एक व्यक्तित्व के रूप में उनके विकास में बहुत योगदान दिया है। जीवन के बही-खाते में, यह एक ऐसी उम्र है जब पूरी दुनिया आपके आगे होती है, पीछे नहीं। लेकिन एक खिलाड़ी के जीवन में, यह वह उम्र होती है जहां करिअर का अंत सामने नजर आने लगता है। टेस्ट क्रिकेट में उनकी फॉर्म भले ही पहले जितनी न रही हो लेकिन उनकी फिटनेस का स्तर किसी किशोर को भी शर्मिंदा कर सकता है। अपनी अपार लोकप्रियता और प्रशंसकों के अलावा, कम ओवर वाले क्रिकेट प्रारूप (आईपीएल) को मानसिक और शारीरिक रूप से यानी टी-20 के मुकाबले संभालना ज्यादा आसान है। किसी राष्ट्र के लिए न होकर एक व्यावसायिक उद्यम के लिए प्रतिबद्धता है,प्रतिबद्धता, अनुशासन और एकाग्रता का प्रतीक विराट, प्रतिद्वंद्वियों का ध्यान अपने शारीरिक हाव-भावों से भंग करने वाली खूबी रखने के साथ खेल के लघु संस्करण में प्रतिद्वंद्वियों को हराने की ताकत रखते हैं। वे अब क्रिकेट के सबसे कठिन प्रारूप यानी टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं कर सकते। निश्चित ही विराट की यह विदाई लंबे समय तक याद रखी जायेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गाजा पट्टी से भी ज्यादा बदहाली की ओर पाकिस्तान




**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत 'आगे कुआं, पीछे खाई' वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्?याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्?तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया, लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है।

भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य, कूटनीतिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है। इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुनः बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए

मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय, दुष्ट, विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है। उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा। पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी। इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए।

पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था, उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है।



\- डा अनिल कुमार

> वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में स्मरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को ₹अप्रासंगिक और निष्प्रभावी₹ बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई।

इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आंतकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा, पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया।

पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएएफ, चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है, अब वह आजाद है। उन्होंने इसमें भारत सरकार से भी मदद करने की अपील की है।

पाकिस्तान का झूठ, फरेब, विश्वासघाती और बहुरूपिया चरित्र सभी के सामने आ गया है। वास्तविकता यह है कि गाजा पट्टी से हमास आतंकी समूह का सफाया करने के लिए इजराइल को उस पर लगातार बम बरसाकर और वहां की बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी। हालांकि पाकिस्तान को तबाह करने के लिए भारत को इतनी मशक्कत तो नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि पाकिस्तान अपने चरित्र और कर्म के चलते बिखर रहा है लेकिन भारत को पाकिस्तान की चालाकी और धूर्तता पर कड़ी नजर रखते हुए वैश्विक स्तर पर उसकी असलीयत को उजागर करते रहना पड़ेगा।

## लेटर टू एडिटर

### दावों की सच्चाई

**पहलगाम** के बैसरन में सैलानियों पर आतंकी हमला दिल दहलाने वाला है, जो केंद्र सरकार के शांति के दावों की सच्चाई उजागर करता है। हर हमले के बाद बयानबाजी होती है, पर हालात जस के तस रहते हैं। धर्म पूछकर हत्या करना देश के सौहार्द को तोड़ने की साजिश है। जनता को संयम रखना चाहिए, लेकिन सरकार को अब सख़्त कदम उठाकर आतंकियों की कमर तोड़नी होगी, वरना न आमजन सुरक्षित रहेगा, न हमारे जवानों की कुबार्नी थमेगी।

**-हेमा हरि, हजारीबाग**

### कठोर कार्रवाई हो

कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमले की खबर ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर दिया। यह सवाल उठता है कि जब जम्मू-कश्मीर आतंकवाद के साये में है, तो सुरक्षा में लापरवाही क्यों? पाकिस्तान समर्थित कट्टरपंथियों की मानसिकता भारत विरोधी रही है, लेकिन भारत को आतंरिक सुरक्षा मजबूत करें। **– रवि सिन्हा रांची**

## ट्वीट

**रांची** जिला प्रशासन जनता की समस्या दूर करने के लिए प्रयासरत्त! सभी अंचल अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों जैसे भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी व अन्य समस्या का ऑन-द-स्पॉट कुछ मामलों का निष्पादन किया गया एवं शेष को संबंधित विभागों को भेजा गया। आम जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

**– मंजूनाथ भजंत्री ,डीसी, रांची जिला**

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो ह्यमेड इनह्ल चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है।

सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों

## सामयिक

डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये ह्यएहसान फरामोशीह्ल का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी- 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई। वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं।

साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता , बल्कि एक भूकंप होता है।

# भारत में सामाजिक सुधार और बाल शोषण



**फलक फातिमा**

## प्रेरणा

बाल शोषण और सामाजिक सुधार की दिशा में नारी सशक्तिकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएँ समाज में नेतृत्व करती हैं, तो वे बाल सुरक्षा और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में शामिल करती हैं, जिससे बाल शोषण जैसी कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक वातावरण बनता है।

केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संरचना में बदलाव से ही समाप्त हो सकती है। इस दिशा में नारी सशक्तिकरण एक सशक्त माध्यम है जो न केवल महिलाओं को सक्षम बनाता है, बल्कि समाज को भी सुरक्षित और संवेदनशील बनाता है।

जब महिलाएँ शिक्षित और जागरूक होती हैं, तो वे अपने बच्चों के अधिकारों और उनके मानसिक व शारीरिक विकास के प्रति सजग रहती हैं।

पहचानती हैं और सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती हैं, तब वे बाल शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी एक मजबूत







महिलाएँ शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक होती हैं, तब वे अपने बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं को शक्ति देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। जब महिलाएँ अपने अधिकारों को दीवार बन जाती हैं। एक सशक्त महिला अपने परिवार में सुरक्षित वातावरण बना सकती है, बच्चों को उचित मार्गदर्शन दे सकती है और समाज में बदलाव की लहर ला सकती है। इसलिए, बाल शोषण के उन्मूलन और सामाजिक सुधार के लिए नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक

परिवर्तन कुछ लौटने की अवधारणा को एक नया दृष्टिकोण देती है और यह दिखाती है कि एक व्यक्ति का प्रयास भी समाज में व्यापक परिवर्तन ला सकता है।

बाल शोषण और सामाजिक सुधार में नारी सशक्तिकरण की अलग भूमिका हैः बाल शोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो

(यूनिसेफ झारखंड)

**राजधानी रांची से मात्र 35 किमी की दूरी पर स्थित पतरातू वैली और डैम पर बड़ी संख्या में लोग प्रकृति का आंनद लेने आते हैं।**





## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### जनता मजदूर संघ ने दिया धरना



**कुजू।** जनता मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई मेंबर सिद्धार्थ गौतम के निर्देश पर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो के नेतृत्व में धरना दिया गया। कोयला मंत्रालय के द्वारा पुराना लेबर कोड को रद्द कर सरकार द्वारा चार नया लेबर कोड लागू करने का प्रयास किया जा रहा है, सरकार द्वारा कोयला उद्योग से बेज बोर्ड को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, कोयला मजदूरों का अधिकारों का छीनने प्रयास किया जा रहा है, कोयला खदानों को बड़े उद्योगपति के हाथों में बेचने का प्रयास, न्यूनतम वेतन 26000 प्रति माह सुनिश्चित करने आदि की मांग करते हुए स्टाफ अधिकारी कार्मिक कुजू क्षेत्र गिरीश चंद्र को मांग पत्र सौपा गया। वही जगदीश महतो ने जानकारी दिया कि कोल इंडिया में आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल किया जाएगा। साथ ही मजदूरों को हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया किया। धरना प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साहू, करमा शाखा सचिव राजकुमार महतो, कुजू कोलियरी सचिव रौशन लाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार दास , मेघलाल मंडल, आफताब हुसैन, सरवन करमाली, संत विलास करमाली, ओम प्रकाश अग्रवाल, कपिल मंडल, जानकी महतो, अजय कुमार, मदन महतो, ईश्वर वेदिया, राम लखन प्रसाद, विजय कुमार मोहाली सह सचिव महाप्रबंधक कार्यालय, बिगन राम, सत्य प्रकाश मंडा, इत्यादि लोग इस धरना प्रदर्शन में शामिल थे।

### राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष बने कुलानंद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता परिषद के महासचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने की। बैठक में परिषद का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष के लिए कुलानंद पांडेय के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसकी सम्पुष्टि कार्यकारी अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में उनके नाम पर मुहर लगाते हुए प्रस्ताव को पारित किया। परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह ने कहा कि कुलानंद पांडेय झारखण्ड राष्ट्रभाषा परिषद से अपने शिक्षण सेवाकाल से ही जुड़े रहे। वे शिक्षा एवं साहित्य क्षेत्र में उत्प्रेरक का कार्य करते रहे। उनके इस योगदान को नकारा नहीं जा सकता। कहा गया कि उनकी अगुवाई में परिषद के साहित्यिक गतिविधियों में नि:संदेह असाधारण गति मिलेगी। अध्यक्ष पद नाना तिवारी के निधन के बाद से रिक्त था। बैठक में पुनर्गठन के क्रम में हिंदी के लेखन कार्य सह शिक्षा क्षेत्र से जुड़े नवीन कुमार सिंह को झारखण्ड राष्ट्रभाषा परिषद का उपाध्यक्ष एवं मुंडारी लेखक सह शिक्षक आनंद बारला को संगठन मंत्री के रूप में मनोनयन किया गया। इस अवसर पर नव मनोनित अध्यक्ष कुलानंद पांडेय ने कहा कि संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रघुपति सिंह चौहान व्यथित एवं निवर्तमान अध्यक्ष नाना तिवारी के द्वारा बनाये गए बागवान को उपजाऊ बनाये रखने की अनवरत कोशिश रहेगी। क्षेत्र में साहित्यिक विकास का कार्यक्रम जारी रहेगा। बैठक में विजयंत कुमार, रूपेश विश्वकर्मा, बैभव कुमार, सुरेश महतो द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

### विस्थापित मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रैयत विस्थापित मोर्चा भुरकुंडा ने मंगलवार को भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष पारंपारिक हरवे-हथियार के साथ धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा। इसकी अध्यक्षता सन्नी कुमार बेसरा और संचालन विरेंद्र मांझी ने किया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल ने उनके पूर्वजों से विस्तारीकरण के नाम पर उनकी जमीन अधिग्रहण किया है। अधिग्रहित जमीन से प्रबंधन कोयला की निकासी कर रही है, लेकिन विस्थापित रैयतो को पिछले 40 वर्षों से लोकल सेल से वंचित रखा गया है। विस्थापित ग्रामीण अपने हक-अधिकार के लिये पुरानी रोडसेल समिति से कई बार बैठक किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इस मामले को लेकर मोर्चा प्रबंधन को लिखित और मौखिक रूप से अवगत भी करा चुका है। मोर्चा प्रबंधन से मांग करती है कि भुरकुंडा रोड सेल में दुंदुवा और देवरिया बरगांवा के रैयत विस्थापितों को हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। अगर प्रबंधन प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अधिकार की अनदेखी करती है तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। धरना-प्रदर्शन में सुनील मुर्मू, शंकर मांझी, ढुरका मांझी, ब्रह्मदेव मुर्मू, अनिल मांझी, धनीराम मांझी, रंजीत मांझी, अनिल मुर्मू, मनोज हांसदा, शिवराज हांसदा, सुरज मुर्मू, सिकेन्दर मुर्मू, शिवलाल मुर्मू, मनोज मुर्मू, राज मुर्मू, रमेश मुर्मू, दिनेश मुर्मू, आशा देवी, फुलो देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल थे।

### पीवीयूएन ने डीएवी स्कूल को दिया पीए



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समुदाय विकास एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग हेतु अपनी सतत प्रतिबद्धता के तहत पीवीयूएन लिमिटेड ने स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू को एक अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम प्रदान किया। स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्कूल के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना तथा दैनिक प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य विद्यालयीय आयोजनों को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने की क्षमता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पीए सिस्टम स्कूल परिसर में संप्रेषण व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, जिससे छात्रों और शिक्षकों के लिए एक अधिक अनुशासित और संवादात्मक वातावरण का निर्माण होगा।

# सुर्खियों के पीछे छिपा सच

## हजारीबाग में कोयला नहीं, निकाली जा रही है मौत

अभय कुमार सिंह



**हजारीबाग।** हजारीबाग की धरती से निकलने वाला कोयला अब सिर्फ ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि खून से सना हुआ कालिख बन चुका है। इस जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में चल रहा अवैध खनन अब एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है, जिसमें माफिया, प्रशासन, कुछ नेताओं और मीडिया के चंद बिके हुए चेहरे एक साथ खड़े हैं।कोयले के इस काले धंधे ने जिले को अपराध, भ्रष्टाचार और पर्यावरणीय विनाश के दलदल में धकेल दिया है।

**कागजों पर सील, जमीन पर खनन :** चरही, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमसांडी और चुरचू जैसे इलाके, जहां सरकार की नजर शायद ही कभी पहुंचती है, वहां खनन माफिया दिन-रात पोकलेन मशीनों से जमीन चीर रहे हैं। सरकारी कार्रवाई की खबरें आती हैं, लेकिन हकीकत ये है कि खदानें चंद दिनों में फिर चालू हो जाती हैं। डोजरिंग सिर्फ कैमरे के लिए होती है, और बंद खदानें कुछ ही समय बाद फिर से 'धंधे' का अड्डा बन जाती हैं। इन अवैध खदानों में कोई सुरक्षा मानक नहीं होता। बिना किसी नियम या सुरक्षा इंतजाम के मजदूरों को सुरंगों में उतारा जाता है, जहां जरा सी चूक उनकी मौत बन जाती है। लेकिन न कोई एफआईआर, न कोई कार्रवाई क्योंकि मौत की कीमत पहले से तय होती है, और सबूत मिटाने में वक्त नहीं लगता।

**पत्रकार नहीं, सौदागर हैं कुछ चेहरे :** इस गठजोड़ में सबसे शर्मनाक भूमिका निभा रहे हैं वे मीडियाकर्मी, जो खबर के नाम पर दलाली करते हैं। सूत्रों के अनुसार, चरही का एक स्वयंभू पत्रकार ने माफियाओं से हर माइंस पॉइंट पर 1.5 लाख रुपये की वसूली तय कर रखी है। हर महीने नौ लाख की उगाही हो तो न कोई खबर छपेगी, न कोई सवाल उठेगा। वहीं यदि कोई मीडिया हाउस आवाज उठाता है तो उसे फर्जी पत्रकारों के गैंग से बदनाम करवाना अब आम बात है। उसका गुर्गा टुकटुक' नाम से सक्रिय है, जो खनन साइट्स से हर महीने लाखों की वसूली कर रहा है। उसकी गठजोड़ हजारीबाग के दो यूट्यूबर्स से भी है, जिनका काम है 'मैनेज' नहीं होने वालों को बदनाम करना। खबरें छुपाई जाती हैं, और जो आवाज उठाता है उसे निशाना बनाया जाता है। सवाल बड़ा है कि क्या प्रशासन इस पूरे गठजोड़ को तोड़ने की हिम्मत जुटाएगा? या फिर वही फाइलों में चलने वाली जांच, और धरातल पर होता रहेगा वही खौफनाक खेल? अगर सरकार अब भी नहीं चेती, तो हजारीबाग के जंगलों में सिर्फ कोयला नहीं, इंसानियत दफन होती रहेगी।

## भुरकुंडा में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

### भारत माता की नारों से गूंजा कोयलांचल

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑपरेशन सिंदुर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में सोमवार को भुरकुंडा में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाले गये तिरंगा यात्रा मतकमा चौक से आरंभ होकर थाना मैदान पहुंची। जहां देश के वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने संबोधन में देशभक्ति, एकता और वीरता की मिसाल पेश करने वाले जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि हमारे गौरव, आत्मबल और बलिदानों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनी, बल्कि क्षेत्रवासियों के दिलों में देश के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और अधिक सशक्त बनायेगी। तिरंगा यात्रा मतकमा चौक से शुरू होकर बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार समेत कई प्रमुख क्षेत्रों से गुजरती हुई थाना मैदान पहुंची। रास्ते भर लोगों ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से देशभक्ति का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा में जिला प्रभारी छोटन सिंह, जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, आजसू के केंद्रीय सदस्य मनोज राम, अमरेश सिंह, अमितेश सिंह, पतरातू भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, भदानीनगर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, योगेश दांगी, अशोक सोनी, विश्व सोनू कुशवाहा, मोती नारायण सिंह, आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, मुखिया ब्यास पांडेय, विक्रांत साहू, राजेश मंडल, द्वारिका महतो, किशोर महतो, प्रह्लाद पांडेय, आशीष शर्मा, जेपी पांडेय, बाबूलाल नायक, सुरज शर्मा, सत्यनारायण ठाकुर सहित भारी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और आमजन शामिल थे।

### प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर में बैग और किताब वितरित



**बरही।** जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव व मुखिया मनोज कुमार ने मंगलवार को बरही प्रखंड के करियातपुर उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा एक से दस तक के छात्र-छात्राओं एवं कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं के बीच बैग, किताबें व शब्दकोश का वितरण किया। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने व नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इधर, गर्मी की छुट्टी से पहले रंग-बिरंगे बैग पाकर बच्चों में उत्साह व खुशी देखी गयी। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार रविदास, प्रबंधन समिति अध्यक्ष व सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

## बॉर्डर पर रहने वाले नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं : नवीन जिंदल

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ जिंदल स्टील के 20 हजार से अधिक कर्मी सीमावर्ती गांवों के पुनर्वास के लिए देंगे एक दिन का वेतन



**भुरकुंडा (रामगढ़)** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने जहां देश को गौरव से भर दिया, वहीं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले हजारों नागरिकों को भीषण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बर्बर गोलाबारी में निर्दोष लोगों की जान गई और घर-गांव तबाह हो गए। ऐसे कठिन समय में जिन्दल स्टील के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए इन पीड़ित परिवारों के पुनर्वास में सहयोग का संकल्प लिया है। इस पहल के तहत नवीन जिन्दल ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस सहयोग में जिन्दल स्टील समूह के 20,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन देना भी शामिल है। यह सहायता एक व्यक्तिगत दायित्व के साथ साथ एक सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। श्री जिन्दल ने कहा कि सीमा पर रहने वाले हमारे नागरिक भी सैनिकों से कम नहीं हैं। उनका साहस, धैर्य और बलिदान प्रेरणास्पद है। आज जब वे कठिनाई में हैं, तो उनकी सहायता करना हम सभी का नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। हम देशवासियों से अपील करते हैं कि वे भी इस पुनीत कार्य में योगदान दें। पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में कई भारतीय गांव प्रभावित हुए, जिससे कई नागरिक विस्थापित हो गए। जिन्दल स्टील का यह योगदान कोई नया उदाहरण नहीं है। इससे पूर्व भी कंपनी ने कोविड-19 संकट के दौरान देशभर में ऑक्सीजन आपूर्ति से लेकर मुफ्त भोजन वितरण तक अनेक राहत कार्य किये थे।

### जेएससीए के नव निर्वाचित अध्यक्ष व टीम को बधाई

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन रांची के नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव सहित उनकी पूरी टीम को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने की झड़ी लग गई है। इस कड़ी में रामगढ़ के खिलाड़ी मुत्युंजय केशरी, संतोष लाला, राजेंद्र कुमार, राजेश मंडल और पवन कुमार सहित दर्जनों खिलाड़ियों ने हार्दिक बधाई दी है। इन्होंने बधाई संदेश में कहा है कि जेएससीए की नई टीम से प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को काफी उम्मीदे है। नई टीम से झारखंड के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। इससे पूर्व तक प्रदेश में क्रिकेट खिलाड़ियों का सिर्फ दोहन किया जा रहा था।

### अबुआ आवासों का निरीक्षण

**भुरकुंडा।** भदानीनगर के चिकोर और लपंगा पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी फनेंद्र गुप्ता, प्रभारी समन्वयक नीलकमल दास सहित पंचायत सचिव कालू पहाड़िया और सुरेश तुरी ने मकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लाभुकों को समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने और आवंटित किस्त की राशि को सही ढंग से निर्माण में लगाने के लिए प्रेरित किया।

## योग्य मरीजों को मिले आयुष्मान योजना का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ स्वास्थ्य विभाग की रामगढ़ डीसी ने की समीक्षा, दिये निर्देश



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी । उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24गुणा 7 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक ले सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग पंचमंदिर को मिला सार्वजनिक स्वरूप, सरकार ने बनायी 11 सदस्यीय समिति

**हजारीबाग।** हजारीबाग के ऐतिहासिक श्री राधाकृष्ण मंदिर (पंचमंदिर) को लेकर राज्य सरकार ने मंगलवार को अधिसूचना संख्या 1847/25 जारी करते हुए मंदिर को पूर्णत: सार्वजनिक घोषित कर दिया है। इसके साथ ही निजी मंदिर बताकर कब्जा करने की साजिशें नाकाम हो गईं और मंदिर की संपत्ति अब न्यास समिति के संरक्षण में आ गई। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा गठित इस 11 सदस्यीय समिति के पदेन अध्यक्ष हजारीबाग के एसडीओ होंगे। आजय गुप्ता और नीलेन्दु जयपुरियार उपाध्यक्ष तथा विजय केशरी सचिव बनाए गए हैं। अन्य सदस्य हैं झ्र विनीत अग्रवाल, जयप्रकाश (जेपी), शारदा रंजन दुबे, सुनील कुमार, आनंद गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा और ओमप्रकाश पासवान। समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। अधिसूचना में पहली बार न्यास समिति के कार्यों और दायित्वों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जैसे मंदिर की चल-अचल संपत्ति का रिकॉर्ड, सुरक्षा, पूजा-पाठ की व्यवस्था, आय-व्यय का लेखा संधारण और धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी। समिति द्वारा अर्जित आय का पूर्ण लेखा बोर्ड को भेजना अनिवार्य होगा।1901 में स्थापित पंचमंदिर का वर्षों से विवाद रहा है। पूर्व में बिहार राज्य न्यास पर्षद और बाद में झारखंड हाईकोर्ट के आदेशों के बाद यह समिति गठित की गई है। इस निर्णय से शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है और धार्मिक आस्था को नई मजबूती मिली है।

### पीएमओ अधिकारी के घर चोरी, छानबीन शुरू

**हजारीबाग।** बीते रविवार सुबह रामनगर-विष्णुपुरी मार्ग स्थित जगदीश कालोनी में पीएमओ अधिकारी रविरंजन के घर हुई चोरी कांड की छानबीन शुरू कर दी गई है। मंगलवार को सदर थाना हजारीबाग से सब-इंस्पेक्टर विपिन कुमार वर्मा सदल-बल वहां पहुंच घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने पीएमओ में अंडर सेक्रेटरी रविरंजन की मां मिथिलेश देवी से चोरी गए सामान से संबंधित पूरी जानकारी ली। आसपास रहनेवाले लोगों से भी विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की। प्रथम दृष्टया इस वारदात नशेड़ियों के हाथ होने की आशंका जताई गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। पड़ोसी के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, जिसमें वारदात की हल्की झलक कैद हुई है। लेकिन चोरों के चेहरे नहीं आ पाए। चोरों ने जाते-जाते सीसीटीवी कैमरे को घुमा दिया। पुलिस चोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है। गौरतलब है कि चोरों ने खिड़की तोड़कर बंद घर से बेशकीमती ज्वेलरी, बर्तन, कपड़े आदि की चोरी हुई है। सदर थाना में आनलाइन दिए आवेदन में करीब पांच लाख रुपए की कीमत के सामान चोरी की बात कही गई है।

### कटकमसांडी में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा




**कटकमसांडी।** मंगलवार को भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर से बाजार तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर बलिदानी अमर रहें जैसे देशभक्ति नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। तिरंगा यात्रा से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है, जब भारत ने पहली बार परमाणु शक्ति संपन्न देश के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए आतंक के गढ़ को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना की कार्रवाई ने पाकिस्तान के हर बड़े आतंकी अड्डे और एयरबेस को तबाह कर दिया। भारत का एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइल शक्ति इतनी मजबूत हुई है कि विदेशी हथियार भी बेअसर हो गए। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। मौके पर जिला मंत्री रीतलाल यादव, महामंत्री अरविंद यादव, पूर्व मुखिया लीलो सिंह भोक्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि शंभू पासवान, विनोद अग्रवाल, दीपक यादव, घनश्याम यादव, अजय टोप्पो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन सेना के सम्मान और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बन गया।

### बरही के बाराटांड़ में ठेला पलटने से बच्चे की मौत

**बरही।** बाराटांड़ के समीप मंगलवार को सड़क हादसे में 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गणेश केशरी के पुत्र प्रियांशु केशरी है।मृतक पिता के साथ ठेला लगाने के लिए बरही चौक जा रहा था। अचानक ठेला असंतुलित हो कर पलट गया और बालक ठेले के नीचे दब गया जिसके कारण वह बुरी तरह जख़्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों एवं बरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मानवता का परिचय देते हुए गंभीर रूप घायल बच्चे को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित दिया। मृतक रामगढ़ जिला के कुजू निवासी गणेश केशरी बिगत कुछ दिनों से बरही चौक पर ठेला लगाकर समोसा इत्यादि बना कर बेचा करते थे जिसे उनका रोजी-रोटी चलता था। वह युवराज होटल के बगल भाडे की मकान में सपरिवार रहते थे। घटना से परिजनों का रो रो बुरा हाल है।

### प्रखंड कार्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण



**बड़कागांव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। सुबह 11 बजे कार्यालय पहुंचे विधायक ने सबसे पहले अंचलाधिकारी मनोज कुमार के चैंबर में दस्तक दी, पर वह और सीआई नवल किशोर अनुपस्थित मिले। फोन करने पर सीओ ने 10 मिनट में आने की बात कही, लेकिन घंटों बाद ही पहुंचे, जिससे नाराज विधायक ने उन्हें जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कार्यालय में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंच गए, और देखते ही देखते निरीक्षण कार्यक्रम जनता दरबार में तब्दील हो गया। विधायक ने कई समस्याओं का तत्काल समाधान करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का समय पर निवारण हो। ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पर लापरवाही और काम नहीं करने के गंभीर आरोप लगाए। इस पर विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं और सेवा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई तय है। इस मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू पार्टी से संदीप कुशवाहा, राजा खान, गौतम वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। यह निरीक्षण प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर गया।

# जीइएम - सार्वजनिक खरीद को आकर्षक बनाने का सार्थक प्रयास



पीयूष गोयल ( केंद्रीय मंत्री)

**सार्वजनिक** खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के एक अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है। यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यविकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी डिजिटल पहल को शुरू किए जाने के बाद से नौ वर्षों के दौरान, जीईएम ने भ्रष्टाचार को खत्म करके और स्टार्टअप, एमएसएमई, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करके सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है।

उपयोगकताओं के अनुकूल माना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म एक ऐसा सच्चा रत्न है, जिसने कुख्यात आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है। इस महानिदेशालय की अपारदर्शी और गैर-प्रतिस्पर्धी प्रणालियां कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को अनुचित लाभ प्रदान करती थीं। इसलिए यह उचित ही है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का नया कार्यालय, वाणिज्य भवन, उस भूमि पर बनाया गया है जिस पर कभी यह पुराना निकाय स्थित था। शानदार प्रगति वर्ष 2016 में स्थापना के बाद से, जीईएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गई। जीईएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपये करना है। जीईएम निस्संदेह सार्वजनिक खरीद से जुड़े परिदृश्य में एक असाधारण तकनीकी उपाय के रूप में उभरा है। कारोबार के आकार की दृष्टि से, जीईएम निकट भविष्य में दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक खरीद पोर्टल बन जाएगा और दक्षिण कोरिया के कोनेप्स जैसी सुप्रतिष्ठित संस्थाओं को पीछे छोड़ देगा।

जीईएम ने ईमानदारी से व्यावसाय करने प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किए हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व प्रगति से कहीं बढ़कर है जो अपने आप में ई-कॉमर्स से जुड़ी किसी भी बड़ी कंपनी को हैरान कर देने के लिए काफी है।




न्यायसंगत विकास का वाहक - जीईएम प्रधानमंत्री मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है। यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है। प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर करके, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को ई-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है।

समावेशिता के सिद्धांत से प्रेरित, जीईएम ने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है। इनमें सरकारी खरीदारों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों एवं सेवाओं की पहचान करने तथा उनका चयन करने में मदद करने वाली प्रणालियां शामिल हैं।

लक्ष्य से आगे - जीईएम पर स्टार्टअप रनवे और वुमनिया जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है' इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से 3 प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है। जीईएम पर किए गए कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है।

अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीईएम के जरिए 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। इसके अलावा, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीईएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किए हैं।

बड़ी बचत - इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है। यह उल्लेखनीय कमी देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन-यापन में आसानी (ईज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागत योग्य बदलाव है।

विश्व बैंक द्वारा किए गए एक स्वतंत्र मूल्यांकन से यह पता चला है कि जीईएम पर खरीदार औसत कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं। इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है।

जीईएम पर खरीद ने सरकारी कंपनी एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध में रिवर्स नीलामी का उपयोग करके 2,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की। जीईएम ने रक्षा उपकरणों, टीकों, ड्रोन और बीमा जैसी सेवाओं की पारदर्शी एवं किफायती खरीद में भी मदद की है।

छोटे उद्यमों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, जीईएम ने हाल ही में अपने लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी की है।

10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत का कम लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 3 लाख रुपये का सीमित शुल्क लगेगा - जोकि पहले के 72.50 लाख रुपये के शुल्क से काफी कम है।

**प्रौद्योगिकी, एआई** - एक ठोस तकनीकी बुनियादी ढांचे से लैस, यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग करके व्यापार करने के नए एवं आसान तरीके पेश करते हुए लगातार विकसित होता जा रहा है। जीईएम ने जीईएम एआई नामक एक एआई-संचालित चैटबॉट का समावेश किया है - यह संवादात्मक विश्लेषण और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्रशिक्षित एक उपकरण है। यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीईएम पोर्टल पर व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है।

जीईएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है।

यह पात्र खरीद आर्डरों के लिए 10 मिनट से भी कम समय में गिरवी-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म ने जीईएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण को हासिल करने के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है। इस प्लेटफॉर्म को और अधिक समावेशी एवं प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु पहले की अपेक्षा अधिक पहलों एवं तकनीकी उपायों पर काम चल रहा है।

जीईएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है। यह समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा और

# दुष्कर्म और अपमान की दर्दनाक दास्तान

डा जंग बहादुर पाण्डेय

(पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विश्वविद्यालय)

**ईसा पूर्व** इतिहास में- 220-175 ईसा पूर्व में यूनान के शासक ह्लडेमेट्रियस प्रथम ने भारत पर आक्रमण किया। 183 ईसा पूर्व के लगभग उसने पंजाब को जीतकर साकल को अपनी राजधानी बनाया और पंजाब सहित सिन्ध पर भी राज किया। लेकिन उसके पूरे शासनकाल में बलात्कार का कोई जिक्र नहीं है।

इसके बाद यूक्रेटीदस भी भारत की ओर बढ़ा और कुछ भागों को जीतकर उसने तक्षशिला को अपनी राजधानी बनाया। बलात्कार का कोई जिक्र नहीं।

डेमेट्रियस के वंश के मीनेंडर (ई.पू. 160-120) ने नौवें बौद्ध शासक वृहद्रथ को पराजित कर सिन्धु के पार पंजाब और स्वात घाटी से लेकर मथुरा तक राज किया; परन्तु उसके शासनकाल में भी बलात्कार का कोई उल्लेख नहीं मिलता।

सिकंदर महान ने भारत पर लगभग 326-327 ई .पू. आक्रमण किया; जिसमें हजारों सैनिक मारे गए ।इसमें युद्ध जीतने के बाद भी राजा पुरु अर्थात पोरस की बहादुरी से प्रभावित होकर सिकंदर ने जीता हुआ राज्य पुरु को वापस दे दिया और बेबिलोन वापस चला गया। पराजित पोरस से सिकंदर ने पूछा -आपके साथ कैसा व्यवहार किया जाए? पोरस ने निर्भीक स्वर में कहा-एक राजा दूसरे राजा के साथ जैसा व्यवहार करता है !यह उत्तर सुनकर सिकंदर प्रसन्न हो गया और अपने स्वदेश वापस लौट गया।विजेता होने के बाद भी यूनानियों (यवनों) की सेनाओं ने किसी भी भारतीय महिला के साथ बलात्कार नहीं किया और न ही धर्म परिवर्तन करवाया।

इसके बाद शकों ने भारत पर आक्रमण किया (जिन्होंने ई.78 से शक संवत शुरू किया था)।सिन्ध नदी के तट पर स्थित मीननगर को उन्होंने अपनी राजधानी बनाकर गुजरात क्षेत्र के सौराष्ट्र , अवंतिका, उज्जयिनी, गंधार, सिन्ध, मथुरा समेत महाराष्ट्र के बहुत बड़े भू भाग पर 130 ई. से 188 ई. तक शासन किया। परन्तु इनके राज्य में भी बलात्कार का कोई उल्लेख नहीं मिलता है।

इसके बाद तिब्बत के युइशि (यूची) कबीले की लड़ाकू प्रजाति कुषाणों ने काबुल औरकंधार पर अपना अधिकार कायम कर लिया। जिसमें कनिष्क प्रथम (127-140ई.) नाम का सबसे शक्तिशाली सम्राट हुआ। जिसका राज्य कश्मीर से उत्तरी सिन्ध तथा पेशावर से सारनाथ के आगे तक फैला था। कुषाणों ने भी भारत पर लम्बे समय तक विभिन्न क्षेत्रों में शासन किया। परन्तु इतिहास में कहीं नहीं लिखा कि इन्होंने भारतीय स्त्रियों का बलात्कार किया हो।

इसके बाद अफगानिस्तान से होते हुए भारत तक आये हूणों ने 520 अऊके समय काल में भारत पर अधिसंख्य बड़े आक्रमण किए और यहाँ पर राज भी किया। ये क्रूर तो थे, परन्तु बलात्कारी होने का कलंक इन पर भी नहीं लगा।

इन सबके अलावा भारतीय इतिहास के हजारों साल के इतिहास में और भी कई आक्रमणकारी आये,जिन्होंने भारत में बहुत मार काट मचाई जैसे नेपाल वंशी शक्य आदि। पर बलात्कार शब्द भारत में तब तक शायद ही किसी को पता था।

अब आते हैं मध्यकालीन भारत में, जहाँ से शुरू होता है इस्लामी आक्रमण और यहीं से शुरू होता है-भारत में बलात्कार का प्रचलन।

सबसे पहले 711 ई में मुहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर हमला करके राजा दाहिर को हराने के बाद उसकी दोनों बेटियों को यौन दासियों के रूप में खलीफा को तोहफा भेज दिया। तब शायद भारत की स्त्रियों का पहली बार बलात्कार जैसे कुकर्म से सामना हुआ जिसमें हारे हुए राजा की बेटियों और साधारण भारतीय स्त्रियों का जीती हुई इस्लामी सेना द्वारा बुरी तरह से बलात्कार और अपहरण किया गया।

फिर आया 1001 ई. में गजनवी। इसके बारे में ये कहा जाता है कि इसने इस्लाम को फैलाने के उद्देश्य से ही आक्रमण किया था। सोमनाथ के मंदिर को तोड़ने के बाद इसकी सेना ने हजारों काफिर औरतों का बलात्कार किया; फिर उनको अफगानिस्तान ले जाकर बाजारों में बोलियाँ लगाकर जानवरों की तरह बेच दिया।

फिर गौरी ने 1192 में पृथ्वीराज चौहान को हराने के बाद भारत में इस्लाम का प्रकाश फैलाने के लिए हजारों काफिरों को मौत के घाट उतार दिया और उसकी फौज ने अनगिनत हिन्दू स्त्रियों के साथ बलात्कार कर उनका धर्म-परिवर्तन करवाया। ये विदेशी मुस्लिम अपने साथ औरतों को लेकर नहीं आए थे।

मुहम्मद बिन कासिम से लेकर सुबुक्तगीन, बख्तियार खिलजी, जूना खाँ उर्फ अलाउद्दीन खिलजी, फिरोजशाह, तैमूरलंग, आरामशाह, इल्तुतमिश, रुकुनुद्दीन फिरोजशाह, मुइजुद्दीन बहरामशाह, अलाउद्दीन मसूद, नसीरुद्दीन महमूद, गया सुद्दीन बलबन, जलालुद्दीन खिलजी, शिहाबुद्दीन उमर खिलजी, कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी, नसरत शाह तुगलक, महमूद तुगलक, खिज्र खां, मुबारक शाह, मुहम्मद शाह, अलाउद्दीन आलम शाह, बहलोल लोदी, सिकंदर शाह लोदी, बाबर, नूरुद्दीन सलीम जहांगीर, अपने हरम में 8000 रखैलें रखने वाला शाहजहाँ।

इसके आगे अपने ही दरबारियों और कमजोर मुसलमानों की औरतों से अय्याशी करने के लिए मीना बाजार लगवाने वाला जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर।

मुहीउद्दीन मुहम्मद से लेकर औरंगजेब तक बलात्कारियों की ये सूची बहुत लम्बी है। जिनकी फौजों ने हारे हुए राज्य की लाखों काफिर महिलाओं (माल-ए-गनीमत) का बेरहमी से बलात्कार किया औरजेहाद के इनाम के तौर पर कभी वस्तुओं की तरह सिपहसालारों में बांटा तो कभी बाजारों में जानवरों की तरह उनकी कीमत लगायी गई।

ये असहाय और बेबस महिलाएं हरमों से लेकर वेश्यालयों तक में पहुँची। इनकी संतानें भी हुईं पर वो अपने मूलधर्म में कभी वापस नहीं पहुँच पायीं।

एक बार फिर से बता दूँ कि मुस्लिम आक्रमणकारी अपने साथ औरतों को लेकर नहीं आए थे ।वास्तव में मध्यकालीन भारत में मुगलों द्वारा पराजित काफिर स्त्रियों का बलात्कार करना एक आम बात थी, क्योंकि वो इसे अपनी जीत या जिहाद का ) इनाम (माल-ए-गनीमत) मानते थे। केवल यही नहीं इन सुल्तानों द्वारा किये अत्याचारों और असंख्य बलात्कारों के बारे में आज के किसी इतिहासकार ने नहीं लिखा है। बल्कि खुद इन्हीं सुल्तानों के साथ रहने वाले लेखकों ने बड़े ही शान से अपनी कलम चलायी और बड़े घमण्ड से अपने मालिकों द्वारा काफिरों को सबक सिखाने का विस्तृत वर्णन किया।



गूगल के कुछ लिंक्स पर क्लिक करके हिन्दुओं और हिन्दू महिलाओं पर हुए दिल दहला देने वाले अत्याचारों के बारे में विस्तार से जान पाएँगे। वो भी पूरे सबूतों के साथ।

इनके सैकड़ों वर्षों के खूनी शासनकाल में भारत की हिन्दू जनता अपनी महिलाओं का सम्मान बचाने के लिए देश के एक कोने से दूसरे कोने तक भागती और बसती रही।

इन मुस्लिम बलात्कारियों से सम्मान-रक्षा के लिए हजारों की संख्या में हिन्दू महिलाओं ने स्वयं को जौहर की ज्वाला में जलाकर भस्म कर लिया। इतिहास साक्षी है कि चितौड़गढ़ की परम सुंदरी महारानी पद्मिनी ने अलाउद्दीन खिलजी से अपने सतीत्व की रक्षा के लिए जौहर को गले लगाया था।

ठीक इसी काल में कभी स्वच्छंद विचरण करने वाली भारतवर्ष की हिन्दू महिलाओं को भी मुस्लिम सैनिकों की दृष्टि से बचाने के लिए पर्दा-प्रथा की शुरूआत हुई। 1946 में मुहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्टर एक्शन प्लान, 1947 विभाजन के दंगों से लेकर 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम तक तो लाखों काफिर महिलाओं का बलात्कार हुआ या फिर उनका अपहरण हो गया। फिर वो कभी नहीं मिलीं।

इस दौरान स्थिति ऐसी हो गयी थी कि पाकिस्तान समर्थित मुस्लिम बहुल इलाकों से बलात्कार किये बिना एक भी काफिर स्त्री वहां से वापस नहीं आ सकती थी।

जब डॉक्टर पूछते क्यों ? तब ज्यादातर महिलाओं का एक ही जवाब होता था कि हम पर कितने लोगों ने बलात्कार किये हैं ये हमें भी पता नहीं ।

विभाजन के समय पाकिस्तान के कई स्थानों में सड़कों पर काफिर (हिंदू) स्त्रियों की नग्न यात्राएं(धिंड) निकाली गयीं, बाजार सजाकर उनकी बोलियाँ लगायी गयीं और 10 लाख से ज्यादा की संख्या में उनको दासियों की तरह खरीदा बेचा गया।

20 लाख से ज्यादा महिलाओं को जबरन मुस्लिम बना कर अपने घरों में रखा गया। (देखें फिल्मपिंजर )।

इस विभाजन के दौर में हिन्दुओं को मारने वाले सबके सब विदेशी नहीं थे। इन्हें मारने वाले स्थानीय मुस्लिम भी थे। वे समूहों में कत्ल से पहले हिन्दुओं के अंग-भंग करना, आंखें निकालना, नाखून खींचना, बाल नोचना, जिंदा जलाना, चमड़ी खींचना खासकर महिलाओं का बलात्कार करने के बाद उनके स्तनों को काटकर तड़पा-तड़पा कर मारना आम बात थी।

अंत में कश्मीर की बात-19 जनवरी 1990 सारे कश्मीरी पंडितों के घर के दरवाजों पर नोट लगा दिया ;जिसमें लिखा था या तो मुस्लिम बन जाओ या मरने के लिए तैयार हो जाओ या फिर कश्मीर छोड़कर भाग जाओ लेकिन अपनी औरतों को यहीं छोड़कर । मस्जिदों के लाउड स्पीकर लगातार तीन दिन तक यही आवाज दे रहे थे कि यहां क्या चलेगा, निजाम-ए-मुस्तफा, आजादी का मतलब क्या ला इलाहा इलल्लाह, कश्मीर में अगर रहना है ।अल्लाह-ओ-अकबरकहना है। और असि गच्ची पाकिस्तान, बताओ रोअस ते बतानेव सान जिसका मतलब था कि हमें यहां अपना पाकिस्तान बनाना है, कश्मीरी पंडितों के बिना मगर कश्मीरी पंडित महिलाओं के साथ। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# इंजीनियरिंग: एक उच्च मांग वाला करियर विकल्प



प्रशांत झा

**इंजीनियरिंग** एक ऐसा करियर विकल्प है जिसकी मांग वर्तमान में बहुत अधिक है। छात्रों में इंजीनियरिंग का क्रेज कई वर्षों से बहुत ज्यादा देखा गया है। इसका कारण केवल एक नहीं है, बल्कि कई वजहों से छात्र इस क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं।



### 1. प्रतिष्ठा और सम्मान:

इंजीनियर को समाज में एक बुद्धिमान और सम्मानित व्यक्ति माना जाता है। इसलिए छात्र और उनके माता-पिता इसे एक सम्मानजनक करियर मानते हैं।

### 2. सुरक्षित भविष्य:

इंजीनियरिंग करने के बाद अच्छे पैकेज वाली नौकरियों के अवसर मिलते हैं। आईटी कंपनियों, सरकारी विभागों और प्राइवेट सेक्टर में भारी मांग रहती है।

### 3. तकनीकी युग में रुचि:

आज का युग तकनीक का है झ्र मोबाइल, इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में युवाओं की रुचि स्वाभाविक है। इंजीनियरिंग इन सभी के लिए रास्ता खोलती है।

### 4.आइआइटी और एनआइटी का आकर्षण:

भारत में क्क्ळ और ठक्ळ जैसे संस्थान विश्व प्रसिद्ध हैं। इन संस्थानों में दाखिला लेना एक सपना बन गया है, जिससे छात्र और भी अधिक मोटिवेट होते हैं।

### 5. पैरेंट्स की उम्मीदें:

कई बार माता-पिता भी चाहते हैं कि उनका बच्चा इंजीनियर बने, क्योंकि यह परंपरागत रूप से एक सफलता का प्रतीक माना गया है।

इंजीनियरिंग सिर्फ एक करियर नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों, उम्मीदों और आत्मनिर्भर भविष्य की राह बन चुकी है। लेकिन, अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज का चयन करना आवश्यक है।

## इंजीनियरिंग के लिए एक अच्छे कॉलेज का चयन क्यों जरूरी है?

भारत में हर साल लाखों छात्र इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लेते हैं, लेकिन सभी को समान स्तर की शिक्षा और अवसर नहीं मिलते। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए एक अच्छे और मान्यता प्राप्त कॉलेज का चयन करें। आइए जानते हैं क्यों:

### 1. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विशेषज्ञ फैकल्टी:-

एक अच्छे कॉलेज में अनुभवी और योग्य प्रोफेसर होते हैं जो छात्रों को गहराई से विषय की समझ दिलाते हैं। यहां प्रयोगशालाएं और संसाधन भी उन्नत होते हैं जिससे व्यावहारिक ज्ञान मजबूत होता है।

### 2. प्लेसमेंट और करियर के अवसर:-

प्रमुख कॉलेजों की कंपनियों के साथ मजबूत भागीदारी होती है। इससे छात्रों को नामी कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट के जरिए नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। क्क्ळ२, ठक्ळ२ और अन्य प्रमुख संस्थान इसका बेहतरीन उदाहरण हैं।

### 3. इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च सुविधाएं:-

अच्छे कॉलेजों में अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूटर लैब्स, वर्कशॉप्स और लाइब्रेरी की सुविधा होती है जो छात्रों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू कराती है। रिसर्च और इनोवेशन के लिए भी बेहतर माहौल मिलता है।

### 4. प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास:-

एक प्रतिष्ठित कॉलेज सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, वहां व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और संवाद कला पर भी ध्यान दिया जाता है। इससे छात्र भविष्य में किसी भी पेशेवर माहौल में आत्मविश्वास के साथ काम कर सकते हैं।

### 5. एल्युमिनी नेटवर्क और इंडस्ट्री कनेक्शन:-

अच्छे कॉलेजों का एक मजबूत एल्युमिनी नेटवर्क होता है जो छात्रों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देता है। यह नेटवर्क भविष्य में करियर और उच्च शिक्षा के लिए काफी सहायक होता है।

इंजीनियरिंग केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी और भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम है। इसलिए यह जरूरी है कि छात्र और उनके अभिभावक कॉलेज का चयन करते समय उसकी मान्यता, फैकल्टी, प्लेसमेंट रिकॉर्ड और अन्य सुविधाओं पर ध्यान दें। एक अच्छे कॉलेज से मिली शिक्षा न सिर्फ ज्ञान देती है बल्कि जीवन को एक नई दिशा भी देती है।

(करियर सह मोटिवेशनल काउंसलर)

## स्पीड न्यूज

### महेंद्र कुमार करमाली बने गुमला सदर थाना के नये प्रभारी



गुमला। एसपी शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला के पांच पुलिस निरीक्षकों को ट्रांसफर पोस्टिंग किया है। चैनपुर के पुलिस अंचल निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली को अंचल निरीक्षक सह गुमला सदर थाना का नया प्रभारी बनाया है। जबकि गुमला थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह को सिसई अंचल निरीक्षक बनाया गया। इसी तरह बसिया अंचल के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम को चैनपुर अंचल निरीक्षक, सिसई के पुलिस अंचल निरीक्षक विनय कुमार को गुमला अंचल का पुलिस निरीक्षक और गुमला अंचल के पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार को बसिया अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी पत्र में एसपी शंभु कुमार सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को नव पदस्थापन स्थान में योगदान देकर अविलंब अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। नए थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने कहा कि पब्लिक से सहयोग की अपेक्षा रहेगी। साथी यहां जितने भी असामाजिक तत्व हैं उन पर कार्रवाई होगी और जिले में आजकल नशा काफी बढ़ गया है। उस पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाएगा।

### सुक्का बृजिया अस्पताल बिशुनपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



गुमला। सुक्का बृजिया अस्पताल विकास भारती बिशुनपुर द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत एवं डॉक्टर की टीम ने किया गया। शिविर में हड्डी जोड़, नस रोग विशेषज्ञ एवं अथोर्पेडीक सर्जन डॉ विजय कुमार, एम डी फिजिशयन डॉ एस एस मुंडा, दंत रोग चिकित्सक डॉ अनुभव कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस के गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉ जगजीवन साहु, फिजियोथिरेपिष्ट रवि रंजन कुमार, सीनियर फरमाशीस्ट मनोज त्रिवेदी, कल्याण हॉस्पिटल के प्रबंधक व विकास भारती के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र मंडल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मौके पर चिकित्सकों के द्वारा 329 ग्रामीण को मुख्य रूप से शुगर, मोतियाबिंद की जांच, घुटना एवं नस रोग से सम्बंधित रोग, लिवर समस्या, आदि की जांच की गयी। साथ ही 329 लोगों को नि:शुल्क दवा भी सुक्का उपलब्ध करायी गयी। कैंप के आयोजन में विमला देवी, बिरसी देवी, राधा कुमारी, योगेश राय, कौशल किशोर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली समस्या को लेकर ईई से मिले मिशन बदलाव सदस्य व ग्रामीण



गुमला। बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को मिशन बदलाव टीम के सदस्य कांसीर मुरूमकेला के ग्रामीणों के साथ विद्युत कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की। मिशन बदलाव टीम ने बताया कि आंधी तूफान के कारण कांसीर मुरूमकेला गांव में सात से आठ बिजली पोल गिर गया है। जिसे पिछले 9 दिनों से बिजली आपूर्ति कई क्षेत्रों में बाधित है। बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया और सभी बिजली संबंधित समस्याओं को नोट डाउन करते हुए चार दिनों में समाधान करने का निश्चय किया। मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत और बंधन तिर्की ने बताया कि तीन माह से भरनो के जुरा गांव में ट्रांसफार्मर खराब है और उस विषय को लेकर मिशन बदलाव की टीम के द्वारा आपको मामले से अवगत कराया गया था लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया था। इसलिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को बताया गया कि सभी मामलों को गंभीरता से ले अन्यथा बिजली विभाग के जो भी मामले हैं उनको उजागर करने के लिए मिशन बदलाव की टीम डीसी को ज्ञापन सौंपेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद साहू, महिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी, नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर, सदस्य सोनमती कुमारी, भूषण सिंह, सुधीर लकड़ा, अमित सिंह, भूषण लकड़ा, चंद्रपाल सिंह, डेविड किंडो, विष्णु दास, तुलसी अमूल दास, विश्वनाथ सिंह, विनोद सिंह, धनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

### सेरका गांव में सामूहिक प्रयास से बना बोरा बांध, सिंचाई संकट का हुआ समाधान



गुमला। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के सेरका गांव में वाटरशेड जनभागीदारी कप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से बोरा बांध का निर्माण किया। इस पहल में पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने मिलकर भागीदारी निभाई, जिससे गांव में सिंचाई की पुरानी समस्या का समाधान हुआ। कार्यक्रम के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने ग्रामीणों से बातचीत की, जिसमें एक किसान मनीजर जी ने बताया कि पहले वे हरियाणा में रोजगार के लिए गए थे, जहां एक दुर्घटना में उनका हाथ कट गया। अब वे खेती-बाड़ी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कृषि से संबंधित अन्य समस्याओं को भी साझा किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सेरका पंचायत के मुखिया गैर-सरकारी संगठन आईएसडीजी के प्रतिनिधि, वाटरशेड समिति के अध्यक्ष और सचिव सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक विकास के लिए सहमति व्यक्त की। यह पहल दशार्ती है कि जब समुदाय एकजुट होकर कार्य करता है तो विकास कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में बसिया भाजपा ने निकाला भव्य तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



बसिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में पूरे देश भर में भाजपा की तिरंगा यात्रा निकल रही है। इस कड़ी में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल बसिया के द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकल गई।

यह विशाल तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष बड़ाईक नवीन सिंह के नेतृत्व में पतुरा से शुरू होकर लोंगा, कलिगा, कोनबीर, बसिया होते हुए थाना चौक स्थित शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा एवं नीचे चौक कोनबीर में स्व. खुदी साहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यालय कोनबीर पहुंच कार्यक्रम का समापन हुआ। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा पुरे देश भर में निकल रही है। यह सेना के प्रति देश वासियों का सम्मान है। इस तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष बड़ाईक नवीन सिंह, जिला मंत्री विजय सिंह पिंटू, मंडल महामंत्री अमर पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपाई जगदम्बा साहु, विनोद भगत, राजकुमार सिंह, अनिल हजाम, बबलु ठाकुर, अंकित मिश्रा, रामाशंकर पाण्डेय, ओमप्रकाश गुप्ता, अनमोल तिवारी, लखन सिंह, जिला आई.टी.सेल संयोजक उज्जवल कुमार मिश्रा, पंचु उरांव, मनोहर बड़ाईक, रंथु साहु, शैलेश साहु, संदीप साहु, दिलिप साहु, बंदी साहु, बहादुर सिंह, रवि राम सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

## खरचा हाई स्कूल में जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर है बच्चे : आलोक कुमार साहू

खबर मंत्र संवाददाता



किस्को। प्रखंड के पहाड़ी गांव खरचा की जनता की शिकायत पर सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू खरचा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने साहू को बताया कि राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठकुराइन डेरा खरचा में 1 से 10 क्लास तक पढ़ाई होती है। यहां मात्र तीन कमरा है। एक से 10 वर्ग के बच्चों को तीन कमरा एवं बरामदा में पढ़ाई करवाया जाता है। तीनों कमरा एवं बरामदा जर्जर अवस्था में है छत के ऊपर कई स्थानों से प्लास्टर झड़ चुका है। छड़ दिख रह है। जर्जर भवन के कारण यहां के बच्चे डर-डर कर पढ़ाई करते हैं। ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत से नए भवनों का निर्माण करने की मांग किए साहू, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया के साथ स्कूल का निरीक्षण किया तो पाया कि तीनों कमरा, बरामदा जर्जर अवस्था में है कभी भी यहां कोई भी दुर्घटना घट सकती है। साहू ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि इस स्कूल में नए कमरा बनवाने के लिए सांसद पहल करेंगे। साहू ने मौके पर डीसी को जर्जर भवन का फोटो भेजकर डीएमएफटी फंड से स्कूल भवन बनाने की बात कहे। डीसी ने इस मामला पर कार्रवाई करने का अश्वासन दिये। आलोक साहू जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर इस स्कूल में कमरा बनवाने की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई करने को कहा। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि डीएमएफटी फंड के प्रभारी से वार्ता हुआ है इस पर विभाग द्वाराअग्रेतर कार्यवाई किया जा रहा है मौके पर मुखिया के कमिल टोपनो, पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो, मुखिया सुमित्रा उरांव, विकास नगेसिया सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

# चैनपुर में बस व बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



दुर्घटनाग्रस्त बाईक के समीप खड़े पुलिस कर्मी ।

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय के समीप मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना एक यात्री बस और मोटरसाइकिल के बीच सीधी भिड़ंत के कारण हुई। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार लुपुंग नवाटोली निवासी 21 वर्षीय अविनाश असुर पिता सिलबीरयुस असुर और 27 वर्षीय अमित असुर पिता अनसेलम असुर अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर से गुमला की ओर जा रहे थे। चैनपुर अनुमंडल कार्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही मूनलाइट नामक यात्री बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि अविनाश असुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अमित असुर को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे चैनपुर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी गयी नागरिकों की समस्याएं, गुमला डीसी ने दिये त्वरित निदान के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



जन शिकायत निवारण दिवस पर समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्यार्थी

गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों से आये ग्रामीणों की समस्या सुनी और समाधान का अश्वासन दिया। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान आदर पंचायत अंतर्गत सेरेंगदाग गांव के निवासियों द्वारा गांव में बिजली, पानी, सड़क एवं अस्पताल निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है। उनका कहना है गांव में इन आधारभूत सुविधाओं की कमी है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को गांव में डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया है। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान हेतु भी निर्देश दिए गए। हरिजन मुहल्ला टोटो के निवासियों द्वारा बताया गया कि वार्ड नंबर 5 में नल जल योजना के तहत कार्य अधूरा करके छोड़ दिया गया। जिससे कि लोगों को काफी परेशानी हो रही है। डीसी ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। परसा पंचायत अंतर्गत तेलया गांव के ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि गांव में पेयजल की समस्या है। पूर्व में गांव में पानी टंकी का निर्माण हुआ था, जिससे सभी घरों में पानी उपलब्ध था। लेकिन कुछ समय से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए ग्रामीणों द्वारा एक डीप बोरिंग कराने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। घाघरा निवासी अनिता देवी ने ऋण माफी हेतु आवेदन दिया है। इनके पति का देहांत हो गया है और इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोणडरा गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने की समस्या है। मुखिया द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया गया है। इस समस्या के समाधान हेतु डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 50 से अधिक नागरिक उपस्थित हुए। पेंशन, राशन, आवास, बिजली, पानी, सड़क जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों द्वारा आवेदन दिए गए, जिन पर डीसी ने पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बिजली के आंख मिचौनी से जिलेवासी परेशान: दामोदर कसेरा

गुमला। चेंबर के निर्वतमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण गुमला जिलावासी परेशान हो गये हैं। बिजली आपूर्ति आंख मिचौली के तरह हो गई है। इसका कारण विभाग के अधिकारी बता नहीं रहे हैं। पांच सात दिनों से पांच दस मिनट में बिजली का आना जाना लगा रहता है। अभी गर्मी पिक आवर में है। ऐसे में आम नागरिकों एवं व्यापारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गुमला के छोटे बड़े उद्योग को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खास कर जो उद्योग केवल बिजली के भरोसे चलती है। जैसे ग्रिल गेट बनाने वाले उद्योग, फलाई ब्रिक्स, आटा चक्की आदि उद्योग को बड़ा नुकसान सहना पड़ रहा है। कसेरा ने कहा कि एक दो दिनों में अगर बिजली की आपूर्ति में सुधार नहीं होगी तो मजबूरन विभाग के प्रति आंदोलन करना पड़ेगा। उनके अथक प्रयास से गुमला में दो बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इतना पावर होने के बाद भी अगर गुमला को बिजली नहीं मिल रही है तो यह गंभीर विषय है।

## डीडीसी ने घाघरा के चुंदरी पंचायत का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ईचा ग्राम स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से कई सवाल भी पूछे। बच्चों ने डीडीसी को कविताएं भी सुनाया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईचा का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी से डीडीसी ने बीपी व शुगर का जांच भी कराया। सिकल सेल एनीमिया के जांच संबंधी जानकारियां ली। जन वितरण प्रणाली दुकान ईचा के संचालक उमा देवी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा जो भी जन वितरण दुकान के तहत लाभुकों को वितरण करने के दिया जाता है। उसे ईमानदारी पूर्वक समय से वितरण किया करे। ईचा गांव में एक ही जगह पर छह किसानों के द्वारा लगभग 6 एकड़ किए गए आम बागवानी को देखा। देखकर डीडीसी काफी खुश हुए और किसानों का हौसला भी बढ़ाया किया। जिसके बाद प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान लाइब्रेरी के संचालक ने डीडीसी के समक्ष बताया कि छत में दरार आ गया है। जिससे क्लास रूम में पानी टपकता रहता है। जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है। जिस पर डीडीसी ने जल्द से जल्द संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, अशोक कुमार, विजय साहू, अरुण साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड में जल्द लागू हो पेसा कानून: सुखैर भगत



लोहरदगा। जिला कॉन्ग्रेस द्वारा मंगलवार को प्रेस वार्ता की गई। मौके कर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में 26 मई को राज्यभवन का घेराव कार्यक्रम निर्धारित है जिसमें लोहरदगा से भी भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसे लेकर सभी प्रखंड में समन्वयक बनाए गए है। उन्होंने कहा कि इस घेराव कार्यक्रम के माध्यम से सरना कोड, पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य आदिवासी बहुल क्षेत्र में ऐसे में यहां जल्द से जल्द पेसा कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा झारखंड विधानसभा से पास करके राज्यपाल के पास राज्यभवन भेजवा दिया गया है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार इस पर कुंडली मार कर बैठा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस समिति द्वारा संविधान बचाओ कार्यक्रम 31 मई को आयोजित की जाएगी। जिसमें सरना कोड, पेशा कानून लागू करने और मुस्लिम समाज पर वक्फ कानून थोपने का भी विरोध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से रघुवर दास के समय लोहरदगा में जमीन सर्वे में भारी गड़बड़ी में सुधार करते हुए गलत नाम दर्ज में सुधार की मांग की जाएगी। इस मौके पर हाजी शकील अहमद, नेसार अहमद, मोहन दुबे सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

### सफाईकर्मियों का हड़ताल खत्म, नगर प्रशासक से वार्ता के बाद आज से काम पर लौटेंगे कर्मी



लोहरदगा। झारखण्ड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा के निर्णयानुसार नगर परिषद के सफाई कर्मी 4 महीना का वेतन भुगतान, पीएफ का अद्यतन कर सूद सहित हिसाब, पहचान-पत्र, ईएसआई कार्ड आदि मांगों को लेकर 19 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिसके बाद मंगलवार को नगर परिषद के प्रशासक मुक्ति किंडो ने निकाय महासंघ के शिष्टमंडल से वार्ता की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता कर मांगों पर बिन्दुवार बातचीत किये तथा 5 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान का आश्वाशन देकर हड़ताल समाप्त कराया। जिससे अब बुधवार से सफाई कर्मी शहर के सफाई में जुट जाएंगे। इस शिष्टमंडल में जिलाध्यक्ष महेश कुमार सिंह, जिला सचिव फूलदेव कुजूर, बंधू उरांव, हरिदेव उरांव, मंजू उरांव तथा अनिता उरांव शामिल हुए।

### बिन मौसम बारिश ने नगर परिषद की व्यवस्था की खोली पोल, शहर में जल जमाव से परेशान रहे लोग

लोहरदगा। शहरी क्षेत्र में मंगलवार को हुए बिन मौसम बारिश से नगर परिषद की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। शहर के हर कोने में जल जमाव से लोग परेशान नजर आए। स्थिति यह थी कि सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा उच्च विद्यालय की बच्चियों को विद्यालय से हाथ में जूता लेकर सड़क पार करना पड़ रहा था। वही शहर के सभी वार्डो में सड़क और मोहल्ले में जल जमाव होने से घंटों परेशानी झेलनी पड़ेंगी को। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा प्रति वर्ष करोड़ रुपया का नाली, पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाता है लेकिन मानकों और प्राक्कलन का ख्याल तक नहीं रखा जाता है जिसके कारण इन योजनाओं का लाभ लोगो को समुचित तरीके से नहीं मिल पाता है।

## हरमू रोड में 100 केवी का जला ट्रांसफार्मर शीघ्र बदल जायेगा : सांसद सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शहर के हरमू रोड के दर्जनों महिला सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर मुलाकात किया। महिलाओं ने सांसद को बताया कि कुछ दिन पहले नदिया हरमू रोड कार्तिक उरांव स्मारक के समीप स्थित 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां 100 के वी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग सांसद से किया। सांसद ने महिलाओं से कहा कि 100 केवी का ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। आप लोग आपने घरों की सूची उपलब्ध करा दीजिए 200 के वी का ट्रांसफार्मर भी यहां लगवा दिया जाएगा। सांसद ने महिलाओं से महिला मंडल के संबंध में जानकारी लिए और उन्हें कहा कि जिन महिला मंडल को अभी तक रिवाल्विंग फंड नहीं मिला है उन्हें जल्द ही रिवाल्विंग फंड भी दिलवा देंगे। मौके पर लालमणि उरांव, सजीता कुजूर, सूरजमानी उरांव, रमिया उरांव, शीला देवी, दीपिका देवी, सुनीता देवी, मीणा, मंजरी, रंजीता उरांव, अनीता, पूनम, मीणा, गीता व कई महिलाएं उपस्थित थी।

## नीरू शांति भगत केंद्रीय महासचिव से की मुलाकात, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और झामुमो नेत्री नीरू शांति भगत ने पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव विनोद कुमार पांडे से मुलाकात कर संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की। विनोद कुमार पांडे ने कहा कि 27 मई को केंद्र सरकार की दोगली नीति के विरोध में राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को धारदार बनाना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सरना धर्म कोड लागू किए बिना जातीय आधार पर जनगणना करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। नीरू शांति भगत ने कहा कि मेरे पति कमल किशोर भगत ने झारखंड के आदिवासी मूल वासियों के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। मैं भी उनके मार्गो में चलकर झारखंड वासियों के हित के लिए कार्य करने को वचनबद्ध हूं और मैं इसके लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दूंगी।

## सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 14वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

## सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है : डीएसपी







खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 14वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो, स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। सांता पब्लिक स्कूल 14 वां वार्षिक महोत्सव मना रही है जो तारीफे काबिल है। स्कूल में सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में टॉपर्स निकल रहे हैं जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा खुशी स्कूल में आ कर दिख रहा है काफी कम संसाधन में ही स्कूल के बच्चे अच्छे प्रतिभा दिखा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन के द्वारा प्रत्येक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बारीकी से ध्यान दी जाती है यह बहुत तारीफ के काबिल है। साथ ही फ्री एडमिशन, कोई भी प्रकार का री एडमिशन नहीं लेना खुशी की बात है। हर तबके के बच्चे इस स्कूल में अपना पठन-पाठन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को कहा मन लगाकर पढ़ाई करें, शिक्षा एक पूंजी है। जिसे कोई छीन नहीं सकता है। आपके अंदर में बहुत प्रतिभा है। आप डॉक्टर इंजीनियर, ऑफिसर पुलिस अधीक्षक कुछ भी बन सकते हैं। टोप्पो ने कहा कि बच्चे जो भी काम करे लक्ष्य निर्धारित कर करे। रिलायंस निपोन लाइफ इंश्योरेंस गुमला ब्रांच के शाखा प्रबंधक मनीष केसरी ने कहा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। ईमानदारी के साथ लगन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में शिक्षिका सुनीता एक्का, अंकिता कुमारी, मुस्कान, अंजनी, वीणा देवी रजनी सिन्हा आदि सहित स्कूल के पेरेंट्स उपस्थित थे।

# कैरो : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



कैरो। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 मई मंगलवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कैरो भाजपा के अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विदित है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियो के द्वारा 27 भारतीय पर्यटकों की धर्म पूछ पूछ कर सुहागिन बहनो का सिंदूर मिटाया गया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पाकिस्तान के अनेकों आतंक बादी ठिकानों को मिट्टी मे मिलाया। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई मे प्रारंभ हुई, यात्रा मे सशिसुवि के भैया बहने, भाजपाइयों, व्यवसाईयो ने हाथ मे तिरंगा लिए यात्रा प्रारंभ की जो कैरो नायरा पेट्रोल पंप होते हुए मुख्य सड़क होकर ऊतका ग्राम होकर मुख्य पथ होकर देवी मंडप प्रांगण में समाप्त हुई। मौके कर अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि उक्त तिरंगा यात्रा भारत सरकार के ऑपरेसन सिंदूर की सफलता और सीमा पर अभी तक डटी भारतीय सेना के उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा मे भारत माता की जय, बंदे मातरम, सेना तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है, यहां व्योमिका और सोफिया जैसी नारी लड़ती है के नारे के साथ यात्रा कैरो मुख्य पथ पर गुंजायमांन रहा। इस अवसर पर कैरो थाना एस आई प्रदीप कच्छप थाना के सदल बल, भाजपा के विशेश्वर प्रसाद दीन, बजरंग उरांव, लखन उरांव, सुरज मोहन साहु, श्रवण मुंडा, मनिंद्र शाह, प्रदीप लोहरा, कैलाश महतो, विदेशी राम, शिवचरण तूरी, नसीर आलम, पंकज साहु, राधेश्याम साहु, समाज सेवी गंगा प्रसाद, रामपवित्र प्रसाद सोनी समेत आचार्य नारायण कुमार, गणेश कुमार समेत अनेकों लोग तिरंगा यात्रा में उपस्थित है।




## 14 साल के वैभव के तूफान में उड़ी सीएसके की टीम, राजस्थान ने 6 विकेट से चेन्नई को हराया

# राजस्थान ने जीत के साथ किया सीजन का अंत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी की दमदार अर्धशतकीय पारी की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस राजस्थान की टीम आइपीएल 2025 में अपने सफर का अंत जीत के साथ किया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतने के बाद सीएसके को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। सीएसके की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 8 विकेट के नुकसान पर 187 रन का स्कोर कड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान ने 17 गेंद रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया। राजस्थान के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरे यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर टीम को सधी हुई शुरूआत दिलाई। यशस्वी ने शुरू में राजस्थान के लिए मोर्चा संभालते हुए धुआंधार बैटिंग की। हालांकि, तेज तर्रार पारी की कोशिश में यशस्वी अंशुल कंबोज की गेंद पर बोल्ड हो गए। यशस्वी ने 19 गेंद में 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 36 रनों की पारी खेली। वहीं दूसरी तरफ वैभव की शुरूआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन क्रीज पर सेट होने के बाद उन्होंने ने भी अपना गियर बदल लिया।



### वैभव ने 27 गेंद में लगाई राजस्थान के लिए फिफ्टी

धीमी शुरूआत के बाद वैभव को कप्तान संजू सैमसन का भी बेहतरीन साथ मिला। वैभव ने इस दौरान 27 गेंद में सिक्स के साथ अपनी फिफ्टी पूरी की। वैभव की फिफ्टी पूरी होने के बाद कप्तान संजू सैमसन 31 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हो गए। संजू के आउट होते ही वैभव भी ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके और 33 गेंद में 57 रनों की पारी खेल आउट हो गए। वैभव ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 4 छक्के भी लगाए। वैभव के आउट होने के बाद रियान पराग और ध्रुव जुरेल पर जिम्मेदारी थी कि वह टीम को एक आसान जीत की तरफ ले जाए, लेकिन नूर अहमद ने रियान पराग को अपनी फिरकी में फंसा उन्हें आउट कर दिया। रियान के बाद ऐसा लगा कि सीएसके की टीम ने मैच में वापसी कर ली है, लेकिन उसके गेंदबाज दिशाहीन रहे और मौके का फायदा नहीं उठा सके। ऐसे में ध्रुव जुरेल के साथ शिमरन हेटमायर ने कोई गलती नहीं की टीम को 17 गेंद रहते ही टीम को जीत दिला दी। राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 12 गेंद में 31 रनों की पारी खेली, जबकि हेटमायर ने 5 गेंद में 12 रनों का योगदान दिया।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 | +0.795 |
| बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 | +0.482 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 | +0.389 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +1.156 |
| दिल्ली | 12 | 06 | 05 | 01 | 13 | +0.260 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 | +0.193 |
| लखनऊ | 12 | 05 | 07 | 02 | 10 | -0.506 |
| हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 01 | 09 | -1.005 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 | -1.030 |



**पर्पल कैप**
21 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात



**ऑरेंज कैप**
617 रन
साई सुदर्शन
गुजरात

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुंबई।** देशभर में मानसून की शुरूआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। आइपीएल की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है।

### चेन्नई 187/8 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| आयुष कै. मफाका बो. देशपांडे | 43 | 20 | 08 | 01 |
| कॉनवे कै. पराग बो. युधवीर | 10 | 08 | 02 | 00 |
| उर्विल कै. मफाका बो. युधवीर | 00 | 02 | 00 | 00 |
| अश्विन कै. हेटमायर बो. हसरंगा | 13 | 08 | 01 | 01 |
| जडेजा कै. जुरेल बो. युधवीर | 01 | 05 | 00 | 00 |
| ब्रेविस बो. आकाश मधवाल | 42 | 25 | 02 | 03 |
| दुबे कै. जयसवाल बो. मधवाल | 39 | 32 | 02 | 02 |
| धोनी कै. देशपांडे बो. मधवाल | 16 | 17 | 00 | 01 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 05 | 03 | 01 | 00 |
| नूर अहमद नाबाद | 02 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 16

**विकेट पतन** : 1-12, 2-12, 3-68, 4-70, 5-78, 6-137, 7-180, 8-185.

**गेंदबाज** : तुषार देशपांडे : 4-0-33-1, युधवीर सिंह : 4-0-47-3, क्वेना मफाका : 2-0-22-0, वानिंदु हसरंगा : 4-0-27-1, रियान पराग : 2-0-26-0, आकाश मधवाल : 4-0-29-3.

### राजस्थान 188/4 (17.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल बो. अंशुल कंबोज | 36 | 19 | 05 | 02 |
| वैभव कै. जडेजा बो. अश्विन | 57 | 33 | 04 | 04 |
| संजू कै. ब्रेविस बो. अश्विन | 41 | 31 | 03 | 02 |
| रियान पराग बो. नूर | 03 | 04 | 00 | 00 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 31 | 12 | 02 | 03 |
| शिमरन हेटमायर नाबाद | 12 | 05 | 01 | 01 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन** : 1-37, 2-35, 3-138, 4-158.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 3-0-35-0, अंशुल कंबोज : 3-0-21-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-41-2, नूर अहमद : 3-0-42-1, मथीशा पथिराना : 2.1-0-22-0, रवींद्र जडेजा : 2-0-27-0.

## कोलकाता नहीं, अहमदाबाद में खेला जायेगा आइपीएल 2025 का फाइनल

### बीसीसीआइ ने घोषित किया प्लेऑफ का कार्यक्रम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आइपीएल 2025 के प्लेऑफ का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके अनुसार, अब इस सीजन का खिताबी मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

#### न्यू चंडीगढ़ में खेला जायेगा क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर

बीसीसीआइ ने शेष मुकाबलों के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी थी, लेकिन फाइनल और प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताए थे। माना जा रहा था कि कोलकाता ने फाइनल की मेजबानी छीन सकती है और मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर भी लग गई। बीसीसीआइ के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, न्यू चंडीगढ़ का पीसीए स्टेडियम 29 मई को क्वालिफायर-1 और 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबले की मेजबानी करेगा।

#### किस कारण हुआ बदलाव?

वहीं, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक जून को क्वालिफायर-2 और तीन जून को फाइनल मुकाबले की मेजबानी करेगा। पुराने कार्यक्रम के मुताबिक, हैदराबाद और कोलकाता को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी करनी थी। आइपीएल ने अपने बयान में बताया कि



आइपीएल गवर्निंग काउंसिल ने मौसम और अन्य कारणों के चलते प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू में बदलाव किया है।

#### आरसीबी-सनराइजर्स के मैच के वेन्यू में हुआ बदलाव

आइपीएल गवर्निंग काउंसिल ने आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बंगलूरू में खेला जाने वाले मुकाबले के वेन्यू में भी बदलाव किया है। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आइपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आइपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार तक के लिए बंगलूरू में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। यही कारण है कि बोर्ड को अंतिम समय में इस मुकाबले के लिए वेन्यू में बदलाव करना पड़ रहा है।

## मुंबई ने जैक्स विल की जगह बेयरस्टो को चुना




**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम मुंबई ने मौजूदा सत्र के शेष मैचों के लिए ऑलराउंडर विल जैक्स की जगह जॉनी बेयरस्टो को चुना है। जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये की कीमत पर टीम में शामिल होंगे। बेयरस्टो के अलावा, चारिथ असलांका और रिचर्ड ग्लीसन, कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन की जगह लेंगे, जो राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए रवाना होंगे। ग्लीसन को एक करोड़ रुपये, जबकि असालांका को 75 लाख रुपये की कीमत पर शामिल किया जायेगा।

## अंतिम प्लेऑफ के लिए मुंबई और दिल्ली में आर-पार की भिड़ंत

**एजेंसी**


**मुंबई।** एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरूआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरूआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है। लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है।

दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा।




## अभिषेक को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और राठी एक मैच के लिए निलंबित

**(एजेंसी) लखनऊ।** आइपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाज दिग्वेश राठी को इस सत्र में तीसरी बार उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर एक मैच के निलंबन के साथ मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना भी लगाया गया है। यह घटना सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गये मैच के दौरान आठवें ओवर में उस समय जब राठी ने अभिषेक शर्मा को आउट किया। राठी ने अभिषेक को आउट करने के बाद उन्हें नोटबुक में एंट्री का इशारा किया और फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। इस दौरान अंपायर माइकल गॉफ को बीच-बचाव करना पड़ा। राठी को इस सत्र में तीसरी बार आइपीएल के आचार संहिता का उल्लंघन का दोषी पाया गया। इस सत्र में राठी के खिलाफ कुल पांच डिमेरिट अंक जोड़े गये हैं, इस कारण उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है।



वह अब वह गुरुवार को गुजरात टाइटंस के साथ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे।

## अगले साल पांच जनवरी से होगा हॉकी इंडिया लीग का आगाजीं

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग का अगला सत्र पांच जनवरी 2026 से शुरू होगा जिसमें महिला वर्ग में दो नयी टीमें जुड़ेंगी जिससे महिला वर्ग में छह और पुरुष वर्ग में आठ टीमें भाग लेंगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया, हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए इस बार पांच जनवरी से विंडो है ताकि विदेशी खिलाड़ी क्रिसमस मनाकर आराम से यहां खेलने आ सके। पिछली बार टूर्नामेंट 28 दिसंबर से शुरू हुआ था जिसे एक हफ्ते के लिए आगे बढाया गया है। सात साल बाद बहाल हुई लीग के पहले सत्र में एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए आवेदन दिए थे। हॉकी इंडिया ने सोमवार को ही खिलाड़ियों के लिये आनलाइन रजिस्ट्रेशन विंडो खोली है जो 20 अगस्त तक खुली रहेगी। महिला वर्ग में दो नई टीमें अगले सत्र में खेलेंगी जिनकी घोषणा जल्दी ही की जाएगी।

## हमें सुधार करने की जरूरत है : मार्केज

**एजेंसी**

**कोलकाता।** एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के गोलरहित ड्रॉ खेलने से निराश मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अगर उनकी टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें बहुत सुधार करने की जरूरत है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। भारतीय टीम को अपना दूसरा मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है। टीम ने सोमवार को अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिया है।बांग्लादेश के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए मार्केज ने कहा कि हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को छोड़कर हर फीफा विंडो में आगे बढ़ रही थी। उन्होंने कहा कि यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली। लेकिन हम अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हमें इस बात से अवगत होना चाहिए कि हांगकांग में हमारा मैच काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

## एयूओ और हॉकी इंडिया के बीच ऐतिहासिक समझौता

**एजेंसी**

**नोएडा।** हॉकी इंडिया के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर, जिसे पूरे देश में हॉकी डे के रूप में मनाया गया, एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन (एयूओ) और हॉकी इंडिया ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस करार का उद्देश्य देशभर के अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन स्थापित कर सकें। इस साझेदारी के तहत एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन खिलाड़ियों को विशेष शैक्षणिक छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 100 फीसदी तक की छात्रवृत्ति प्रदान करेगी, जिसे चैम्प्स (सेलीब्रेटिंग हीरोज विद एमिटी मेरिट प्रोग्राम स्कॉलरशिप) नाम दिया गया है। इसके अलावा, सभी खिलाड़ियों को तीन महीने का मुफ्त स्पोर्ट्स साइकोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स भी मिलेगा, जिससे वे मानसिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें।




इस अवसर पर, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और डिफेंडर ज्योति को एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन में क्रमशः बी.ए. (समाजशास्त्र) और एमबीए (मार्केटिंग) कार्यक्रमों में नामांकित किया गया। ये दोनों खिलाड़ी इस पहल की पहली लाभार्थी बनीं। सलीमा टेटे ने भावुक होकर कहा, हॉकी के चलते मुझे पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी थी, लेकिन अब यह अवसर मुझे बिना खेल छोड़े शिक्षा पूरी करने का मार्ग प्रदान करता है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है और अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी, विशेष रूप से महिलाएं, 12वीं के बाद शिक्षा रोक देती हैं। अब वे खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी पूरी कर पाएंगी।

## पाकिस्तान का दौरा करेगा बांग्लादेश

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के दौरे पर पहले से तय पांच की जगह तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने दुबई में मंगलवार को बांग्लादेश के अपने समकक्ष से मुलाकात की जिसके बाद कार्यक्रम में संशोधन किया गया। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम इस महीने तीनों मैचों की मेजबानी करेगा। इन मैचों की तारीख हालांकि अभी तय नहीं की गई हैं। पिछले महीने दोनों देशों ने 25 मई से तीन जून तक पांच टी20 मैच खेलने पर सहमति जताई थी, जिसमें से पहले दो मैच फैसलाबाद में खेले जाने थे।

## पेंचक में दमन और दीव ने जीते दो स्वर्ण पदक

**दीव।** मेजबान दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के दूसरे दिन मंगलवार को पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण अपने नाम किये। पेंचक सिलाट इंडोनेशिया की एक पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है। दमन और दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने सीनियर पुरुष तुंग्गल (कलात्मक) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में मेजबान टीम की कीर्तन मनोजकुमार आचार्य ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## श्रीकांत ने किया मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** किदाम्बी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में स्थान सुनिश्चित कर लिया है, लेकिन बाकी भारतीय शटलर एकल क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ सके और मंगलवार को सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गये। वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए अपने दूसरे क्वालीफाइंग पुरुष एकल मैच में चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया। 32 वर्षीय श्रीकांत 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। उन्होंने पहले दौर में एक अन्य ताइपे खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराया था। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी लू गुआंग जू के रूप में चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी से सामना होगा। अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पैनिचाफोन तीरात्सकुल से 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा, दोनों ने ही क्वालीफिकेशन चरण में अपने अभियान समाप्त कर दिए। महिला एकल में अनमोल खरब को ताइपे की हंग यी-टिंग ने 14-21, 18-21 से हराया। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की मिश्रित युगल जोड़ी भी मलेशियाई जोड़ी मिंग याप टू और ली यू शान से 15-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई।



### सिंधू-प्रणय बुधवार को शुरू करेंगे अभियान

अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पनिचाफोन तीरात्साकुल के हाथों 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से दोनों करीबी गेम वाले मुकाबले में 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में ताइपे की हंग यी-टिंग ने 21-14, 21-18 से हराया। मोहित जागलान और लक्षिता जगलान की मिश्रित युगल जोड़ी भी मलेशियाई जोड़ी मिंग याप टू और ली यू शान से 15-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू और एचएस प्रणय बुधवार को इस प्रतियोगिता में अपने-अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। इस टूर्नामेंट में सिंधू और प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

## मानव ने हारिमोतो को दी कड़ी टक्कर, मनिका विश्व टेबल टेनिस में हारीं

**एजेंसी**

**दोहा।** मानव ठक्कर ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी हारिमोतो तोमोकाजू के खिलाफ राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में हार से पहले उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा अपने से निचली रैंकिंग की पार्क गाहियोन के खिलाफ साधारण प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप से बाहर हो गयीं। दुनिया के 48वें नंबर के खिलाड़ी ठक्कर ने तीसरे और पांचवें गेम में अपने से अधिक अनुभवी जापानी प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें 11-13, 3-11, 11-9, 6-11, 11-9, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में 46वें स्थान पर काबिज मनिका दक्षिण कोरिया की विश्व में 130वें नंबर की खिलाड़ी पार्क के खिलाफ बिल्कुल भी लय में नहीं दिखीं। भारतीय खिलाड़ी को 8-11, 7-11, 5-11, 8-11 से शिकस्त झेलनी पड़ीमहिला एकल में 46वें स्थान पर काबिज मनिका दक्षिण कोरिया की विश्व में 130वें नंबर की खिलाड़ी पार्क के खिलाफ बिल्कुल भी लय में नहीं दिखीं। मनिका की हार का कारण उनके फोरहैंड से की गई कई सहज गलतियां थीं। दुनिया की 88वें नंबर की खिलाड़ी दीया चितले भी चीनी ताइपे की चेन आई चिंग के खिलाफ 3-7, 7-11, 6-11, 11-6, 5-11 से हार गयी।

## ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर रेनेटो ने फ्लुमिनेंस क्लब को कहा अलविदा

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर रेनेटो ऑगस्टो ने रियो डी जेनेरियो स्थित फुटबॉल क्लब फ्लुमिनेंस से आपसी सहमति के आधार पर अपना नाता तोड़ लिया है। क्लब ने सोमवार को एक संक्षिप्त सोशल मीडिया बयान में यह जानकारी दी। फ्लुमिनेंस क्लब ने 37 वर्षीय खिलाड़ी के जाने के पीछे किसी कारण का उल्लेख नहीं किया। क्लब ने अपने बयान में कहा, फ्लुमिनेंस खिलाड़ी द्वारा दिए गए योगदान के लिए धन्यवाद करता है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। रेनेटो ऑगस्टो ने जनवरी 2024 में कोरिंथियंस से फ्लुमिनेंस में शामिल होकर सभी प्रतियोगिताओं में कुल 36 मैच खेले। उनका अनुबंध दिसंबर 2024 तक था, लेकिन उन्होंने समय से पहले ही क्लब को छोड़ दिया। 20 साल के अपने पेशेवर करियर में रेनेटो ने फ्लेमेंगो, जर्मन क्लब बायर लेवरकुसेन और चीनी क्लब बीजिंग गुओआन के लिए भी खेला है।



वे ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए 33 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और 2018 फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील की उस टीम का हिस्सा रहे जो क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी। रेनेटो के इस फैसले के बाद फुटबॉल जगत में उनके अगले कदम को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं।

# गोड्डा : मनरेगा योजना चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट बोआरीजोर में कागज पर संचालित हो रही योजना

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा/बोआरीजोर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। जिम्मेदार पंचायत के कर्मी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेई, बीपीओ, पंचायत के मुखिया द्वारा बेहतर तरीके से योजना का मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण अधिकतर योजना स्थल सिर्फ कागज पर संचालित हो रहा है। सोमवार को कई योजना स्थल का पड़ताल में एक भी मजदूर योजना स्थल पर कार्य करते नहीं पाया गया। ताजा उदाहरण बोआरीजोर प्रखंड के बड़ा बोआरीजोर पंचायत और आसनबोना गांव का है। सिर्फ फर्जी मास्टर रोल के जरिए सरकारी राशि का बंदरबांट हो रहा है और अधिकतर योजना स्थल पर योजना से संबंधित कोई भी बोर्ड तक नहीं लगा हुआ पाया गया। नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर कई लोगों ने बताया कि बिचौलिया के मिली भगत से गड्ढा नुमा जमीन को ही डोभा का निर्माण कार्य दिखाकर जेई पंचायत के कर्मी अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर रहे हैं जबकि इसकी जमीनी हकीकत विपरीत है। प्रखंड के मुचुरा गांव में फूलबिटी मरांडी के जमीन पर डोभा का निर्माण, बाडोर गांव में सुकरा पहाड़िया के जमीन पर डोभा का निर्माण, मंगरा गांव में गुरू सोरेन के जमीन पर डूबा का निर्माण समेत दर्जनों योजना शामिल है। जहां की सिर्फ फर्जी कागज पर डिमांड चल रहा है और इतना ही नहीं जिम्मेदार पदाधिकारी को फजीवाड़े की सूचना देने के पर पदाधिकारी के द्वारा मीडिया को गोल मटोल जवाब दिया जाता है। कई व्यक्तियों ने तो ऐसा भी बताया कि कई ऐसे पहाड़ पर डोभा का निर्माण कराया गया है जो कि मजदूर के बदले जेसीबी मशीन से खुदाई रात मे कर दी गई है जो की मनरेगा नियम के विरुद्ध है लेकिन मोटा कमीशन के कारण जिम्मेदार भी कार्रवाई करने में हिचकिचाते हैं। अब देखना होगा मामले पर कब तक निष्पक्ष जांच होती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है या फिर मामले को रफा दफा किया जाता है।

# बेरमो : देशव्यापी मजदूर हड़ताल को लेकर जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी मजदूर हड़ताल को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मंगलवार को सीसीएल ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेताओं ने प्रदर्शन किया। यूनियन नेता महारूद्र सिंह, विकास सिंह, भीम महतो और जयनाथ मेहता ने कहा कि यह हड़ताल देश की मौजूदा सरकार की गलत कॉर्पोरेट नीतियों के खिलाफ और श्रमिकों की 17 सूत्रीय मांगों और हड़ताल को लेकर चर्चा की। सबसे पहले संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल को फिलहाल टाले जाने की जानकारी दी। कहा कि देश में हड़ताल की घोषणा और लाखों नोटिस के बावजूद केंद्र समेत कई राज्य सरकारों के संरक्षण में नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमले जारी रखे हुए हैं। काम के घंटों में मनमानी वृद्धि, न्यूनतम मजदूरी के साथ-साथ ठेका मजदूरों की गैरकानूनी छंटनी आम हो गयी है। यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रेड यूनियनों की लगातार मांग के बावजूद सरकार ने अब तक न तो किसी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की है, न ही भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया है। यह सब श्रम संहिताओं को चुपचाप लागू करने की साजिश का हिस्सा है। जामसं के विकास सिंह, ओमशंकर सिंह, धीरज पांडे, आरकेएमयू के महारूद्र सिंह, चंदन चौहान, रविन्द्र सहनी, अभिषेक शर्मा, अभिजीत बाउरी, सुरेश महतो, शंकर प्रसाद, रवि कुमार सहनी, राजेंद्र प्रसाद, रविन्द्र दिगार, सरयू तुरी, प्रदेशी मुंण्डा, पवन मिश्रा, शरद कुमार, सीएमयू के राजू भुखिया, संतोष कुमार ,जेसीएमयू के घुनं हंसदा, जयनाथ मेहता, बीड़ी कुशवाहा, यूकोवयू के जवाहरलाल यादव, भीम महतो, एनसीओईए गोवर्धन रविदास, करमचन्द बाउरी, मनोज पासवान, चन्द्रशेखर महतो, मनसुख कालिंदी, सुरज, प्रदीप महतो, मनोज शर्मा, कैलाश महतो, नकुल रविदास आदि उपस्थित हुए।

## एक नजर में

### दुमका : सामूहिक दुष्कर्म में चार ने थाने में किया था आत्मसमर्पण, भेजे गये जेल



दुमका। जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमना गांव में 15 मई की रात शिकारीपाड़ा की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले चार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत में पेश किया। यहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि घटना में शामिल एक किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। सभी चार आरोपियों ने थाना में सरेंडर किया। जेल जाने से पहले मुख्य आरोपी रंजीत टुडू ने बताया कि 15 मई को पड़ोस में शादी थी। इसी शादी में शिकारीपाड़ा की किशोरी शामिल होने के लिए अपने बहन-बहनोई के साथ आई थी। रात में सोने के लिए जगह कम पड़ रहा था तो कारण किशोरी उसके घर सोने आ गई। शादी में उससे पहले भी बात हुई थी। रात में उसे उठाकर खेत ले गया और दुष्कर्म किया। इसके बाद चार अन्य दोस्त को फोन कर बुला लिया। इसके अनिल हेम्ब्रम व जानी मूर्मू ने भी उसके साथ गलत काम किया। जबकि बोनी टुडू व बिट्टू हेम्ब्रम आने जाने वालों पर नजर रखे हुए थे। दूसरे दिन गलत का पछतावा हुआ और 18 मई को स्वयं थाना जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसके कहने पर ही अनिल हेंब्रम, जानी मुर्मू व बिट्टू हेंब्रम ने थाना में आत्मसमर्पण किया। एक मात्र किशोर बोनी टुडू को पुलिस ने गांव से गिरफ्तार किया।

### अमर बाउरी पहुंचे आदिवासी गांव कड़रूखुटा



बेरमो। भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सोमवार को पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के आदिवासी गांव कड़रूखुटा पहुंचे। वहां आदिवासी महिला दुष्कर्म पीड़िता से मिले और पीड़ित महिला का हाल चाल जाना। महिला ने अमर बाउरी को बताई की आठ मई को घर के बगल कुछ दुरी पर तालाब में नहाने गई थी। नहाने के दौरान एक युवक आया और अकेला पाकर मेरे साथ जोर जबरजस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। हम किसी तरह उससे खुद को छुड़ाकर भागकर घर आई। इसके बाद अपने स्वजनों को बताई। जिसके बाद घर वाले गए और उसे पकड़ लिए। जिसके बाद लोगो ने थोड़ा मोड़ा मारपीट किया। उसी दौरान पुलिस आई और उसे लेकर चली गई। जिसके बाद हमलोग थाना में दुष्कर्म करने का प्रयास का आवेदन दिए। जिसके बाद पता चला की उसकी मौत हो गई। बाउरी ने पीड़िता आदिवासी महिला और उनके स्वजनों को न्याय दिलाने की बात कहते हुए कहा की मामला 8 मई को 22 साल के अब्दुल कलाम ने तालाब में नहा रही एक आदिवासी महिला के साथ छेड़छाड़ और रेप करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर गांव वालों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर अब्दुल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब्दुल के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर चार लोगों को जेल भेज दिया है। हेमंत सोरेन की सरकार के मंत्री इरफान अंसारी दुष्कर्म आरोपी का महिमा मंडन कर रहे हैं। सरकार का प्रभाव दिखाकर आदिवासी महिला का आबरू का सौदा किया जा रहा हैं। इस घटना का पूरी तरह से जांच होना चाहिए जिससे सच्चाई सामने आ सके। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा अब्दुल के परिवार को 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की बात कही है। और जो आदिवासी पीड़िता से साथ दुष्कर्म करने का प्रयास हुआ। उसको आज तक सरकार के लोग झाकने तक नहीं आया। हेमंत सोरेन आदिवासियों का मुख्यमंत्री मानते हैं लेकिन पीड़ित आदिवासी महिला का हाल चाल तक नहीं पूछा। अमर बाउरी ने कहा हर बार में भाजपा आदिवासी महिला को न्याय दिलाएगी। मौके पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पाण्डेय, भाजपा के पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के मोतीलाल महतो, ईश्वरचंद प्रजापति, किशोर महतो, रामबद्द महतो, सीमा देवी, बुनु सोनी, भैरों महतो, मनोज महतो, राजेश गिरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### दुमका : एसकेएमयू के तीन सीनेट व सिंडिकेट सदस्य हुए नामित

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कुलपति प्रो कुनुल कंदीर के निर्देश पर विवि प्रशासन ने कुल चार नए सदस्यों की नियुक्ति सीनेट व सिंडिकेट सदस्य के रूप में की है। इस संबंध में अधिसूचना मंगलवार को कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने जारी किया। सीनेट सदस्य के रूप में तीन को नामित किया गया है। इनमें एसपी कॉलेज, दुमका के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कलानंद ठाकुर, एएन कॉलेज, दुमका के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक अन्हद लाल और भाजपा नेता सह पूर्व अभाविप सदस्य विमल मरांडी शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### डीवीसी बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा निकाली गयी प्रभात रैली



बेरमो। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर मंगलवार को डीवीसी बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा एक प्रभात रैली निकाली गयी। जिसमें स्थानीय बच्चों एवं डीवीसी कर्मियों ने हिस्सा लिया। यह रैली नये प्रशासनिक भवन से शुरू होकर, डीवीसी अस्पताल, झारखंड चौक होते हुए बोकारो क्लब में जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर बच्चों ने स्वच्छता एवं सफाई का नारा दिया। रैली में डीवीसी कर्मियों की संख्या भी सैकड़ो में रही। कार्यक्रम के अन्त में सुशील कुमार अरजरिया, मुख्य महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बोकारो थर्मल कॉलोनी एरिया एवं आसपास के गांव में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का काम किया जा रहा है, और लोगों से अपील है कि वह जहां-तहां कूड़ा ना फेंके एवं डस्टबिन में ही कूड़ा डालें। उन्होंने लोगों को अपने निजी जीवन में भी स्वच्छता की आदतों को अपनाने पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन उपमहाप्रबंधक प्रशासन कालीचरण शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुनील कुमार, प्रबंधक (मांस), एस ए ए अशरफ, उप प्रबंधक (मांस), धनंजय कुमार, प्राचार्य, दाघानि उच्च विद्यालय, शाहिद इकराम, रमेश कुमार, सुकेश कुमार, एस के तिवारी, शिवचरण, राम नारायण, विकास विश्वास, मनोज सिंह, सूरज तिवारी, राजेश सिंह, इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

### बोकारो: खनन विभाग ने ट्रैक्टर किया जब्त



बोकारो। डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें आईएल थाना अन्तर्गत इंडियन बैंक रेलवे फाटक के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। टीम ने जिसे विधिवत जप्त कर आईएल थाना को सुपुर्द कर दिया और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### मंडलकारा चास में जेल अदालत व चिकित्सा शिविर का आयोजन



बोकारो। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडलकारा चास में एक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चास जेल में आयोजित इस जेल अदालत में जिसके सदस्य मनोरंजन कुमार नं-1 सीजेएम बोकारो एवं डिप्टी चीफ एलएडीसी पम्मी कुमारी थे। साथ ही मंडल कारा चास में स्वास्थ्य जांच चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें जेल में कुल 284 कैदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया एवं मेडिसिन उपलब्ध कराया गया जिसमें 278 पुरुष एवं 06 महिला थे। साथ ही मंडल कारा चास में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाना, जनता दरबार का उद्देश्य: डीसी बोकारो

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** डीसी विजया जाधव के जनता दरबार का आयोजन जरीडीह प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया जहां काफी संख्या में आमजन शामिल हुएं। सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ जिप सदस्य सुनीता टुडू जिप के पूर्व सदस्य हीरा लाल मांझी प्रखंड प्रमुख देव नारायण भगत विधायक प्रतिनिधि विनोद महतो विभिन्न पंचायतों के मुखिया आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि आम जनों की सहूलियत के लिए जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके पीछे की मंशा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाना जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना उनके समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

मौके पर अबुआ आवास के लाभुकों को डीसी व अन्य अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों के द्वारा नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश कराया गया। सांकेतिक रूप से 10 लाभुकों को शुभ कलश नारियल देकर गृह प्रवेश का आह्वान किया गया। डीसी ने घंटों आमजनों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदन को संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों /प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अग्रसारित एवं स्वीकृत किया। सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का डीसी व अन्य अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों से प्राप्त/स्वीकृत आवेदनों की जानकारी ली और निष्पादन से संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर सरकार की अबुआ आवास योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना बिरसा सिंचाई कूप योजना गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

जनता दरबार में ऑन स्पॉट स्वीकृत लाभुकों के बीच पेंशन क्रेडिट लिंकेज ग्रीन राशन कार्ड दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरा यूनिट/बत्तख चूजा/जोड़ा गाय मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजना आदि सरकारी योजनाओं के परिसंपत्ति/स्वीकृति पत्र को वितरित किया गया। मौके पर डीएसओ शालिनी खालखो, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा डीपीआरओ रवि कुमार सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि बीडीओ सीमा कुमारी सीओ प्रणव राज एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह मनरेगा नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा शिकारीपाड़ा की ओर से निकाली गयी तिरंगा यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा मंडल अध्यक्ष तरुण नंदी एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष विकाश भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिकारीपाड़ा हनुमान मंदिर से लेकर दुर्गा मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को सलाम किया। विकाश भगत ने बताया हमारी भारतीय सेनानी आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया उनके मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई से साबित होता है कि हमारी सीमाएं सुरक्षित हाथों में हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, नारे लगाये साथी ही पाकिस्तान के विरोध में पाकिस्तान मुदार्बाद के भी नारे लगाए इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमंत साहा, सूरज कुमार पाल, धीरज रजक, जयदेव गोस्वामी, अभिजीत दियासी, सुमित सिंह, दिवाकर भगत, लक्ष्मण भगत, अंजन दियासी, चंदन दास, वीरेंद्र भगत, सुंदर ठाकुर, नानी गोपाल पाल, डेनियल किस्कू,पलटू मंडल, कालीचरण साहा, इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एजेंट का गोरख खेल, मृतक सीसीएल कर्मी की एलआईसी की राशि फर्जी पत्नी को करवाया भूगतान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** जिन्दगी के साथ भी जिन्दगी के बाद भी जिस जीवन बीमा निगम का नारा ही हो और उसी संस्था मे फजीर्वाड़ा हो जाये तो इसे आप क्या कहेगे। इसी तरह का एक मामला एलआईसी फुसरो शाखा से निकल कर बेरमो थाना पहुचा जहां पीड़ित महिला सह मृतक सीसीएल कर्मी की पत्नी शिला देवी द्वारा आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता गिरिडीह निवासी शीला देवी ने मिडिया को बताई कि एलआईसी अभिकर्ता एवं विकास पदाधिकारी के ऊपर थाने में मामला दर्ज कराएगी। कहा कि किस आधार पर एक महिला को फर्जी शीला देवी को सत्यापित कर बीमा राशि का भुगतान किया गया जबकि कोर्ट द्वारा सक्सेशन सर्टिफिकेट मेरे पास मौजूद है। कहा कि मेरा पति का फुसरो स्टेट बैंक में जॉइंट खाता था उसके बाद भी यूको बैंक गिरिडीह में क्यों खाता खोला गया। वहीं महिला ने बेरमो थाना में एलआईसी एजेंट के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। दरअसल यह मामले पिछले लंबे समय से चल रहा है मृतक सीसीएल कर्मी दिलीप कुमार के निधन के बाद उनकी धर्म पत्नी शीला देवी एलआईसी फुसरो शाखा अपने पति के बीमा क्लेम करने पहुची तो वहां एक आवेदन दुसरी महिला दे रखी थी जिस कारण शाखा के मैनेजर द्वारा यह कहा गया कि जो भी कोर्ट से शकसेशन सर्टिफिकेट लेकर आयेगा उसे ही बीमा राशि भुगतान किया जायेगा। मृतक की पत्नी भागी भागी तेनुघाट न्यायालय पहुची और उक्त प्रमाण पत्र के लिए आवेदन की इस बीच काफी समय निकल गया 2025 मे न्यायालय द्वारा जब शीला देवी को शकसेशन सर्टिफिकेट मिला और वह उसे लेकर जीवन बीमा कार्यालय पहुची तो उसे बताया गया कि उक्त राशि की भुगतान 2023 मे ही शीला देवी को कर दी गई है जबकि मृतक की पत्नी आज दो माह से बीमा राशि के लिए एलआईसी दफ्तर का चक्कर काट रही है। अब सवाल उठता है कि वह कौन महिला है जो शीला देवी बन बीमा राशि उठा ली। क्या बीमा कंपनी भुगतान से पुर्व उक्त महिला का भेरिफिकेशन नही क्या या फि र इसमे कोई बड़ा खेल हुआ है जो जांच का विषय है।

पीड़ित महिला की माने तो बीमा कार्यालय से उसे जवाब मिलता है कि एजेंट जाने जबकि एजेंट कहता की शाखा मैनेजर जाने। आखिरकार थक हार महिला बेरमो थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मगर यह भी सौ फीसदी सत्य है कि इतने प्रतिष्ठित संस्था की ऐसी घटनाओं से शाख पर बट्टा तो लग ही जाता है।

# भाजपा संविधान को नहीं अदानी और अंबानी को बचाने में लगी हैं: प्रदीप यादव

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** कांग्रेस की ओर से गोड्डा में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में जहा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभा कि सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कि सरकारी चार सौ पार का नारा इसीलिए दे रही थी जिससे वो संविधान को खत्म कर उसकी जगह मनुस्मृति लागु करना चाहती थी। आज कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हो या फिर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसकी रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन कर रही है। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने केंद्र कि मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग केवल कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं संविधान की नहीं, देश में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जो सविधान कि रक्षा कर सकती है, वही कांग्रेस नेता प्रदीप यादव ने कहा सविधान की नही अडानी और अंबानी को बचाने में लगे हैं, साथ ही गोड्डा अडानी पावर प्लांट पर भी निशाना साधते हुए कहा, जबतक शत प्रतिशत गोड्डा वासियों को नौकरी नहीं देगी अडानी के खिलाफ आन्दोलन जारी रखने की बाते कहीं। उन्होने कहा की जिसकी खातिरदारी मे अरबो रुपए खर्च हुए लेकिन युद्ध के वक्त उनके कोई एक देश खड़ा नही हुआ। हम हमेशा से गरीबो, पिछडो, दलितों व आदिवासियों के हितो की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे है। सभा को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, फुरकान अंसारी, विधायक सुरेश बैठा समेत कई नेताओ ने संबोधित किया। केशव महतो कमलेश आदि मौजूद थे।

# दुमका डीसी ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मंगलवार को समारणालय कार्यालय में आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी ए दोड्डे ने किया। बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी इंडिकेटरों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीसी ने निर्देश दिया कि एनीमिया की जांच सभी प्रखंड में किया जाये। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि एनीमिया जांच के लिए इक्विपमेंट प्रखंड में प्रभारी द्वारा क्रय करने का आदेश दिया गया है। इसी क्रम में डीसी ने कालाजार से संबंधित मरीजों की खोज खोज अभियान करने का भी निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि पालोजोरी से सटे मसलिया प्रखंड में कहीं-कहीं पर डिप्थीरिया का कैसे पाया जाता है। यह पालोजोरी से माइग्रेशन के कारण प्रभावित हो रहा है। वहां पर रिफ्यूशल भी देखा गया है। इस संदर्भ में डीसी ने कहा कि जहां-जहां रिफ्यूशल है। वहां पर चिकित्सा पदाधिकारी को भेज कर पॉकेट को आईडेंटिफाई करके उनका काउंसलिंग करते हुए टीका के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

## पेज एक का शेष

### भारी बारिश, आंधी ...

**कहां कितनी बारिश :** घंटे भर में 29.2 मिमी वर्षा दर्ज की गयी। सबसे अधिक वर्षा 53.6 मिमी सिकटिया देवघर में दर्ज की गयी। मौसम विभाग की वुलेटिन के अनुसार रांची में 29.2 मिमी, जमशेदपुर में 04 मिमी, बोकारो में 41.6 मिमी, जामताड़ा 1.5 मिमी, लोहरदगा 3.5 मिमी व रामगढ़ 15.0 मिमी बारिश दर्ज की गयी।

**24 तक राहत नहीं :** 21 मई से लेकर 24 मई तक राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। 21 मई को राज्य के दक्षिणि भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना है। 22 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं का झोंका के साथ वज्रपात की संभावना है। इसके बाद 25 व 26 मई को राज्य के कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### शराब घोटाले में...

उत्पाद नीति बनाने में सलाह देने के लिए सरकार ने अरूणपति त्रिपाठी की फीस 1.25 करोड़ रुपये निर्धारित किया। नयी उत्पाद नीति बनाने के बाद उसे राजस्व पर्षद सदस्य के पास सहमति के लिये भेजी गयी। उस वक्त अमरेंद्र प्रसाद सिंह राजस्व पर्षद सदस्य थे। उन्होंने उत्पाद नीति पर अपनी असहमति जतायी और कई मामलों में बदलाव का सुझाव दिया। साथ ही, यह टिप्पणी भी कि जिस कंपनी को राजस्व बढ़ाने के लिये सलाहकार नियुक्त किया गया, वह अपने राज्य में शराब का राजस्व नहीं बढ़ा पा रही है। सुझाव को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुये राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति की घोषणा की। सरकार द्वारा चलायी जाने वाली खुदरा शराब दुकानों में मैनपावर सप्लाई का काम भी छत्तीसगढ़ की कंपनियों को मिला। दो वर्षों तक यहां की उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई गयी।

### योगा फॉर वन ...

इसमें 580 मिलियन लोग शामिल हैं और मुफ्त इलाज प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल किया गया है।

**इस वर्ष का थीम :** पीएम मोदी इस वर्ष की थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर प्रकाश डाला। योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को निमंत्रण दिया। उन्होंने इसे अधिक वैश्विक सहयोग के माध्यम से भविष्य की महामारियों से लड़ने की साझा प्रतिबद्धता के रूप में वर्णित किया। उन्होंने एक स्वस्थ ग्रह के निर्माण के महत्व पर जोर दिया, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पीछे न छूटे। संबोधन के समापन पर, प्रधानमंत्री ने वेदों की एक शाश्वत प्रार्थना का हवाला देते हुए इस बात का उल्लेख किया कि कैसे, हजारों साल पहले, भारत के ऋषियों ने एक ऐसी दुनिया के लिए प्रार्थना की थी जहाँ सभी स्वस्थ, खुश और रोग मुक्त हों। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दृष्टि दुनिया को एकजुट करेगी।

**एक डिजिटल प्लेटफॉर्म :** वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में मोदी ने कहा, स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक है। हमारे पास गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। लाखों लोगों के पास एक अनूठी डिजिटल हेल्थ आइडेंटिटी है। यह हमें लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को यूनिफाइड करने में मदद कर रही है। हमारी मुफ़्त टेलीमेडिसिन सेवा ने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है।

# स्कूलों के सिलेबस में होगा आकाश और ब्रह्मोस मिसाइलों की शौर्य गाथा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान की तरह अब ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को घुटने के बल लाने वाली ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों के शौर्य की कहानी भी स्कूली बच्चे पढ़ेंगे। शिक्षा मंत्रालय जल्द ही इसे सभी भारतीय भाषाओं में स्कूली बच्चों तक पहुंचाने की तैयारी में है। जिसे स्कूलों में बच्चों तक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त गतिविधियां और भारतीय भाषाओं को सिखाने के क्रम में रोचक तरीके से पहुंचाए जाएगी।

- पीएम रिसर्च फंड में भी होंगे जरूरी बदलाव
- इस पहल से बच्चों में शोध के प्रति बढ़ेगा रुझान

**शिक्षा मंत्री ने दिए संकेत :** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को एक कार्यक्रम में इसके संकेत दिए और कहा कि ब्रह्मोस और आकाश की ताकत हमारी शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। ऐसे में हमें शोध पर अधिक बल देना चाहिए। इसके लिए पीएम रिसर्च फंड में भी जरूरी बदलाव किए जा रहे है। माना जा रहा है कि इस पहल से भी बच्चों में शोध के प्रति रुझान बढ़ेगा, साथ इस पहल से राष्ट्रीय जुड़ाव बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी स्कूली स्तर से ही ऐसे बीज रोपने की सिफारिश की गई है, ताकि वह आगे चलकर शोध और इनोवेशन के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकें। बच्चों को यह विषयवस्तु अतिरिक्त स्कूली गतिविधियां के साथ बगैर बस्ते वाले दिनों (बैगलेस डे) में पढ़ाई जाएगी। मौजूदा समय में स्कूलों में साल में कम से कम 15 दिन बगैर बस्ते वाले दिन आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। हालांकि केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय इसे हफ्ते में एक दिन रख रहे है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक चंद्रयान की सफलता की कहानी को बच्चों के बीच जिस रोचक तरीके से पहुंचाया गया था, जिसमें वह बच्चों-बच्चों की जुबान पर चढ़ गया था। ठीक उसी तर्ज पर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों की सफलता की कहानी भी बच्चों की बीच पहुंचायी जाएगी। बच्चों को यह बताया जाएगा कि कैसे इन मिसाइलों ने पाकिस्तान की मिसाइलों को न सिर्फ हवा में ही मार कर ध्वस्त कर किया था बल्कि इन मिसाइलों ने पाकिस्तान के सारे सुरक्षा तंत्र को भेदते हुए उसके भीतर घुसकर उसके हवाई अड्डों और आतंकी ठिकानों को भी नष्ट किया। इन मिसाइलों का प्रहार इतना विकराल थी कि पाकिस्तान कुछ ही घंटों में घुटने के बल आ गया और शांति की गुहार लगाने लगा।




**दोनों मिसाइल की खासियत :** ब्रह्मोस मिसाइल- रफ्तार- 9878 किमी प्रति घंटा, रेंज- 400 किमी, वजन- 1290 किलोग्राम, लंबाई- 8.4 मीटर, भार ले जाने की क्षमता- 3000 किलोग्राम।आकाश मिसाइलः रफ्तार- 3087 किमी प्रति घंटा, लंबाई 5.78 मीटर, वजन- 720 किलोग्राम, रेंज- 80 किलोमीटर, भार ले जाने की क्षमता-60 किलोग्राम।

## स्पीड न्यूज

### पाक सेना प्रमुख मुनीर बने फील्ड मार्शल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार ने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सरकारी टेलीविजन चैनल पीटीवी ने बताया कि मुनीर की पदोन्नति भारत के साथ हालिया संघर्ष के दौरान उनकी सफल भूमिका को देखते हुए की गई है। कैबिनेट ने देश के फील्ड मार्शल के रूप में जनरल आसिम मुनीर को पदोन्नत करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

### इजराइल की बमबारी से गाजा में 60 मरे

**गाजा पट्टी।** इजराइली सेना की गाजा पट्टी में बमबारी से 60 लोग मारे गए। कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन ने धमकी दी है कि अगर इजराइल हमले बंद नहीं करता, तो उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई होगी। इजरायली सेना ने दक्षिणी शहर खान यूनिस में फिलिस्तीनियों को हमले से पहले भागने का आदेश दिया।

इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में छापेमारी कर 10 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है।

### बलूचिस्तान प्रांत में 12 बलूच लड़ाके मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने सबसे अशांत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में हुई मुठभेड़ों 12 बलूच लड़ाकों को मार गिराया। इस दौरान एक सिपाही और लांस नायक की भी जान चली गई लक्की मरवत जिले में पांच, बन्नू जिले में दो, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली क्षेत्र में दो और बलूचिस्तान में तीन लड़ाके मारे गए। मीर अली क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सिपाही फरहाद अली तुरी और लांस नायक साबिर की भी मौत हो गई।

### आइबी चीफ डेका को एक साल का एक्सटेंशन

**नयी दिल्ली।** सरकार ने खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया है। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारीडेका का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा था। कार्मिक , लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अखिल भारतीय सेवा नियम 1958 और नियम 16 (1ए) के प्रावधानों में छूट देते हुए डेका को 30 जून से एक वर्ष लिए सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।

### राकांपा नेता भुजबल ने ली मंत्री पद की शपथ

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को मंगलवार को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। श्री भुजबल ने राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार मौजूद थे।

### गोंडा : मुठभेड़ में इनामी बदमाश ढेर

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसपी विनीत जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरी बेगमगंज कस्बा में बदमाश सोनू उर्फ भुर्रे को घेर कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी।

### बटाला में बीकेआइ के छह गुर्गे गिरफ्तार

**बटाला ।** आईएसआई समर्थित आतंकी खिलाफ एक बड़ी सफलता करते हुए बटाला पुलिस ने विदेशी हैंडलर मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के छह गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक 30 बोर पिस्तौल बरामद किया है। आरोपियों की पहचान जतिन कुमार, बरिंदर सिंह राहुल मसीह, अब्राहम, सोहित व सुनील कुमार के तौर पर हुई है।

# अब यूक्रेन व रूस के बीच होंगी सीधी वार्ता

- तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में हो सकती है युद्ध विराम पर बातचीत
- पुतिन को काफी हद तक समझाने में सफल रहे ट्रंप
- रूस के राष्ट्रपति ने भी ट्रंप से बातचीत को सार्थक बताया



एजेंसी

**वाशिंगटन/मॉस्को/कीव।** वर्षों से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने के वैश्विक प्रयास कुछ हद तक कामयाब होते दिख रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को चली दो घंटे की टेलीफोनिक बातचीत काफी हद तक सफल रही। पुतिन को ट्रंप काफी हद तक समझाने में सफल रहे। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की बातचीत शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद तक ट्रंप के संपर्क में रहे। जेलेंस्की का कहना है कि युद्ध विराम पर अगले दौर की वार्ता तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर हो सकती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति पुतिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं। लेकिन उन्होंने व्यापक रियायतों की अपनी मांग दोहराई है। ट्रंप ने कहा कि दो घंटे तक चली कॉल बहुत अच्छी रही। अब रूस और यूक्रेन तुरंत युद्ध समाप्त करने की दिशा में बातचीत शुरू करेंगे। ट्रंप ने बताया कि पुतिन से वार्ता के बाद उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं से भी बात की है। हालांकि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दिन की शुरूआत में पुतिन की स्थिति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन के पास युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई रणनीति है। पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के लिए सोची तट पर स्थित एक संगीत विद्यालय को चुना। ट्रंप ने अपने ओवल ऑफिस से बातचीत की। पुतिन ने अपनी टिप्पणियों में स्पष्ट किया कि वह हिंसा को समाप्त करने की अपनी अधिकतम मांगों से पीछे नहीं हट रहे हैं। पुतिन ने भी ट्रंप से हुई बातचीत को सार्थक बताया। ट्रंप ने कहा कि पुतिन शांति में रुचि रखते हैं। ट्रंप ने पुतिन से बातचीत शुरू करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि उन्हें और पुतिन को संघर्ष के समाधान पर चर्चा करने के लिए जल्द ही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है।

### युद्ध विराम की शर्तें दोनों देश तय करेंगे

ट्रंप ने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है। इससे पहले ट्रंप ने रविवार शाम यूरोपीय नेताओं से मॉस्को पर युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने के तरीकों के बारे में बात की थी।

## जज बनने के लिए तीन साल वकालत जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि न्यायपालिका के सबसे निचले स्तर पर जज बनने के लिए होने के लिए न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए वकील के तौर पर न्यूनतम 3 साल की वकालत यानी व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य है।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एलएलबी उत्तीर्ण करने के बाद सीधे न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है क्योंकि एक न्यायिक अधिकारी के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं होता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और के. विनोद चंद्रन की पीठ जिला न्यायपालिका में नियुक्त होने वाले न्यायाधीशों के लिए अदालतों के कामकाज के अनुभव के महत्व को रेखांकित करते हुए यह फैसला दिया है। पीठ ने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) पदों के लिए आवेदन करने के लिए 3 साल की न्यूनतम वकालत की अनिवार्यता को बहाल करते हुए अदालत के कामकाज के बारे में अनुभव के बगैर न्यायिक अधिकारियों के रूप में नए कानून स्नातकों की नियुक्ति पर चिंता व्यक्त की।

# परमाणु वैज्ञानिक डॉ श्रीनिवासन का निधन

- 1987 में परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव बने थे



**चेन्नई।** परमाणु वैज्ञानिक और परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का मंगलवार को तमिलनाडु के उधगमंडलम में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। देश के सिविल न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के प्रमुख वास्तुकार डॉ. श्रीनिवासन ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में करियर सितंबर 1955 से शुरू किया और पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी सेवा दी थी। उन्होंने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर देश के पहले परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा के निर्माण में काम किया, जो अगस्त 1956 में शुरू हुआ था। वष्र 1959 में उन्हें देश के पहले परमाणु ऊर्जा स्टेशन के लिए प्रधान परियोजना इंजीनियर नियुक्त किया गया। वर्ष 1974 में वे डीएई के पावर प्रोजेक्ट्स इंजीनियरिंग डिवीजन के निदेशक बने और एक दशक बाद न्यूक्लियर पावर बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला। वर्ष 1987 में डॉ श्रीनिवासन को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया। उसी साल वे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष भी बने। उनके कार्यकाल में उल्लेखनीय विस्तार हुआ और उनके मार्गदर्शन में 18 परमाणु ऊर्जा इकाइयां विकसित की गईं, जिनमें सात चालू हो गई थीं और सात निमार्णाधीन थीं। इसके अलावा, चार योजना चरण में थीं। परमाणु विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए डॉ. श्रीनिवासन को देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी शारदा श्रीनिवासन ने कहा कि दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी प्रतिभा और राष्ट्र के प्रति अथक सेवा की उनकी विरासत भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ. श्रीनिवासन की मृत्यु भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी इतिहास में एक युग का अंत है। वे अपने पीछे एक ऐसी स्थायी विरासत छोड़ गए हैं, जिसने देश की प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद की।

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका जल्द ही एक अंतरिम व्यापार समझौता कर सकते हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी इस बात का संकेत दिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सार्थक बातचीत रही।

गोयल पिछले चार दिनों से अमेरिका में हैं। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार के बीच समझौते पर बातचीत चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों ही देश द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण के पूरा होने से पहले व्यापार समझौते की एक अंतरिम व्यवस्था बनाना चाहते हैं। ताकि अमेरिका की शुल्क नीति की वजह से आपसी व्यापार में जो अवरोध की आशंका पैदा हो गई है, उसे दूर की जा सके।

**शुल्क को लेकर अंतरिम व्यवस्था :** अमेरिका ने अप्रैल में भारत पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगा दिया था जिसे अगले 90 दिनों के लिए टाल दिया गया। इस 90 दिनों की अवधि जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में समाप्त हो रही है और दोनों देश उससे पहले शुल्क को लेकर एक अंतरिम व्यवस्था बनाना चाहते हैं। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े जिससे भारत में मैन्यूफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनाल, कई औद्योगिक आइटम व कुछ खाद्य आइटम के शुल्क में छूट चाहता है। इसके साथ अमेरिका भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। भारत पिछले दो सालों से कई आइटम पर भारतीय मानक ब्यूरो के तहत गुणवत्ता नियंत्रण नियम लागू कर रहा है। जिन वस्तुओं पर यह नियम लागू हो गया है उनके आयात भी बिना बीआईएस सर्टिफिकेट के नहीं हो पाएंगे।

**दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत सार्थक : गोयल**

## मुकेश व नीता अंबानी दानदाताओं की शीर्ष 100 सूची में शामिल

टाइम मैगजीन



**नयी दिल्ली।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी को टाइम मैगजीन की पहली परोपकार सूची में शामिल किया गया है।

2025 के सबसे प्रभावशाली परोपकारियों की इस लिस्ट में उन्हें उनके चैरिटेबल कामों के जरिये लाखों लोगों को सशक्त बनाने के लिए चुना गया है। 2024 में इस अरबपति दंपति ने 407 करोड़ (लगभग $48 मिलियन) का दान किया। इस वजह से वे भारत के सबसे बड़े दानदाताओं में से एक हैं।

मैगजीन ने बताया कि अंबानी परिवार ने छात्रवृत्ति, स्कूल के बुनियादी ढांचे, करियर कौशल को मजबूत करने, ग्रामीण कृषि समुदायों की मदद, जल संरक्षण, चिकित्सा सहायता जैसे कई कामों के लिए फंड दिया है।

उनके पास लगभग $110 अरब की संपत्ति है। नीता अंबानी मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम की मालकिन भी हैं। उन्हें खिलाड़ियों को विकसित करने में उनके योगदान के लिए भी पहचाना गया है।

# पाकिस्तान एक विकृति मरना उसकी नियति है

- चाहे भारत के हाथों या अपने ही पाले-पोसे गये आतंकियों के कृत्यों से मारा जाए : योगी



एजेंसी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कहा कि पाकिस्तान एक विकृति है और मरना उसकी नियति है। चाहे वह भारत के हाथों मारा जाए या फिर अपने ही द्वारा पाले-पोसे गये आतंकवादियों के कृत्यों से मारा जाए। मुख्यमंत्री ने केएनएस मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान का जिक्र किया। योगी ने कहा एक विचारक ने ठीक ही कहा है कि बीज का वृक्ष बन जाना एक संस्कृति है और बीज का सड़ गल करके समाप्त हो जाना विकृति है। भारत उस संस्कृति का प्रतीक है जो सदैव मानवता के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में एक आशा की किरण होगा और यह विकृति पाकिस्तान है जिसकी नियति मरना है, जिसकी नियति सड़ना है। चाहे वह भारत के हाथों मरे, चाहे अपने ही द्वारा पल्लवित पोषित आतंकवादियों के कृत्यों से मरे। यह तय है। नियति ने जो लिखा होगा, वह अवश्य होगा। ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान का, भारत की मातृ शक्ति के सिंदूर की गरिमा का और भावी पीढ़ी की सुरक्षा की गारंटी का प्रतीक रहा है। भले ही पाकिस्तान और उसके समर्थक क्या कर रहे थे। भारत ने अपनी आन, बान, शान की रक्षा करने के लिए वह किया जो प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जी ने देशवासियों को आश्वस्त किया था।

### सेना ने पाक को घुटनों पर ला दिया : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की जनता ने भारतीय सेनाओं का पराक्रम देखा। जवाबी करवाई में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के मिलिट्री ठिकानों पर ही प्रहार किया जाये और उनकी सिविल पॉपुलेशन को इससे दूर रखा जाये। मगर जैसा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह जल्दी मानता नहीं है। उसने भारत की जमीन पर हमले करने के प्रयास करने प्रारम्भ किए, आम नागरिकों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया।उसके जवाब में भारतीय सेनाओं ने जो कारवाई की, उसने पाकिस्तान की फौज को घुटनों पर ला दिया। रक्षा मंत्री मंगलवार को गोमती नगर में डॉक्टर केएनएस अस्पताल के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले एवं ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे।

भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, असदुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आजाद हैं। पूर्व विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला भी इस समूह में जाएंगे।

भाजपा के डॉ रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दूसरा समूह 25 मई को फ्रांस, 27 मई को इटली, 29 मई को डेनमार्क, एक जून को ब्रिटेन और पांच जून को जर्मनी जाएगा।

# लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 873 और निफ्टी 262 अंक लुढ़का




एजेंसी

**मुंबई।** कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया।

इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। इटरनल 4.10, मारुति 2.76, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, अल्ट्रासिम्को 2.04, पावरग्रिड 2.01, नेस्ले इंडिया 1.92, बजाज फाइनेंस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.77, बजाज फिनसर्व 1.62, एशियन पेंट 1.44, टाटा मोटर्स 1.43, टेक महिंद्रा 1.36, एचडीएफसी बैंक 1.26 और एसबीआई 1.20 प्रतिशत गिर गए।

### निवेशकों को 5.35 लाख करोड़ की चपत

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 438.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 5.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## कियारा आडवाणी ने वॉर 2 में नये अवतार की धमाकेदार एंट्री



**मुंबई।** बॉलवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म वॉर 2 में नए अवतार के साथ यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) स्पाई यूनिवर्स में धमाकेदार एंट्री की है। कियारा ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में अपनी पहली फिल्म वॉर 2 के जरिए शानदार एंट्री की है। हर किरदार के साथ खुद को नए अंदाज में पेश करने वाली कियारा इस बार एक नई, बोल्ड और ताजा ऊर्जा लेकर आई हैं, जो उनके फिल्मी करियर की अब तक की सबसे अलग छवि दिखाती है।

